राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्ष: 27 अंक 235
शनिवार 20 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 41°C
न्यूनतम 31°C

मूल्य 5 रुपए
पृष्ठ-18
उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

# एसआईटी करेगी दूध का दूध, पानी का पानी: योगी

## राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर मुख्यमंत्री का विपक्ष पर हमला, जांच पूरी होने तक संयम बरतने की अपील

**अयोध्या, 19 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा विवाद पर बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट कहा कि मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) पूरी निष्पक्षता से दूध का दूध और पानी का पानी करेगी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए, क्योंकि इससे रामभक्तों की भावनाएं आहत होती हैं और जांच भी प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि कोई दोषी पाया गया तो वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून की पकड़ से नहीं बचेगा।

रुदौली विधानसभा क्षेत्र में 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या और रामजन्मभूमि मंदिर को बदनाम करने की सुनियोजित कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि समाचारों के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित की गई है। जिनके पास कोई दस्तावेजी प्रमाण है, वे उसे सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय जांच दल को उपलब्ध कराएं।

### सम्बोधन
- राम भक्तों की भावनाएं आहत करने वाली बयानबाजी से बचने की नसीहत
- कहा-दस्तावेजी साक्ष्य हों तो एसआईटी को दें, दोषी नहीं बचेगा
- सपा-कांग्रेस पर निशाना, अयोध्या को बदनाम करने की साजिश का आरोप



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने मयार्दा का संदेश दिया है और रामभक्तों को उसी मर्यादा का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने 500 वर्षों तक संयम और संघर्ष के साथ राम मंदिर आंदोलन को आगे बढ़ाया, इसलिए कुछ दिन और धैर्य रखना कठिन नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे, राम मंदिर निर्माण में बाधाएं खड़ी करते रहे और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों का समर्थन करते रहे, उन्हें आज रामभक्तों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अयोध्या के भव्य विकास और बढ़ते सम्मान को पचा नहीं पा रहा है तथा दुष्प्रचार के जरिए उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं रामलला के दर्शन ■ शेष पेज 17 पर

### मुख्यमंत्री ने किया वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित मां कामाख्या धाम में वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय ■ शेष पेज 17 पर

## ईरान वार्ता से पहले बदला प्लान, वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा टला

**वाशिंगटन, 19 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित तकनीकी वार्ता से पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि वार्ता की तैयारियां जारी हैं और दोनों पक्ष हाल ही में हुए ज्ञापन समझौते को लागू करने की दिशा में अगले चरण की बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात बताया कि फिलहाल उपराष्ट्रपति वेंस स्विट्जरलैंड के लिए रवाना नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तकनीकी वार्ता की तारीख अभी अंतिम रूप नहीं ले सकी है और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल होंगी, बातचीत के लिए तैयार रहेगा। नए प्रस्थान कार्यक्रम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।यह देरी ऐसे समय हुई है जब वाशिंगटन और तेहरान समझौते को लागू करने, उसके सत्यापन और अनुपालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले गुरुवार को वेंस ने संकेत दिया था कि वार्ता सप्ताहांत तक स्विट्जरलैंड में शुरू हो सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी माना था कि पूरे कार्यक्रम का समन्वय चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। वेंस ने कहा कि उनकी यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल कब वहां पहुंच पाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बातचीत शुरू होने पर वह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।



- तकनीकी वार्ता जल्द शुरू करने पर कायम अमेरिका, नई तारीख का अब इंतजार

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला तस्करी मामले में पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल गिरफ्तार

**कोलकाता, 19 जून।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित करोड़ों रुपए के कोयला तस्करी मामले में संलिप्तता के आरोप में पुलिस अधिकारी मनोरंजन मंडल को गिरफ्तार किया है।इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी लंबे समय से उन पर नजर बनाए हुए थी। सूत्रों के अनुसार, कोयला तस्करी मामले में पूछताछ के लिए मंडल कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में स्थित ईडी के साल्ट लेक ऑफिस पहुंचे थे। लंबी पूछताछ के बाद गुरुवार देर रात ईडी अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को हुई पूरी पूछताछ के दौरान मंडल लगातार अपने ही बयानों को बदलते रहे और अधिकारियों के कुछ सवालों का जवाब देने से भी इनकार कर दिया।

### पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े दो संदिग्ध गिरफ्तार

**बुलंदशहर/लखनऊ, 19 जून।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल दो संदिग्धों को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया हैं। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी एवं आबिद जट्ट के आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश एटीएस ने बुलन्दशहर से इस नेटवर्क से जुड़े दो अन्य अभियुक्तों बुलंदशहर के ग्राम अकबरपुर निवासी मोहम्मद उमर और फैजान को गिरफ्तार किया। खुलासा हुआ है कि ये दोनों सीधे तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद भट्टी और हैंडलर्स आबिद जट के संपर्क में थे।

### तीन महीने बाद हॉर्मुज पार, भारत पहुंचा एलएनजी टैंकर 'दिशा'

**भरूच, 19 जून।** करीब तीन महीने के लंबे इंतजार के बाद एलएनजी टैंकर 'दिशा' सुरक्षित रूप से हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर गुजरात के दहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया। शुक्रवार सुबह करीब 7:32 बजे टैंकर ने दहेज बंदरगाह पर लंगर डाला। जहाज कतर के रास लाफान एलएनजी टर्मिनल से 62,370 मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर भारत के लिए रवाना हुआ था, लेकिन मध्य-पूर्व में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव और हॉर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण इसकी यात्रा में लंबी देरी हुई।

### हापुड़ में 50 हजार का इनामी ढेर, सिपाही घायल

**हापुड़, 19 जून।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की नगर और देहात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश को ढेर कर दिया। इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षी घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात को बुलन्दशहर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया। बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे।

## 56 के हुए राहुल, कांग्रेस मुख्यालय में मना जश्न, मिली शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री मोदी, खरगे समेत विपक्षी नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली, 19 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपना 56वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटा। सुबह से ही कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा।



राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए, जिनमें उन्हें संविधान की प्रति हाथ में लिए दिखाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं, सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कई बच्चों ने भी राहुल गांधी को चित्र और शुभकामना संदेश भेंट किए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

# यूएन में भारत की हुंकार, पाकिस्तान के झूठ पर करारा प्रहार

**जिनेवा, 19 जून।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान और इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से जम्मू-कश्मीर को लेकर लगाए गए आरोपों का सख्त जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह बेबुनियाद, दुर्भावनापूर्ण और तथ्यों से परे बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ओआईसी की टिप्पणी को भी अस्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान लगातार झूठा प्रचार कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने की कोशिश करता रहा है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार वास्तव में पाकिस्तान की घरेलू विफलताओं और आतंकवाद को दिए जा रहे उसके समर्थन से दुनिया का ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ओआईसी के मंच का भी अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए दुरुपयोग कर रहा है। भारत ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर पर उसकी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट और अपरिवर्तित है। अनुपमा सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई विवाद नहीं है। असली अनसुलझा विषय पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली कराना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय अपने कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति और वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर जवाब देना चाहिए।



### दो टूक
- जम्मू कश्मीर पर दो टूक संदेश, अवैध कब्जा खाली करने की दोहराई मांग

भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का दुष्प्रचार पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी दमन और वहां के लोगों के अधिकारों के हनन की सच्चाई को छिपा नहीं सकता। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि वह अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े किसी भी मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा तथा झूठे आरोपों का हर मंच पर तथ्यों के साथ जवाब देता रहेगा।

## नीट री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम पर बैन बरकरार, हाईकोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली, 19 जून।** नीट री-एग्जाम से पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को सही ठहराते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। शुक्रवार को जस्टिस तेजस करिया की एकल पीठ ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत सरकार को आवश्यक परिस्थितियों में किसी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अस्थायी रोक लगाने का अधिकार है।

हाईकोर्ट ने सरकार की कार्रवाई को वैध बताते हुए टेलीग्राम की याचिका खारिज कर दी। इससे नीट री-एग्जाम से पहले सरकार के एहतियाती कदमों को न्यायिक समर्थन मिल गया।

# तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा: शाह

**नई दिल्ली, 19 जून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी और आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की समयबद्ध सुरक्षा मिल सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, संपत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होने के बाद भी वर्षों तक अपराधी को सजा नहीं मिलती, तो ऐसी व्यवस्था न्याय के उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 से आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक सुधारों का अभियान चलाया जा रहा है।

### सम्मेलन



- तीन वर्षों में न्याय, वैज्ञानिक जांच और नागरिक अधिकार सुरक्षा पर सरकार का जोर

इसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप बनाना, वैज्ञानिक जांच को अनिवार्य करना तथा एफआईआर दर्ज होने से लेकर दोषसिद्धि तक की प्रक्रिया तीन वर्ष के भीतर पूरी करना है। गृहमंत्री ने कहा कि पहले थानों की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित थी, लेकिन अब उन्हें नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और प्रभावी ■ शेष पेज 17 पर

## रक्षा उत्पादन और निर्यात लक्ष्य समय से पहले हासिल होंगे: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 19 जून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन तथा 50 हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण रक्षा विनिर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और देश अब आयात पर निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी उत्पादन को प्राथमिकता दे रहा है। राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर स्थित यंत्र इंडिया लिमिटेड की आयुध निमार्णी अंबाझरी इकाई में 10,000 टन क्षमता वाले अत्याधुनिक एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आयुध निमार्णी बोर्ड के निगमीकरण के बाद उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2019-20 में जहां उत्पादन 12,755 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 26,282 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।



**लखनऊ :** वर्चुअल माध्यम से देश के अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों, मुख्य सचिवों के साथ बैठक करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, विधानसभा स्थित सभागार में बैठक में शामिल हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। -छाया तरुणमित्र

### तेज प्रताप यादव के खिलाफ धमकी मामले में एफआईआर दर्ज

**पटना, 19 जून।** बिहार की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। कोर्ट के आदेश पर जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव के खिलाफ पाटलिपुत्र थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में जान से मारने की धमकी, जबरन घर में घुसने की कोशिश और परिवार को डराने-धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। एएसपी (कानून-व्यवस्था) दिव्यांजलि जायसवाल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी है, जिसे अहम साक्ष्य के तौर पर जांचा जा रहा है। शिकायत के अनुसार, धमकी भरे फोन अमेरिका के एक नंबर से किए गए थे। पुलिस सभी आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच में जुटी है।

बहुमत के बावजूद कांग्रेस हारी, सहयोगियों पर भरोसे का संकट गहराया

# पांच वोटों की सेंध ने पलटा झारखंड का पूरा सियासी खेल

हेमंत

**रांची, 19 जून।** झारखंड के राज्यसभा चुनाव का परिणाम सिर्फ दो सांसदों के निर्वाचन तक सीमित नहीं रहा। इसने सत्ता में बैठे इंडिया गठबंधन की राजनीतिक मजबूती, सहयोगी दलों के बीच विश्वास और संगठनात्मक अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विधानसभा में स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार की हार ने यह संदेश दिया है कि संख्या बल तभी तक प्रभावी होता है, जब तक सहयोगियों के बीच राजनीतिक भरोसा कायम रहे। चुनाव नतीजों ने सत्ता पक्ष के उस आत्मविश्वास को भी झटका दिया है, जिसके आधार पर दोनों सीटों पर जीत लगभग तय मानी जा रही थी। 81 सदस्यीय विधानसभा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए मुकाबला था। जीत के लिए 28 वोट जरूरी थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और वाम दलों को मिलाकर इंडिया गठबंधन के पास 56 विधायकों का समर्थन था।

### हलचल
- क्रॉस वोटिंग ने सत्ता गठबंधन की एकजुटता पर बड़े सवाल खड़े किए
- नाथवानी की जीत से सत्ता पक्ष की सियासत में बढ़ी हलचल

यही वजह थी कि जेएमएम और कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत को महज औपचारिकता माना जा रहा था। दूसरी ओर भाजपा नीत एनडीए के पास केवल 25 विधायक थे। ऐसे में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की राह बेहद कठिन मानी जा रही थी। लेकिन मतगणना ने पूरे राजनीतिक गणित को उलट दिया। जेएमएम उम्मीदवार बैजनाथ राम को 30 वोट मिले और उनकी जीत सहज रही। वहीं परिमल नाथवानी को भी 30 मत प्राप्त हुए।

हालांकि दो मत अमान्य घोषित होने के बाद उनके खाते में 28 वैध वोट बचे और वह जीत दर्ज करने में सफल रहे।

सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को लगा। उसके उम्मीदवार प्रणव झा को 21 वोट मिले, जिनमें एक मत रद्द होने के बाद उनके हिस्से सिर्फ 20 वैध वोट आए। यहीं से यह चुनाव राजनीतिक रहस्य और चर्चाओं का विषय बन गया। सबसे बड़ा सवाल यही है कि 56 विधायकों वाला गठबंधन अपने दूसरे उम्मीदवार को 28 वोट भी क्यों नहीं दिला सका। उपलब्ध आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि गठबंधन के कम से कम पांच से छह वोट निर्धारित रणनीति से अलग चले गए। ■ शेष पेज 17 पर

## समुद्री शक्ति को मिलेगी नई धार, तीन स्वदेशी युद्धपोत होंगे नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली, 19 जून।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत 21 जून को और मजबूत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में आयोजित समारोह में तीन स्वदेशी युद्धपोतों को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। इनमें गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रेह और सर्वे वेसेल (लार्ज) संशोधक शामिल हैं।

इन युद्धपोतों के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक क्षमता और समुद्री निगरानी को नई मजबूती मिलेगी।

दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार पांचवां स्टेल्थ फ्रिगेट है। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, बराक-8 एयर डिफेंस सिस्टम, आधुनिक रडार, सोनार, टॉरपीडो और कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम लगाए गए हैं। लगभग 6,700 टन वजनी यह युद्धपोत 30 नॉट की रफ्तार से चल सकता है तथा इसके करीब 75 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी हैं।अग्रेह को तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए विकसित किया गया है। यह हल-माउंटेड और वैरिएबल डेप्थ सोनार, एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो तथा 30 मिमी नेवल गन से लैस है।

इसकी अधिकतम गति 25 नॉट है और यह लंबी दूरी तक गश्त करने में सक्षम है। वहीं, संशोधक भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक सर्वे वेसेल है, जिसका उपयोग समुद्र तल की मैपिंग, हाइड्रोग्राफिक सर्वे और सुरक्षित समुद्री मार्गों के लिए चार्ट तैयार करने में किया जाएगा।

# सरकार किसानों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने को प्रतिबद्धः सचान

## विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब किसान सशक्त एवं समृद्ध होंगे

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र रतापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी के तृतीय दिवस पर कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जनपद/ मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उ०प्र० राकेश सचान ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रखर मिश्र उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी दौरान तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा तीन गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया गया।




इसके उपरांत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा पीएम स्वनिधि के 05 लाभार्थी, पीएम किसान सम्मान निधि के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही 10 किसानों को मिनीकिट (उर्द, मूंग, बाजरा), 10 किसानों को प्राकृतिक खेती की किट, सोलर पम्प के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, फार्मर मशीनरी योजनान्तर्गत 02 किसानों को चाभी वितरित की गई।

प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनियों का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व विकास, डिजिटल क्रांति और जन कल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के अपने 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किये है। कार्यक्रमों में एक भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जो पिछले 12 वर्षों में कृषि, विज्ञान, डिजिटल तकनीकी, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश की प्रगति को दशार्ती है। इसके साथ ही जनसामान्य को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य मेले, कौशल विकास शिविर और जन कल्याणकारी स्टॉल लगाये गये है। जन कल्याण शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं को लाभ प्रदान किया जा रहा है। महिलाओं और युवाओं से संवाद कर उन्हें रोजगार सृजन और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह न केवल लागत को कम करती है, बल्कि भूमि की उर्वरता को भी बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से जहां एक ओर मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्राकृतिक खेती एक स्थायी एवं सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर रही है। मंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें तथा अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे किसान सशक्त एवं समृद्ध होंगे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कृषि विशेषज्ञों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये तथा प्राकृतिक खेती की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन एस०एस० पांडेय द्वारा किया गया तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० नवीन चन्द्रा, क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार, उपायुक्त (श्रम रोजगार) प्रमोद सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० कुलदीप द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, परियोजना निदेशक डूडा शशी कुमार मेहरोत्रा, सिटी मिशन मैनेजर नेहा श्रीवास्तव, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, जिला अध्यक्ष अपना दल एस सतेन्द्र पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा कमलेश चौधरी, शीवेन्द्र सिंह, शरद सिंह, जन्मेजय सिंह सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

### अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें गठित

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि मुहर्रम के त्यौहार को सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 20 जून से 26 जून 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।

# सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर लाखों की लूट, पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार बदमाशों ने एक सरार्फा व्यापारी को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग लूट लिया। वारदात के दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार सरार्फा व्यवसायी रमन सोनी गुरुवार देर रात अपने साथ जेवरात और नकदी लेकर घर जा रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोककर बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। बैग में करीब चार से पांच किलो चांदी, ढाई सौ ग्राम सोना तथा नकदी होने की बात बताई जा रही है। लूटे गए माल की कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित व्यापारी से जानकारी ली। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है।

# आईजीआरएस प्रकरणों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए गए निर्देश

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रेड्रेसल सिस्टम) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी समस्याओं को सीधे शासन तक पहुंचाते हैं। अतः सभी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से असंतुष्ट फिडबैक प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारण के उपरांत फीडबैक अवश्य लिया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में जांच अपेक्षित है, उनमें मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर आख्या प्रस्तुत की जाए। साथ ही, सभी अधिकारी नियमित रूप से आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन करें और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा,उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० कुलदीप द्विवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्र रहमान, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क पर हुए विवाद में मारपीट

**सलोन, रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। कस्बे में गुरुवार को सड़क पर हुए विवाद के बाद पिता-पुत्र से मारपीट का मामला सामने आया है। गौरी शंकर मिश्रा निवासी पूरे गजई मजरे मटका ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि डीजल लेने जाते समय सम्राट ट्रेडर्स के पास उनकी बाइक में पीछे से आए बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी, जिसके बाद गाली-गलौज और मारपीट की गई। घटना में पिता-पुत्र को चोटें आई हैं।पीड़ित ने मारपीट के दौरान सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर हसीब, रसीद और साहिल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच में लूटपाट की पुष्टि नहीं हुई है।

### बकरी चराने को लेकर हुआ विवाद, मारपीट

**सलोन, रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। कस्बा क्षेत्र में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में एक दंपती के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के दो मजार परशदेपुर रोड निवासी राजू पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र आरजू घर के पास बकरी चरा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मिल्कियाना पश्चिमी निवासी शनी पुत्र शकील अहमद वहां पहुंचा और बच्चे को गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर शनी अपने अपने भाइयों अकील, अमन और नाजिम के साथ लाठी, डंडा और लोहे की रॉड लेकर मौके पर पहुंच गया तथा उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# शिक्षार्थियों को दी गई कौशल विकास की प्रेरणा

**लालगंज, रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। मोदी सरकार के 12 वर्षों के स्वर्णिम काल के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा संचालित पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षण केंद्र पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और केंद्र के शिक्षार्थियों को संबोधित किया।

सुशील शुक्ला ने अपने उद्बोधन में मोदी सरकार की पिछले 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं से देश के युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। उन्होंने शिक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे कौशल को अपनी ताकत बनाएं, क्योंकि कौशल ही 21वीं सदी की कुंजी है।

# लाखों के जेवरात व नकदी बरामद, 3 गिरफ्तार

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। थाना डीह पुलिस ने घर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए लगभग 6 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए आभूषण एवं नकदी बरामद कर ली है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार वादी द्वारा घर से आभूषण एवं नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में थाना डीह पर मुकदमा संख्या 100/2026 धारा 305/331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने जांच शुरू की। 18 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना डीह पुलिस ने ग्राम दक्षिणी गोसाईं मजरे पोढ़ई के पास से वांछित अभियुक्त अरविंद गिरि, निवासी दक्षिणी गोसाईं मजरे पोढ़ई थाना



डीह, शक्ति यादव, निवासी हिमाचल का पुरवा थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी तथा पूनम गिरि को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया।

**पूछताछ में हुआ चौंकाने वाला खुलासा-**

पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता पूनम गिरि ने बताया कि उसके पड़ोसी अरविंद गिरि से घनिष्ठ संबंध थे। उसने विश्वास में अपने कुछ आभूषण अरविंद को दिए थे, जिन्हें उसने वापस नहीं किया। आभूषण मांगने पर अरविंद ने वादी के घर चोरी कर उसकी भरपाई करने की योजना बनाई। योजना के तहत 13 जून 2026 की रात पूनम ने अरविंद गिरि और उसके साथी शक्ति यादव को घर बुलाया। तीनों ने मिलकर बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली। बाद में पूनम ने स्वयं ही घर में चोरी होने की बात फैलाकर शक से बचने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई सोने व चांदी के सामान व नकदी बरामद किया है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होनी चाहिए तथा प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में विशेष रूप से जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के अंतर्गत नियमित रूप से वाटर टेस्टिंग कराई जाए, ताकि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां जल की गुणवत्ता को लेकर संदेह या आवश्यकता हो, वहां प्राथमिकता के आधार पर तत्काल वाटर टेस्टिंग कराई जाए और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

## कृषि मंत्री ने किसानों को किया जागरूक

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।






कार्यशाला में राज्य मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राकृतिक खेती से संबंधित नवाचारों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है, क्योंकि इससे उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है तथा किसानों की लागत भी कम होती है। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है और उत्पादों के विपणन की भी व्यवस्था कर रही है। कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। साथ ही 10 किसानों को प्राकृतिक खेती किट वितरित की गई तथा एफपीओ के ट्रैक्टर की सांकेतिक चाबी प्रदान की गई।

उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक उत्पादों के उपयोग, देसी बीज संरक्षण तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने और इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने के संकल्प के साथ हुआ।

### अबु बकर और अहसान बने जीत के नायक

**प्रयागराज, 19 जून (तरुणमित्र)**। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज में ब्लू इलेवन को तीन विकेट से हराकर शुआट्स टैलेंट हंट अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नैनी मैदान पर शुक्रवार को खेले हुए मैच में ब्लू इलेवन ने 24.4 ओवर में 125 रन (शिखर 30, मनु यादव 18, दिव्यराज ठाकुर 14, मोहम्मद अहसान अहमद 4-19, आरुष पाल 2-06, नेहान, हमदान व मोहम्मद फारिक अली एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 129 रन (अबु बकर 67, शिवांश गुप्ता 20 नाबाद, मोहम्मद हमजा खान 18, असद 3-26, मनु यादव 2-30, शिखर व अंश यादव एक-एक विकेट) बना लिए। आरुष पाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# उत्साह के साथ मनाया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन

### स्वास्थ्य शिविर व भंडारे का किया आयोजन

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन जनपद भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

जन्मदिन के अवसर पर सीमहैंस हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और




उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। तिलक भवन में भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं कुष्ठसेवा आश्रम में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी व डॉ मनीष सिंह चौहान ने सीमहैंस हॉस्पिटल में केक काटकर राहुल गांधी के जन्मदिन की खुशियां मनाईं और कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनहित के मुद्दों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। सीमहैंस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष चौहान ने कहा कि ₹राहुल गांधी हमेशा आम जनता, गरीबों, किसानों और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं।₹ इस अवसर पर उपस्थित लोगों को केक वितरित किया गया तथा जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एसपी ने परेड की सलामी लेकर परखीं कानून-व्यवस्था की तैयारियां

**कौशाम्बी, 19 जून (तरुणमित्र)**। जिले में आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन कौशाम्बी के परेड ग्राउंड में हाई-इंटेंसिटी बलवा ड्रिल का व्यापक अभ्यास कराया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने शुक्रवार की परेड की सलामी ग्रहण कर पुलिस बल की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा पूरे अभ्यास का बारीकी से पर्यवेक्षण किया।बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित कर विधि-विरुद्ध भीड़ एवं उपद्रवियों से निपटने की विभिन्न रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास में टियर गैस गन, एंटी राइट गन, चिली बम, रबर बुलेट तथा अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बल प्रयोग से संबंधित विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए आवश्यक न्यूनतम बल के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान चरणबद्ध तरीके से भीड़ नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। सबसे पहले एलआईयू टीम द्वारा अभिसूचना संकलन, फिर नागरिक पुलिस द्वारा भीड़ को समझाने-बुझाने और चेतावनी देने की कार्यवाही दिखाई गई। इसके बाद अग्निशमन दल द्वारा पानी का छिड़काव, टियर गैस स्क्वाड द्वारा अश्रु गैस का प्रयोग तथा लाठी पार्टी द्वारा न्यूनतम बल का उपयोग कर भीड़ को तितर-बितर करने की कार्यवाही का अभ्यास किया गया। अभ्यास में यह भी दशार्या गया कि यदि उपद्रवी तत्व हिंसक गतिविधियां जारी रखते हैं और पुलिस पर हमला करते हैं, तो आत्मरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फायर पार्टी द्वारा अग्नेयास्त्रों के प्रयोग की आवश्यकता पड़ सकती है। इस संबंध में भी पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ड्रिल के दौरान किसी भी आपात स्थिति में घायलों के उपचार के लिए प्राथमिक चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की भूमिका का भी प्रदर्शन किया गया। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के बाद रिजर्व पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर पिकेट लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का अभ्यास भी कराया गया।

# एनटीपीसी उँचाहार में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**रायबरेली, 19 जून (तरुणमित्र)**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के उपलक्ष्य में एनटीपीसी ऊंचाहार में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा बच्चों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक श्री बी. एम. सिंह ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संपूर्ण मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर तथा नियमित अभ्यास के माध्यम से वे स्वयं भी लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक श्री बी. एम. सिंह, महाप्रबंधक श्री अशुतोष विश्वास, श्री डी. के. साहू तथा श्री एस. यू. हरिदास, पीडिएलसी की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती रंजीथा हरिदास, यूनियन असोसिएसन के



प्रतिनिधियों आदि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं समवेत एनटीपीसी गीत गायन द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में संकल्प शक्ति योग साधना दर्शन केंद्र, कपूरथला (चंडीगढ़) से पधारे स्वामी हर्षलानंद नीलजी महाराज ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाता है।

उन्होंने जानकारी दी कि आगामी तीन दिनों तक चलने वाले इस शिविर में ध्यान (मेडिटेशन), एक्यूप्रेशर, रेकी तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक विधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं एवं दर्द से राहत के उपायों की भी जानकारी दी जाएगी। उपस्थित सभी कर्मचारियों, परिजनों एवं बच्चों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा योग को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था—₹यह तो अभी शुरूआत है, आगे मंज़िल है।₹ योग को जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वस्थ, सशक्त और सकारात्मक समाज का निर्माण किया जा सकता है।

# केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी

# उत्तर प्रदेश





केंद्र सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा का सबसे सशक्त उत्तर प्रदेश है, कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कागजों में सीमित नहीं रहा, बल्कि धरातल पर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने समाज के वंचित, गरीब और हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। चाहे गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो, हर परिवार को पक्का आवास देना हो, घर-घर नल से जल पहुंचाना हो, शौचालय निर्माण के जरिए गरिमा और स्वच्छता सुनिश्चित करनी हो या फिर बैंकिंग सुविधाओं से अंतिम व्यक्ति को जोड़ना हो, यूपी ने हर क्षेत्र में देश के लिए मिसाल कायम की है।

प्रगति पथ@12 वर्ष

**विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के**

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना




देश भर में

**81.35 करोड़ +**

लोगों को हर माह नि:शुल्क राशन वितरित

उत्तर प्रदेश में

**3.63 करोड़ +**

राशनकार्ड धारक लाभार्थी परिवार

लगभग 15 करोड़ लाभार्थियों को नि:शुल्क राशन वितरण का सीधा लाभ

यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजना है, जिसमें 80 करोड़ से अधिक जरूरतमंद नागरिकों (अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता प्राप्त परिवार) को प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज (चावल/गेहूं) दिया जाता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना



देश भर में

**5.37 करोड़**

से अधिक आवास आवंटित

उत्तर प्रदेश में

**62 लाख +**

परिवारों का आवास आवंटित

62 लाख से अधिक आवासों में अधिकांश महिलाओं के नाम पर

हर परिवार को अपना खुद का घर उपलब्ध कराने के लिए यह योजना चल रही है। आवास योजना का लाभ बेघर लोगों के साथ ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लाभार्थियों को मिल रहा है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना



देश भर में

**11 करोड़ +** किसान लाभान्वित

चिह्नित किसानों को प्रति वर्ष 3 किस्तों में 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता

उत्तर प्रदेश में

**3.12 करोड़**

से अधिक किसान लाभान्वित

योजना में अब 99 हजार करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित

किसानों को योजना के तहत खाद, बीज व अन्य कृषि कार्यों के लिए सालाना 6 हजार रुपये उनके खातों में भेजी जाती है। इस राशि को 2 हजार की तीन किस्तों में 4 महिनों के अंतराल पर दी जाती है।

## प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना



देश भर में

**45 करोड़ +** लाभान्वित,

चिह्नित गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज

उत्तर प्रदेश में

**5.59 करोड़ +**

लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी

प्रदेश में 9 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क चिकित्सा कवच

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह योजना है। पूरे देश में आयुष्मान कार्ड बनाने में यूपी अग्रणी राज्य है। प्रदेश के पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए अधिकतम अस्पतालों को जोड़ा गया है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना




देश भर में

**70 लाख +**

स्ट्रीट वेंडर्स लाभान्वित

उत्तर प्रदेश में

**15.31 लाख +**

स्ट्रीट वेंडर्स लाभान्वित

स्वनिधि योजना से प्रदेश के रेहड़ी और पटरी वालों को मिला आर्थिक बल

इस योजना का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों को बिना किसी गारंटी के पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान करता है। इस योजना में जो लोन मिलता है, उसे समय से पहले चुकाने पर 7 फीसदी सब्सिडी मिलती है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना



देश भर में

**26 लाख +** परिवार लाभान्वित

योजना में अब तक 14,771 करोड़ रुपये अधिक की केंद्रीय वित्तीय सहायता

उत्तर प्रदेश में

**9.95 लाख +** परिवारों का मुफ्त सूर्य घर योजना में आवेदन

योजना के तहत अब तक 5.60 लाख से अधिक घरों में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन

यह योजना केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है, जो रूफटॉप सोलर लगाने पर सब्सिडी देती है। इसका उद्देश्य 1 करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना है।




## समृद्ध भारत का नंबर वन प्रदेश

**विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार**

ADVERTORIAL

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शनिवार, 20 जून 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, षष्ठी

## अलग-थलग इजराइल!

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस का हालिया बयान मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है। वेंस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इजराइल दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है, कोई उसे पसंद नहीं करता। मात्र 90 लाख आबादी वाले इस छोटे से देश के पास रणनीतिक विकल्प सीमित हैं और उसे अमेरिका जैसे एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी को नजरअंदाज करने का साहस नहीं करना चाहिए। यह बयान ईरान के साथ अमेरिकी समझौते पर इजराइली प्रतिक्रिया के संदर्भ में आया है, लेकिन इससे कहीं गहरी सच्चाई उजागर होती है। आज का इजराइल वाकई कूटनीतिक रूप से घिरा हुआ प्रतीत होता है। गाजा संघर्ष, लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव और ईरान के साथ तनाव ने उसके पारंपरिक सहयोगियों को भी सतर्क कर दिया है। यूरोपीय देशों में इजराइल-विरोधी प्रदर्शन बढ़े हैं, संयुक्त राष्ट्र में बार-बार प्रस्तावों का सामना करना पड़ रहा है और कई अरब देशों ने अब्राहम समझौतों के बावजूद दूरी बनाई हुई है। वेंस का इशारा सही है कि ट्रंप प्रशासन फिलहाल इजराइल का सबसे मजबूत समर्थक है, लेकिन यहां भी दरारें दिख रही हैं। अमेरिका के टैक्सपेयर्स के पैसे से इजराइल की सुरक्षा का बड़ा हिस्सा संभाला जा रहा है, फिर भी इजराइली नेतृत्व अमेरिकी हितों को चुनौती दे रहा है। यह स्थिति इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की दोधारी तलवार को दर्शाती है। एक ओर, इजराइल का अस्तित्व हमेशा से घेराबंदी और अस्तित्व की लड़ाई पर टिका रहा है। होलोकॉस्ट की स्मृति, चारों तरफ शत्रुतापूर्ण पड़ोसी और आतंकवादी समूहों का खतरा उसे सख्त रुख अपनाने को मजबूर करता है। 'मार-काट' से हर समस्या हल करने की रणनीति ने उसे सैन्य रूप से मजबूत बनाया, लेकिन कूटनीतिक रूप से कमजोर। 90 लाख की आबादी वाला देश, जहां संसाधन सीमित हैं, लंबे समय तक वैश्विक अलगाव बर्दाश्त नहीं कर सकता। अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और सैन्य सहायता पर निर्भरता उसे विवश करती है। दूसरी ओर, वेंस का बयान इजराइल को यथार्थवाद की याद दिलाता है। अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्ति संतुलन पर टिके हैं, न कि केवल नैतिकता या ऐतिहासिक दावों पर। जब अमेरिका जैसे सहयोगी को 'एकमात्र सहानुभूतिपूर्ण शक्ति' कहा जा रहा हो, तो इजराइली नेतृत्व को आत्मचिंतन करना चाहिए। ईरान समझौते जैसी पहल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हो सकती है, लेकिन इजराइल इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मान रहा है। यह टकराव न केवल द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करेगा, बल्कि पूरे मध्य पूर्व के शक्ति समीकरण बदल सकता है। इजराइल के लिए विकल्प क्या हैं? पहला, कूटनीतिक संवाद बढ़ाना। सऊदी अरब और अन्य सभी देशों के साथ सामान्यीकरण की प्रक्रिया को तेज करना, जो ईरान के विस्तारवाद के खिलाफ प्राकृतिक गठबंधन बन सकता है। दूसरा, आंतरिक एकता और लचीलेपन की जरूरत। नेतन्याहू सरकार की सख्त नीतियां घरेलू राजनीति को मजबूत कर सकती हैं, लेकिन वैश्विक स्तर पर अलगाव बढ़ा रही हैं। तीसरा, अमेरिका के साथ रणनीतिक समन्वय। ट्रंप प्रशासन इजराइल का समर्थक है, लेकिन उसकी भी अपनी प्राथमिकताएं हैं। चीन के साथ प्रतिस्पर्धा, घरेलू अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता। विश्व समुदाय के लिए भी यह स्थिति सबक है। इजराइल को अकेला छोड़ना या उसे दबाने की कोशिश क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देगी। फिलिस्तीन समस्या का समाधान दो-राज्य सूत्र पर आधारित होना चाहिए, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता की इच्छाशक्ति की कमी है। आतंकवाद और चरमपंथ को जड़ से मिटाए बिना शांति असंभव है। वेंस का बयान कठोर है, लेकिन आवश्यक। इजराइल को अपनी शक्ति की सीमाएं समझनी होंगी। छोटे देश बड़े सपने देख सकते हैं, लेकिन उन्हें यथार्थ की जमीन पर खड़ा होना पड़ता है। अलग-थलग पड़ना कोई विकल्प नहीं; संवाद और संतुलित रणनीति ही दीर्घकालिक सुरक्षा की कुंजी है। मध्य पूर्व में शांति तभी संभव है जब सभी पक्ष जैसे इजराइल, फिलिस्तीन, ईरान और बड़े शक्तिशाली देश अपनी जिद छोड़कर आगे बढ़ें।

## यूपी में शुरू हो गई चुनावी हलचल



रोहित माहेश्वरी

**उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य की राजनीति में अभी से सरगर्मी दिखने लगी है और सभी दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं।**

चुनावी समीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए पार्टियां लगातार सक्रिय हो रही हैं और जमीन स्तर पर तैयारियों को धार दे रही हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य दलों में चुनाव की तैयारियां साफ तौर पर दिखने लगी हैं। ओवैसी की पार्टी ने बहराइच में रैली करके सूबे के राजनीतिक ताप को बढ़ाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी में में लगातार बैठकों का दौर जारी है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पिछले महीने उत्तर प्रदेश में कैबिनेट का विस्तार किया गया और 6 नए मंत्रियों को शामिल किया गया, जबकि दो मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार भी दिया गया। बीजेपी इस बार भी गठबंधन के साथ ही चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल, निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शामिल हैं। इस गठबंधन के जरिए बीजेपी प्रदेश के जातीय समीकरण को साधने में सफल रहती है। वहीं, इसकी काट के तौर पर अखिलेश यादव 'पीडीए' फॉर्मूला लेकर आए हैं, जिसका मतलब है पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का समीकरण।

दूसरी तरफ, इंडिया गठबंधन की बात करें तो उत्तर प्रदेश में इसका स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। लेकिन दोनों पार्टियों के नेता बयानबाजी जरूर कर रहे हैं। बीते दिनों कांग्रेस के दो नेता बीएसपी प्रमुख मायावती से मिलने उनके घर भी पहुंचे, हालांकि मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बावजूद इस घटनाक्रम ने यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ा दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने कहा कि वह सभी 403 सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया।

दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद कुछ राजनीतिक घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्हें इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा रहा। बंगाल में राहुल गांधी ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया, लेकिन ममता बनर्जी की हार के बाद अखिलेश यादव का कोलकाता जाकर उनके साथ खड़ा होना कांग्रेस को पसंद नहीं आया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एक सीट तृणमूल कांग्रेस को भी दी थी। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक नेताओं से बातचीत से यह संकेत मिलते हैं कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन तो होगा। लेकिन सीट बंटवारे पर कड़ी बातचीत होगी।

बीती 8 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेतृत्व के बीच यूपी चुनाव को लेकर बातचीत हुई है, ऐसी खबरें मीडिया में प्रसारित हुई हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में सपा 62 सीटों पर लड़ी और 37 जीती, जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ी और 6 सीटों पर जीत हासिल की। एक सीट तृणमूल कांग्रेस ने लड़ी थी। इसी आधार पर कांग्रेस कम से कम 70 सीटों की मांग कर रही है, जबकि समाजवादी पार्टी 50 से ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं दिख रही है। अगर लोकसभा के नतीजों को विधानसभा सीटों में बदलकर देखें तो सपा 184 सीटों पर आगे थी और कांग्रेस 39 सीटों पर। ऐसे में सीट बंटवारे की बातचीत इन्हीं आंकड़ों के आसपास होगी।

वहीं इस तरह की खबरें भी सामने आ रही हैं कि सपा के अगुवाई इंडिया गठबंधन और बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबले के लिए एक तीसरा फ्रंट भी तैयार हो रहा है। ये फ्रंट स्वामी प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी मिलकर बना रहे हैं। थर्ड फ्रंट बनाने के मद्देनजर स्वामी प्रसाद मौर्य और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की 17 जून को लखनऊ में मुलाकात हुई। ये मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। 2024 के लोकसभा चुनाव में स्वामी प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी ने मिलकर किस्मत आजमाई थी। स्वामी प्रसाद मौर्य फिर से एक बार ओवैसी और चंद्रशेखर को लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने का प्लान है, लेकिन सवाल यही है कि एनडीए बनाम इंडिया ब्लॉक की लड़ाई को त्रिकोणीय बना पाएंगे?

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। राजनीतिक गलियारों में एआईएमआईएम और बसपा के संभावित गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज हैं। माना जा रहा है कि दोनों दल दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाने की रणनीति पर काम कर सकते हैं। हालांकि गठबंधन को लेकर अभी कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन आगामी चुनावों से पहले बदलते राजनीतिक समीकरणों ने समाजवादी पार्टी की मुश्किलों को बढ़ा दिया है क्योंकि यूपी के मुस्लिम पारंपरिक तौर पर समाजवादी पार्टी के वोटर माने जाते हैं।

सूत्रों के अनुसार अंदरखाने बसपा और ओवैसी की पार्टी में गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। एआईएमआईएम नेता शेख ताहिर सिद्दीकी ने दावा किया है कि बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने बसपा की कमजोरी का जिक्र करते हुए मायावती के पास सिर्फ एक विधायक है और उनको भी अपना अस्तित्व बचाने के लिए हमारे साथ गठबंधन करना पड़ेगा। गौरतलब है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह इंडिया ब्लॉक या सपा के साथ गठबंधन नहीं करने वाली है। अब शेख ताहिर सिद्दीकी का बसपा के साथ गठबंधन के लिए बातचीत का दावा सामने आ रहा है।

ऐसे में एआईएमआईएम और बसपा के साथ वाले तीसरे मोर्चे की संभावना बनती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि बसपा की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एआईएमआईएम और बसपा के बीच गठबंधन को लेकर भले ही अभी बातचीत चल रही है, लेकिन यह खबर विपक्ष की धड़कने बढ़ा सकती है। एआईएमआईएम और बसपा यदि साथ आते हैं और एंटी बीजेपी दलित के साथ मुस्लिम वोटर्स यदि तीसरे मोर्चे की तरफ मुड़ जाते हैं तो यह विपक्ष के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकता है। फिलहाल चुनाव में आगे क्या कुछ होता है यह देखना दिलचस्प होगा।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए सपा अपने संगठनात्मक और सामाजिक समीकरण साधने में जुटी है। लखनऊ में सपा कार्यालय में 17 जून को ब्राह्मण समुदाय की विशेष बैठक बुलाई गई।

इस बैठक में आने वाली 5 अगस्त को जनेश्वर मिश्र जयंती को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई जानकारी के अनुसार इस दिन को ब्राह्मणों के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर तैयारी होगी। यूपी में 10-15 फीसद ब्राह्मण वोटर हैं जो प्रदेश की 115 सीटों पर प्रभाव रखते हैं। जबकि 12 जिलों में ब्राह्मण किसी भी प्रत्याशी की जीत हार के लिए निर्णायक साबित होते हैं। यही वजह है कि सपा ब्राह्मणों को साथ लाना चाहती है। सपा मुखिया लगातार पीडीए के 'ए' को अगड़े शब्द से भी परिभाषित करते हैं। यहीं नहीं शंकराचार्य विवाद में भी उन्होंने खुलकर उनका समर्थन किया।

सपा की सहयोगी कांग्रेस भी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी सियासी एक्सरसाइज शुरू कर दी है। कांग्रेस ने कैंडिडेट की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा अलग-अलग मंडल में बैठक कर सियासी रणनीति भी बनाई जा रही है। बसपा प्रमुख मायावती भी यूपी चुनाव को लेकर लगातार बैठकें कर रही है। कुल मिलाकर यूपी धीरे धीरे चुनाव मोड में आ चुका है। आने वाले दिनों में सियासत क्या क्या रंग दिखाएगी यह देखना अहम होगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## हाथों में दुनिया : मोबाइल क्रांति का उजाला या भविष्य के लिए खतरे की घंटी?



प्रकाश चन्द्र शर्मा

भारत में मोबाइल और इंटरनेट ने विकास की ऐसी गंगा बहाई है जिसने गांव और शहर के बीच की दूरियों को पाट दिया। संचार, शिक्षा, व्यापार और तकनीक के क्षेत्र में मोबाइल ने मानो जादुई चिराग का काम किया है। एक क्लिक पर दुनिया मुट्ठी में समा गई है और जानकारी अब उंगलियों की पोरों पर नाचती दिखाई देती है। लेकिन हर चमकती चीज सोना नहीं होती। जिस तकनीकी क्रांति को प्रगति का रथ माना गया था, उसके पहियों से अब कुछ ऐसे सवाल भी उठ रहे हैं जो समाज के भविष्य को लेकर चिंता पैदा कर रहे हैं। आज का दृश्य किसी मूक चलचित्र से कम नहीं। रेल के डिब्बों से लेकर बस अड्डों तक, मंदिरों से लेकर विद्यालयों तक और घरों के बैठक कक्षों से लेकर पार्कों तक हर जगह झुकी हुई गर्दनें और चमकती स्क्रीनें दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है मानो इंसान मोबाइल चला नहीं रहा बल्कि मोबाइल इंसान को चला रहा है। बातचीत की जगह टाइपिंग ने ले ली है और रिश्तों की गर्माहट इमोजी के सहारे सांस ले रही है। 'घर का जोगी जोगना, आन गांव का सिद्ध' वाली कहावत की तरह लोग दूर बैठे लोगों से घंटों जुड़े रहते हैं लेकिन पास बैठे अपनों से संवाद के लिए समय नहीं निकाल पाते। सबसे बड़ी चिंता बचपन को लेकर है। कभी जिन मैदानों में बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा दिखाई देता है। गिल्ली-डंडा, कबड्डी और छुपन-छुपाई की जगह मोबाइल गेम्स ने ले ली है। बचपन, जो कभी खुली हवा में उड़ने वाली चिड़िया था, अब स्क्रीन के पिंजरे में कैद होता नजर आ रहा है। अभिभावकों की व्यस्तता ने भी इस आग में घी डालने का काम किया है। बच्चों को शांत रखने के लिए थमाया गया मोबाइल अब कई घरों में उनकी सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। परिणामस्वरूप कम उम्र में ही डिजिटल लत, एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं सिर उठाने लगी हैं। इंटरनेट की असीम दुनिया ज्ञान का महासागर भी है और भ्रम का भंवर भी। मोबाइल के जरिए बच्चों और किशोरों की पहुंच ऐसी सामग्री तक हो रही है जो उनकी उम्र और मानसिक परिपक्वता के अनुकूल नहीं है। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, हिंसक वीडियो, अश्लील सामग्री और झूठी सूचनाएं समाज के सामने नए युग के राक्षस बनकर खड़ी हैं। बिना निगरानी के इंटरनेट का उपयोग कई बार बच्चों को ऐसे रास्तों पर ले जाता है जहां से लौटना आसान नहीं होता। यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है कि 'नादान के हाथ में तलवार' कभी-कभी स्वयं उसके लिए भी खतरा बन जाती है। मोबाइल का एक और बड़ा प्रभाव पढ़ने की संस्कृति पर दिखाई दे रहा है। कभी पुस्तकें ज्ञान का दीपक मानी जाती थीं और पुस्तकालय बौद्धिक ऊर्जा के मंदिर हुआ करते थे।

धार्मिक ग्रंथों, उपन्यासों और साहित्यिक कृतियों पर होने वाली चर्चाओं ने समाज की वैचारिक नींव मजबूत की थी। आज वही दीपक स्क्रीन की चकाचौंध में धुंधला पड़ता जा रहा है। किताबों की खुशबू की जगह अब नोटिफिकेशन की आवाज ने ले ली है। परिणामस्वरूप चिंतन, मनन और गहन अध्ययन की आदत धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है। मोबाइल ने भौगोलिक दूरियां जरूर मिटाई हैं लेकिन भावनात्मक दूरियां बढ़ा दी हैं। एक ही छत के नीचे रहने वाले लोग अपने-अपने डिजिटल संसार में खोए रहते हैं। परिवारों में संवाद की डोर ढीली पड़ रही है और आत्मीयता का वृक्ष सूखता हुआ प्रतीत होता है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि यदि तकनीक को साधन के बजाय जीवन का केंद्र बना दिया गया, तो रिश्तों की नींव में दरारें पड़ना तय है। आखिर रिश्ते नेटवर्क से नहीं, संवाद से मजबूत होते हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि मोबाइल और इंटरनेट को पूरी तरह दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यही तकनीक शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं का सशक्त माध्यम भी बनी है। समस्या तकनीक में नहीं, उसके अनियंत्रित और असंतुलित उपयोग में है। आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक बच्चों के स्क्रीन टाइम पर निगरानी रखें, विद्यालय डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं तथा सरकार ऑनलाइन सुरक्षा के लिए प्रभावी नियमों को और मजबूत करे। मोबाइल क्रांति विकास के आकाश में चमकता हुआ सूर्य है लेकिन यदि उसकी रोशनी पर संयम और विवेक की छतरी न हो तो वही तेज आंखों को चौंधिया भी सकता है। समय की मांग यही है कि तकनीक को सेवक बनाकर रखा जाए, स्वामी नहीं।

अन्यथा आज का यह तकनीकी वरदान कल की पीढ़ियों के लिए ऐसा अभिशाप बन सकता है, जिसकी कीमत समाज को लंबे समय तक चुकानी पड़े। विकास की दौड़ में यह नहीं भूलना चाहिए कि मशीनें जीवन को आसान बना सकती हैं, लेकिन जीवन का अर्थ नहीं दे सकतीं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### बगावत में है दम!



कृष्णेन्द्र राय

क्या मौसम आया है, क्या मौसम आया है ।
टूटने की ऐसी अब, हवा है ये चली ।
बागीयों से महकी है अब ।
संसद की गली ।।

मस्त हैं वो सांसद ।
बगावत में है दम ।।
सब तैयार बैठे हैं ।
ना इसमें भरम ।।

चर्चा में रहना, आगे है बढ़ना ।
कोई ना रोके आज हमें ।।
उड़ जाएंगे, अब ना रुकेंगे ।
है इसमें आनंद हमें ।।

कांटों पे चलना है ।
हों भले घायल ।।
जनता भी हो शायद ।
अब हमारी कायल ।।

## क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



महेन्द्र तिवारी

अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है। यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है।

उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है। अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा।

यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चर्चाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी। लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है। इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है। हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं।

इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें। निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### सूडोकु नवताल- 7831

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7830 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## आज का राशिफल

**मेष**- लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पदोन्नति की संभावना है।

**वृष**- आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मिथुन**- अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क**- अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**सिंह**- अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**कन्या**- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुला**- जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक**- परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें।

**धनु**- स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकर**- धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुम्भ**- सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**मीन**- उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

पं० सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# मुख्यमंत्री आज गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का करेंगे लोकार्पण



गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रदेश के पूर्वी जिलों की औद्योगिक प्रगति की गति देगा। यात्री सुरक्षा के लिहाज से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सुरक्षा फ्लीट में 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज 8-8 घंटे के शिफ्ट में पैट्रोलिंग की जाएगी। इसके अलावा 91 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे पर हर 45 किमी पर सड़क के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी। सड़क सुरक्षा के लिए यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत एक्सप्रेसवे पर हर पांच किमी पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से पूर्वांचल में निवेश को बढ़ावा मिल सकेगा।

## हनुमान मूर्ति क्षतिग्रस्त कर खेत में फेंकी

पिपराइच,गोरखपुर , 19 जून (तरुणमित्र)। पिपराइच क्षेत्र के ग्रामसभा बरईपुर स्कूल/तालाब के निकट गांव के शुक्ला द्वारा हनुमान जी मूर्ति स्थापित की गई। गांव के लोग श्रद्धा भाव से पूजन हवन आरती करते आ रहे हैं।बीती रात कुछ अज्ञात अराजक तत्वों ने चबूतरे से दूर खेत में हनुमान जी की मूर्ति फेंक दिया। इतना ही नहीं जनाक्रोश भड़काने के मूर्ति के चोला ( बस्त्र) में भी आग लगा दिया था ।यह उसी गांव का मामला है जहां केमिकल से बड़े पैमाने पर नकली दूध बनाने का धंधा होता था। जिसकी शिकायत अधिकारियों से करने पर कार्रवाई हुई है जो योगी सेवक व पूर्व प्रधान लव सिंह ने बताया कि पहले पुलिस को सूचना दी गई। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित किया गया है।

प्रशासन से मांग किया कि साजिश को शीघ्र ही कठघरे तक पहुंचाया जाय । अधिकारियों ने पुरानी मूर्ति हटवा दिया है। नई मूर्ति लगाने का आश्वासन दिया है। अज्ञात अराजक तत्वों ने हनुमान जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर उनके अंगवस्त्रों को जला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया।

# योग के माध्यम से एल्युमनाई का पुनर्सम्पर्क, स्वस्थ समाज निर्माण का संकल्प

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित द्विसाप्ताहिक योग कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को ₹योगा विद एल्युमनाई : रीकनेक्टिंग थ्रू वेलनेस₹ कार्यक्रम का आयोजन गुरु गोरक्षनाथ शोधपीठ परिसर में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में पुरातन छात्रों (एल्युमनाई) ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग एवं स्वास्थ्य के माध्यम से पुरातन छात्रों का विश्वविद्यालय से पुनर्संपर्क स्थापित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का प्रसार करना था। इस अवसर पर पुरातन विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विश्वविद्यालय की *कुलपति प्रो. पूनम टंडन* ने कहा कि, ₹एल्युमनाई विश्वविद्यालय परिवार का अभिन्न अंग हैं।विश्वविद्यालय के एल्युमनाई योग को



जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और समाज में स्वास्थ्य एवं सकारात्मकता के संदेशवाहक बन सकते हैं।योग को बढ़ावा देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसे केवल संस्थान तक सीमित न रखकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे स्वस्थ, जागरूक एवं संतुलित समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में एल्युमिनियम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमित उपाध्याय ने उपस्थित सभी पुरातन छात्रों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि निकट भविष्य में विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों से संवाद करने के निरंतर उपाय करता रहेगा कार्यक्रम के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अनुभूति दुबे ने भी सम्बोधित किया. इस दौरान प्रो. विनीता पाठक, डॉ. कुशल नाथ मिश्र, डॉ. मनीष पांडेय, डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी, डॉ के सुनीता, डॉ प्रभुनाथ प्रसाद सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य विनय मल्ल के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। साथ ही उन्हें योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित एल्युमनाई ने नियमित योगाभ्यास को अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# फ्लिपकार्ट हब में डिलीवरी कर्मियों की हड़ताल, पार्सल वितरण ठप

सहजनवा (गोरखपुर), 19 जून (तरुणमित्र)। सहजनवा ब्लाक स्थित भीटी रावत में फ्लिपकार्ट हब पर शुक्रवार को डिलीवरी कर्मियों ने भुगतान (पेयआउट) दरों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के चलते सहजनवा और आसपास के क्षेत्रों में पार्सल वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

बड़ी संख्या में पार्सल हब पर ही रुके हुए हैं, जिससे ग्राहकों को समय पर डिलीवरी मिलने पर संशय बना हुआ है।हड़ताल कर रहे डिलीवरी कर्मियों का आरोप है कि विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से प्रति डिलीवरी बहुत कम भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों के अनुसार, मीशो की डिलीवरी पर करीब 16 रुपये, फ्लिपकार्ट की कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) पर 13 रुपये



और प्रीपेड डिलीवरी पर 10 रुपये तक का भुगतान मिलता है। वहीं, यदि किसी ग्राहक के पास एक से अधिक पार्सल होते हैं तो दूसरी डिलीवरी के लिए केवल 6.50 रुपये दिए जाते हैं। डिलीवरी कर्मियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और वाहन रखरखाव के बढ़ते खर्च के बीच मौजूदा भुगतान दरों पर काम करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने मांग की है कि सभी कंपनियों में प्रति डिलीवरी न्यूनतम 15 रुपये का फ्लैट रेट लागू किया जाए। इस संबंध में भीटी रावत स्थित फ्लिपकार्ट हब के एचआई विनीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि डिलीवरी कर्मियों की मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के भुगतान संबंधी फैसले पैन इंडिया स्तर पर लिए जाते हैं और किसी एक हब के लिए अलग व्यवस्था संभव नहीं है। हड़ताल में चंदगी राम यादव, दीपक गुप्ता, हरिओम मिश्रा, आलोक मौर्य, सत्येंद्र सिंह, धीरज पासवान, विनोद सिंह, सत्यम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता और दुर्गेश कुमार शुक्ल समेत कई डिलीवरी कर्मी शामिल रहे।

## रोहिणी नदी में मिला 48 वर्षीय व्यक्ति का शव

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नए गांव स्थित रोहिणी नदी में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीश निषाद (48 वर्ष) पुत्र हीरालाल, निवासी ग्राम रामपुर नयागांव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला तुरंत सक्रिय हो गया ।सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई थी। ग्रामीणों के अनुसार, जगदीश निषाद शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले थे और नदी की ओर गए थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की।

## मरीज लेकर बीआरडी आ रही एंबुलेंस हादसे का शिकार, चालक को नींद आने से छह लोग घायल

गोरखपुर , 19 जून (तरुणमित्र)। (मेडिकल कॉलेज संवाददाता गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि मरीज को लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज आ रही एक एंबुलेंस सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने के कारण एंबुलेंस आगे चल रही एक निजी गाड़ी से पीछे से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस चालक समेत छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार की रात सरकारी एंबुलेंस कुशीनगर जिला अस्पताल से मरीज फूलकली (67) पत्नी सत्यनारायण कुशवाहा निवासी गढ़या चिंतामन थाना तरया सुजान जिला कुशीनगर को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर लेकर आ रही थी। रात करीब साढ़े बारह बजे गुलरिहा क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास एंबुलेंस आगे चल रही एक निजी गाड़ी से टकरा गई। हादसे की वजह चालक को नींद आना बताया जा रहा है।हादसे में एंबुलेंस चालक गणेश यादव निवासी रामनगर थाना फरेंदा जिला महराजगंज ,एंबुलेंस में तैनात ईएमटी सुरेंद्र निवासी कुष्टा थाना चौक महराजगंज,मरीज फूलकली व एम्बुलेंस में मरीज के साथ मौजूद ममता देवी का हाथ फ्रैक्चर हो गया, सुरेश कुशवाहा व मंजू देवी भी घायल हो गई। एम्बुलेंस के ईएमटी सुरेंद्र व मरीज फूलकली का सिर फटने से हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### असलहे के साथ दो युवक गिरफ्तार

सहजनवा गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। सहजनवां पुलिस ने दो युवक को असलहे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से शुक्रवार को भोर में 5 बजे के करीब थानेदार संजय कुमार मिश्र,उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार,उपनिरीक्षक मृत्युंज,कास्टेबिलशुभं सिंह,संग्राम संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि बेलहर भट्ठे के पास दो संदिग्ध युवक खड़े है। और कोई अपराधिक घटना कर सकते है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। तो दोनों युवक पुलिस देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेरा बंदी कर दोनों युवकों पकड़ लिया। जिसकी पहचान शत्रुघ्न पुत्र हरिराम निवासी बनकटिया थाना सहजनवा दूसरे की पहचान आकाश पुत्र ध्रुव सिंह निवासी घघसरा थाना सहजनवा के रूप में हुई है ।तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से दो असलहा 315 बोर का बरामद किया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

### जिलापूर्ति अधिकारी रामेन्द्र प्रताप सिंह का आजमगढ़ तबादला

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। जनपद के जिलापूर्ति अधिकारी (डीएसओ) रामेन्द्र प्रताप सिंह का तबादला आजमगढ़ कर दिया गया है। लगभग चार वर्ष ग्यारह माह तक गोरखपुर में अपनी सेवाएं देने के बाद अब वह आजमगढ़ में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। श्री सिंह 24 जुलाई 2021 को गोरखपुर में जिलापूर्ति अधिकारी के पद पर तैनात हुए थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोरखपुर में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान रामेन्द्र प्रताप सिंह ने राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, पात्र लाभार्थियों तक समय से खाद्यान्न पहुंचाने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उनके कार्यकाल को अपेक्षाकृत निर्विवाद माना जाता है। उन्होंने विभागीय स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे वितरण प्रणाली में सुधार देखने को मिला। कोविड-19 जैसे चुनौतीपूर्ण समय में भी उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा, जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को राहत मिली। वहीं, शासन द्वारा मुरादाबाद में तैनात जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह को गोरखपुर का नया डीएसओ नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उनके सोमवार को गोरखपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण करने की संभावना है। अजय प्रताप सिंह के पास भी विभागीय कार्यों का अच्छा अनुभव है और उनसे उम्मीद की जा रही है कि वह गोरखपुर में जन वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रामेन्द्र प्रताप सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, नए जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह के आगमन को लेकर विभाग में उत्सुकता का माहौल है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में विभाग नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और आम जनता को बेहतर सुविधाएं

# सवारी गाड़ी का मार्ग विस्तार वाराणसी सिटी तक

गोरखपुर , 19 जून (तरुणमित्र)। क्षेत्रीय जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा 65122/65121 औंड़िहार-दोहरीघाट-औंड़िहार मेमू सवारी गाड़ी का मार्ग विस्तार वाराणसी सिटी तक किया गया है। इस गाड़ी का नियमित संचलन20 जून, 2026 से 65122/65121 वाराणसी सिटी-दोहरीघाट-वाराणसी सिटी मेमू सवारी गाड़ी से किया जायेगा ।उद्घाटन विषेष गाड़ी का सम्भावित समय -19 जून, 2026 को 05123 उद्घाटन विशेष गाड़ी मऊ से 13.15 बजे प्रस्थान कर दुल्लहपुर से 13.37 बजे, जखनिया से13.47 बजे, सादात से 13.59 बजे, औंड़िहार से 14.24 बजे, रजवारी से 14.37 बजे, कादीपुर से 14.47 बजे, सारनाथसे 15.02 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 15.30 बजे पहुँचेगी ।नियमित संचलन65122/65121 वाराणसी सिटी-दोहरीघाट-वाराणसी सिटी मेमू सवारी गाड़ी का नियमित संचलन 20 जून, 2026 सेकिया जायेगा। फलस्वरूप 65122 वाराणसी सिटी-दोहरीघाट मेमू सवारी गाड़ी वाराणसी सिटी से 04.45 बजे प्रस्थानकर सारनाथ से 04.57 बजे, कादीपुर से 05.07 बजे, रजवारी से 05.14 बजे, औंड़िहार से 05.27 बजे, सादात से05.48 बजे, जखनियाँ से 06.00 बजे, दुल्लहपुर से 06.12 बजे, मऊ से 06.40 बजे, इन्दारा से 07.00 बजे, कोपागंज से07.12 बजे, घोसी से 07.32 बजे, अमिला से 07.50 बजे तथा मुरादपुर से 08.05 बजे छूटकर दोहरीघाट 08.30 बजेपहुँचेगी तथा 65121 दोहरीघाट-वाराणसी सिटी मेमू सवारी गाड़ी दोहरीघाट से 08.40 प्रस्थान कर मुरादपुर से 08.55बजे, अमिला से 09.12 बजे, घोसी से 09.30 बजे, कोपागंज से 09.48 बजे, इन्दारा से 10.15 बजे, मऊ से 10.30 बजे,दुल्लहपुर से 10.52 बजे, जखनियाँ से 11.02 बजे, सादात से 11.14 बजे, औंड़िहार 11.37 बजे, रजवारी से 11.48बजे, कादीपुर से 11.55 बजे तथा सारनाथ से 12.20 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 12.35 बजे पहुँचेगी।

# नगर आयुक्त अजय जैन ने चरगावां गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण

- महेसरा सीएंडडी वेस्ट सेंटर में सफाई, मशीनों पर शेड और टाइल्स के स्ट्रेंथ टेस्ट के निर्देश



गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। नगर आयुक्त अजय जैन ने शनिवार को चरगावां स्थित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन एवं महेसरा स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। चरगावां स्थित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि यहां से निकलने वाली सभी कचरा वाहनों में अनिवार्य रूप से आरएफआईडी टैग लगाए जाएं, जिससे वाहनों की आवाजाही और कचरे के परिवहन की निगरानी बेहतर तरीके से की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि एक साथ गाड़ियों के वजन और उनमें लदे कचरे की मात्रा की निगरानी नगर निगम कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (क्ळउउ) से की जा सके। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और कचरा प्रबंधन प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सकेगा ।इसके बाद नगर आयुक्त ने महेसरा स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में उगी घास की साफ-सफाई कराकर पूरे क्षेत्र को समतल कराने के निर्देश दिए, ताकि कार्यस्थल व्यवस्थित और सुरक्षित बना रहे। सेंटर के संचालक ने बताया कि यहां महानगर से एकत्रित किए गए निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) से इंटरलॉकिंग टाइल्स और बैठने के लिए बेंच तैयार किए जा रहे हैं, जो कचरे के पुनः उपयोग का एक सराहनीय उदाहरण है ।नगर आयुक्त ने तैयार हो रही इंटरलॉकिंग टाइल्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उनका स्ट्रेंथ टेस्ट कराने के निर्देश दिए, ताकि इनका उपयोग सुरक्षित और टिकाऊ हो सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि प्लांट में लगी मशीनों के ऊपर शेड नहीं है, जिससे उनमें जंग लगने की आशंका बनी रहती है।

इस पर उन्होंने तत्काल मशीनों के ऊपर शेड लगवाने और मशीनों की नियमित सर्विसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, नगर आयुक्त ने परिसर को और विकसित करने के उद्देश्य से पाथवे, प्लांटेशन और गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिससे यह स्थान न केवल कार्यात्मक बल्कि पर्यावरण के अनुकूल और व्यवस्थित भी बन सके।

# गोरखपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की भव्य तैयारी



गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए जनपद प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन तारामंडल स्थित दिग्विजयनाथ पार्क में सुबह 6 बजे से किया जाएगा, जिसमें जनपद के आला अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन स्वेच्छा से भाग लेंगे। इस अवसर को सफल और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रतिभागी सुबह 5:30 बजे तक दिग्विजयनाथ पार्क में पहुंच जाएं, ताकि 6 बजे से शुरू होने वाले सामूहिक योग सत्र में समयबद्ध तरीके से सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। योग दिवस के इस विशेष आयोजन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर देश-प्रदेश के लोगों को संबोधित करेंगे और योग के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। प्रशासन द्वारा पार्क में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम और संबंधित विभागों को विशेष रूप से साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग को भी मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके ।इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, परियोजना निदेशक संदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त गौरव श्रीवास्तव और जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा डीआईओएस अजीत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने में जुटे हुए हैं।

योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह भी साफ देखा जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन और आम नागरिक बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि यह कार्यक्रम न केवल भव्य हो, बल्कि लोगों में योग के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंचाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, । बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए एक प्रेरणा का अवसर है, जिसे उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए।

# ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा हेतु अनेकग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 15 जुलाई, 2026 तक के लिये 18 जून,2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता है।- गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 04 जुलाई, 2026 कोवातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 671 बर्थ तथा 11 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में817 बर्थ उपलब्ध हैं।- मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 02 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 57 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 36 बर्थ तथा 09 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 95, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 315 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 88 बर्थ उपलब्ध हैं। - गोरखपुर से चलने वाली 04315 गोरखपुर-योगनगरी ऋषिकेश विशेष गाड़ी में 08 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 06 एवं शयनयान श्रेणी में 340 बर्थ तथा 15 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31 एवं शयनयान श्रेणी में 420 बर्थ उपलब्ध हैं।

- छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 13 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 70, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 252 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 20 बर्थ उपलब्ध हैं। - गोरखपुर से चलने वाली 01416 गोरखपुर-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 08 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 115 बर्थ, 09 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 90 बर्थ तथा 10 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 85 बर्थ उपलब्ध हैं।

- गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 05 जुलाई,2026को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 19 बर्थ, 09 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 185 एवं शयनयान श्रेणी में191 बर्थ, 12 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 146 एवं शयनयान श्रेणीमें 225 बर्थ उपलब्ध हैं।-

# आईआईआरएफ 2026 रैंकिंग में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 7वीं रैंक

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयूजीयू) ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2026 की स्टेट यूनिवर्सिटी (अर्बन रीजन) श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय ने 1000 में से 945.74 का उत्कृष्ट ओवरऑल इंडेक्स स्कोर अर्जित किया, जो शिक्षण-अधिगम, अनुसंधान, उद्योग सहभागिता, प्लेसमेंट, भविष्य उन्मुखता तथा अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण जैसे प्रमुख मानकों पर उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की निरंतर शैक्षणिक प्रगति, अनुसंधान उत्कृष्टता तथा संस्थागत गुणवत्ता का प्रमाण है। आईआईआरएफ 2026 में विश्वविद्यालय ने इंडस्ट्री इनकम एवं इंटीग्रेशन (97.83), एक्सटर्नल परसेप्शन एवं इंटरनेशनल आउटलुक (94.94), प्लेसमेंट परफॉर्मेंस (94.91), फ्यूचर ओरिएंटेशन (93.94), टीचिंग, लर्निंग रिसोर्सेज एवं पेडागॉजी (93.51) तथा रिसर्च आउटकम (93.24) जैसे प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं राज्य पोषित संस्थानों में भी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। आईआईआरएफ 2026 रैंकिंग में प्रदेश के प्रमुख संस्थानों में हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू), कानपुर प्रथम, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ तृतीय, लखनऊ विश्वविद्यालय पाँचवें, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से सातवें, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), लखनऊ 18वें, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर 21वें, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर 24वें तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ 26वें स्थान पर रहे। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था की बढ़ती गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर पर उसकी मजबूत होती पहचान को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि, ₹ आईआईआरएफ 2026 में देश के राज्य विश्वविद्यालयों के बीच 7वाँ स्थान प्राप्त करना दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

# योग अध्यात्म व राष्ट्रवाद के समन्वय की अवस्था है कुण्डलिनी जागरण

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महायोगी गुरु गोरखनाथ योग संस्थान गोरखनाथ मन्दिर गोरखपुर एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् गोरखपुर द्वारा आयोजित साप्ताहिक योग शिविर एवं संगोष्ठी के पांचवें दिन गोरखनाथ मंदिर स्थित महन्त दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में 'गुरु गोरखनाथ के कुण्डलिनी योग पर वैज्ञानिक व्याख्यान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ गोरखपुर के जिला प्रभारी हरि नारायण धर दुबे ने कहा कि कुंडली जागरण का प्रभाव हमारे शरीर की सभी ग्रंथियों तथा सभी प्रकार के हार्मोंस पर पड़ता है। योगाभ्यास से जब हमारा हार्मोंस संयमित होता है तो हमारे अंदर आध्यात्मिक भाव पैदा होता है, जो सार्वभौमिकता की अवस्था होती है। इसी अवस्था में पहुंचकर सन्त- महात्मा जन स्वार्थ से परार्थ की तरफ बढ़ते हैं और विश्वकल्याण की कामना करते हैं। इस आध्यात्मिक भाव में



राष्ट्रवाद का भाव छुपा रहता है। योग, अध्यात्म और राष्ट्रवाद के समन्वय की अवस्था कुंडलिनी जागरण की अवस्था होती है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल साइंस के शरीर क्रिया विज्ञान का उत्कर्ष कुंडलिनी योग विज्ञान है। प्राणायाम के द्वारा ध्यान की क्रिया से प्राणवायु को सुषुम्ना में प्रवेश कराते हैं तो सुषुना में विद्यमान लिक्विड का ब्रह्मरन्ध्र से स्राव होता है, जो कि आज्ञा चक्र से होते हुए सभी चक्रों तक पहुंच कर मूलाधार चक्र में स्थित होता है जिससे कुंडलिनी का जागरण होता है। सह वक्ता के रूप में उपस्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि कुंडलिनी विज्ञान का हमारे जीवन से बहुत ही घनिष्ठ संबंध है। कुंडलिनी विज्ञान को समझे बिना स्वस्थ रहना संभव नहीं है। हमारी कुण्डलिनी में स्थित चक्रों का जागरण करने पर हमारे अंदर असीमित ऊर्जा का संचार होता है जिससे हमारा नर्वस सिस्टम सही रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अच्छी रहती है। उन्होंने कहा कि जिस चक्र का जहां स्थान होता है वहां की विशेष क्रियाओं से उसका विशेष संबंध होता है। यदि मणिपूरक चक्र का ध्यान कर उसको जागृत करें तो पेट सम्बन्धी सभी रोगों से बचा जा सकता है। मानसिक रोगों के? लिए आज्ञा चक्र व गले से सम्बन्धित रोगों में विशुद्धि चक्र का ध्यान करने से उनसे निजात मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी ने किया ।कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कृत विद्यापीठ के आचार्य डॉ. प्रांगेश मिश्र के वैदिक मंगलाचरण से हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन व प्रास्ताविकी श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के वेद विभाग के आचार्य डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी ने किया। अन्त में संस्कृत विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग के आचार्य बृजेश मणि मिश्र ने सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर आचार्य डॉ. रोहित मिश्र, डॉ. दिग्विजय शुक्ल, डॉ. राकेश कुमार तिवारी, दीपनारायण, बृजेश मणि मिश्र, पुरुषोत्तम चौबे, शशिकुमार, योगप्रशिक्षक नवनीत चौधरी, कमलेश मौर्य, रवि सिंह, नित्यानन्द तिवारी सहित अनेक प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## डीडीयू में एमलिब आईएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारम्भ

गोरखपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। पूर्वांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कैरियर प्रदान करने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु दो वर्षीय एकीकृत मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित है। वर्तमान समय में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, डिजिटल संसाधनों के विस्तार तथा सूचना प्रबंधन की बढ़ती आवश्यकता ने लाइब्रेरी एवं इन्फॉर्मेशन साइंस को रोजगारोन्मुखी और अत्यंत प्रासंगिक विषय के रूप में स्थापित किया है।

# मध्यस्थता की अनूठी पहलः बरसों से अलग रह रहे दंपति को फिर से मिलाया

**संत कबीर नगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से एक परिवार को बिखरने से बचा लिया गया। जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण के अध्यक्ष रणधीर सिंह के निर्देशन और सचिव सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एक लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच सुलह कराकर उन्हें फिर से एक साथ खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। बिहार राज्य निवासी सुनील कुमार राव और इसी जनपद संत कबीर नगर निवासी उनकी पत्नी रीमा देवी के बीच वैचारिक मतभेद और अविश्वास के चलते काफी समय से अनबन चल रही थी।

विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला मध्यस्थता केंद्र तक पहुँच गया।विवाद के समाधान के लिए अधिवक्ता मध्यस्थ नसरीन खान को नामित किया गया। मध्यस्थ नसरीन खान ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की बात सुनी और उन्हें पारिवारिक जीवन के



महत्व को समझाते हुए आपसी सुलह के लिए प्रेरित किया। मध्यस्थ के निरंतर प्रयासों के बाद, दोनों पति-पत्नी अपने मतभेदों को भुलाने और अपने दो नाबालिग बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए साथ रहने को राजी हो गए। सुलह की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब पति-पत्नी ने दोबारा साथ रहने की कसम खाई, तो वहाँ मौजूद सभी लोगों की आंखें भर आईं। मध्यस्थ नसरीन खान ने दंपति को साथ-साथ रहते हुए एक खुशहाल जीवन जीने का शुभकामना दिया।

विदित हो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संत कबीर नगर के अंतर्गत मध्यस्थता एवं सुला समझौता केंद्र का संचालन होता है जिसमें हर तरह के पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी सुलह समझौता के माध्यम से किया जाता है।

## स्वस्थ पुलिस -सुरक्षित समाज के संकल्प के साथ मनाया योग सप्ताह

**संत कबीर नगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के कुशल निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर थाना महुली परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योग सत्र में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

थानाध्यक्ष महुली द्वारा पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा निरंतर चुनौतियों, तनाव एवं जिम्मेदारियों से जुड़ी हुई है। ऐसे में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, मानसिक संतुलन एवं आंतरिक शक्ति का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से पुलिस कर्मी अधिक ऊर्जावान, स्वस्थ एवं कार्यकुशल बनते हैं, जिससे जनता को बेहतर सेवा प्रदान की जा सकती है।

योगाभ्यास के दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। थाना महुली पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच ही सफल एवं सुखी जीवन की आधारशिला है।

## बांसी में 110 फीट ऊंचे ध्वजदंड पर तिरंगा फहराने की मांग तेज, समाजसेवी अमय पांडेय ने उठाया बीड़ा

**बांसी, सिद्धार्थनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद बांसी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क, राप्ती पुल के समीप स्थित 110 फीट ऊंचे ध्वजदंड पर राष्ट्रीय ध्वज को पुनः ससम्मान स्थापित करने की मांग जोर पकड़ रही है। युवा समाजसेवी अमय पांडेय ने इस मुद्दे पर पहल करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।अमय पांडेय ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय को प्रार्थना पत्र सौंपकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से आवश्यक अनुमति एवं प्रशासनिक सहयोग दिलाने का आग्रह किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज नगरवासियों की भावनाओं से जुड़ा है और लंबे समय से ध्वज न फहराए जाने से लोगों में निराशा है प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि वर्ष 2022 में उक्त ध्वजदंड पर तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक



मीणा, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भव्य ध्वजारोहण किया गया था। विशाल तिरंगा बांसी नगर की पहचान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया था। बाद में ध्वज क्षतिग्रस्त होने के कारण उतार लिया गया, लेकिन अब तक नया ध्वज नहीं लगाया गया। अमय पांडेय ने कहा, राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और अस्मिता का सर्वोच्च प्रतीक है।उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि तिरंगे को शीघ्र पुनः स्थापित किया जाए। साथ ही कहा कि यदि नगर पालिका या संबंधित विभाग किसी कारणवश ध्वज फहराने में असमर्थ है, तो वे नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारी वर्ग, युवा संगठनों, माताओं-बहनों के सहयोग से अपने व्यक्तिगत व्यय पर ध्वज फहराने को तैयार हैं। इसके लिए प्रशासन से केवल अनुमति चाहिए। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, डॉ. अनूप अग्रहरि, समाजसेवी उद्धव प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि राष्ट्र गौरव का यह प्रतीक बांसी में पुनः पूरी शान से लहरा सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि समाजसेवी अमय पांडेय द्वारा उठाई गई इस मांग पर जिला प्रशासन जल्द संज्ञान लेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखपाल प्रभात सैनी बने सिद्धार्थनगर के नए प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी पूर्वी जोन

**सिद्धार्थनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर जनपद में कार्यरत लेखपाल प्रभात सैनी को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी (पूर्वी जोन) नियुक्त किया गया है। यह आदेश उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री राहुल पटेल द्वारा दिनांक 18 जून 2026 को जारी कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से दिया गया। संघ के पत्र के अनुसार, मीडिया के माध्यम से संघ के कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु इन नियुक्तियों को हरी झंडी दी गई है प्रभात सैनी (निवासीः इंद्रानगर, तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर) की इस नियुक्ति पर जिले के समस्त लेखपाल साथियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं प्रभात सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह संघ की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### त्वरित आर्थिक विकास योजना 2025-26 के तहत इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**विशुनपुरा, कुशीनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम सभा एकवनहीं स्थित बेलाहवां टोला से लुकपुर सम्पर्क मार्ग पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। यह कार्य प्रदेश सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल रहे। उन्होंने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा गांवों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की थी। शिलान्यास के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाएगा।इस परियोजना का निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, कुशीनगर द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ठेकेदार अजय लोहिया ग्राम प्रधान उगनी देवी भाजपा नेता श्रीकांत जायसवाल सिद्धार्थ कुशवाहा भाजपा नेता महेश रौनियार राधेश्याम गुप्ता प्रमोद कुमार गौतम सौरव जायसवाल महामंत्री विवेक पांडे जवाहर पाल डीके मौर्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चला मिशन शक्ति अभियान

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली और पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी-112 पीआरवी, मनोरंजन कक्ष, जिला मेस, स्टोर, आरओ प्लांट, आरटीसी मेस समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी-112 वाहनों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट और अन्य संसाधनों की जांच कर नियमित साफ-सफाई एवं बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों और रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हें अद्यतन रखने पर जोर दिया। उधर, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए जिले भर में मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं शक्ति दीदी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विभिन्न थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों, पार्कों और बाजारों में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया।रुद्रपुर, गौरीबाजार और कोतवाली क्षेत्र में टीमों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर हेल्पलाइन-1930 समेत अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान के दौरान महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## सागवन की लकड़ी चोरी पर वन विभाग ने तीन पर की करवाई

**कुशीनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** वन रेंज क्षेत्र खड्डा अंतर्गत ग्राम सभा बहोर छपरा में बिना परमिट कराए रातों-रात कश्तकार चंदा देवी के खेत से भारी मात्रा में सागौन का पेड़ काट कर अवैध लकड़ी चीड़ने वाले आरा मशीन के प्रांगण में छुपा देने का मामला प्रकाश में आया है बता दे कि लगभग 15 से 20 वर्ष पूर्व 30 सागवन के पेड़ सहित योगेंद्र लाल श्रीवास्तव से चंदा देवी द्वारा रजिस्ट्री बैनामा लिया गया था जिस पेड़ को ग्राम के ही लोगों द्वारा अवैध तरीके से काटकर अवैध लकड़ी चीड़ने वाली आरा मशीन के प्रांगण में ले जाकर छिपा दिया गया सनद रहे की इसी माह के 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के



नाम अभियान के तहत अधिकारियों की उपस्थिति में पौधे लगाए गए थे अभी यह अभियान 15 दिन बीता ही नहीं की लगाओ एक पेड़ मां के नाम के विपरीत लकड़ी माफियाओं द्वारा चलाई जा रही अभियान कटवाओ 10 पेड़ बाप के नाम के तहत धड़ल्ले से प्रतिबंधित पेड़ों की कटिन कर रहे है ऐसे में वन विभाग खड्डा सवालों के कटघरे में दिखाई दे रहा है कश्तकार चंदा देवी से पूछताछ करने पर बताई कि मेरे द्वारा संबंधित थाने को शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग की गई थी जिसमें प्रभावशाली व्यक्तियों की प्रभाव से कारवाई सुन रही है जिसके कारण हमारे सागौन के पेड़ काट लिया गये जब वन विभाग खड्डा को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंच वन दरोगा ने आरा मशीन के भीतर छुपाई गई सागौन की लकड़ी का माप तौल किया लेकिन अब तक वन विभाग की कार्रवाई भी शून्य ही दिख रही है इसके बारे में वन दरोगा रमेश गुप्ता से पूछने पर बताएं कि 49 बोटा नगद सागौन की लकड़ी पकड़ी गई थी जो कश्तकार को सुपुर्द कर कार्रवाई की गई है इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी खड्डा से फोन के माध्यम से संपर्क करने पर बताई की मामला संज्ञान में है जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यात्रा पूरी कर घर लौटे इंजीनियर सनोज, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**तमकुहीराज/कुशीनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** देशभर की लंबी पैदल यात्रा पूरी करने के बाद इंजीनियर सनोज कुशवाहा शुक्रवार को अपने पैतृक गांव धर्मपुर पर्वत पहुंचे। उनके गांव लौटने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों व युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत कर यात्रा की उपलब्धि का सम्मान किया। सनोज कुशवाहा 23 अक्टूबर 2022 को भारत भ्रमण के उद्देश्य से पैदल यात्रा पर निकले थे। करीब तीन वर्ष, सात माह व 26 दिन तक उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण किया। गांव वापसी पर उनका स्वागत किसी उत्सव से कम नहीं रहा। घर पहुंचने से पहले ही दुदही क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा व ग्रामीण उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हो गए। लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डीजे की धुन व उत्साहपूर्ण माहौल के बीच स्वागत जुलूस निकाला गया, जो दुदही से धर्मपुर पर्वत



तक पहुंचा। गांव पहुंचने पर परिजनों, शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व प्रधान रामबिहारी राय, प्रधान प्रतिनिधि अमर हिंदुस्तानी, वीर बहादुर कुशवाहा, महंथ कुशवाहा, व्यास नारायण, प्रमोद कुशवाहा, अजय कुशवाहा, प्रेम प्रकाश यादव, मनोज कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, रवींद्र कुशवाहा, संतोष शुक्ल, रामप्रीत प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## कौशल प्रशिक्षण से उद्यमिता विकास संगोष्ठी का आयोजन

**संत कबीर नगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चकदही में कौशल प्रशिक्षण से उद्यमिता विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आईटीआई एवं कौशल विकास के द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक धीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया।

उद्योग विभाग से सहायक उपायुक्त सतीश द्वारा उद्यमिता विकास के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में भी चर्चा की गई तथा स्थानीय मांग अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने हेतु सुझाव दिया गया, कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य उदय नारायण जी द्वारा



प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा स्वरोजगार हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर उदय नारायण जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, धीरेन्द्र विक्रम सिंह एम०आई०एस० प्रबंधक, प्रशांत कुमार मिश्र एम०आई०एस० प्रबंधक, मो० अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल करने के लिए किया प्रेरित

**संत कबीर नगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान (दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक) के क्रम में विकास भवन स्थित डीपीआरसी हॉल/परिसर में आयोजित जनकल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों एवं विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित व जागरूक करने के दृष्टिगत विभागीय योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य विकास



अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के 12 वर्षों तथा राज्य सरकार के 09 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करना है।आयोजित विकास प्रदर्शनी में आज संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश से नामित लोक कलाकार रीना यादव एवं इंद्रावती 'अन्नू' द्वारा लोकगायन के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी दीपचंद चौरसिया, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र राय, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्मानित किसान, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## डिजिटल संचार के क्षेत्र में सूचना विभाग की प्रभावी पहल

◆ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी सहजता से पहुंचेगी आमजन तक

**गाजीपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल ह्रसूचना प्रवाह का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया। चौनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निमार्ता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सूचना प्रवाह उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी।

इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में सूचना प्रवाह यूट्यूब चौनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सूचना प्रवाह के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर मैहर कबीरपुर में उमड़ी भीड़

**अयोध्या, 19 जून (तरुणमित्र)।** तारुन ब्लॉक के मैहर कबीरपुर स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रताप फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर यूपी बोर्ड 2026 परीक्षा में तारुन ब्लॉक के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉप-15-15 कुल 30 छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विधायक अभय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है तथा युवाओं को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

## प्राकृतिक खेती से बदलेगी भारत की तस्वीर : सूर्य प्रताप शाही

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषि प्रशिक्षण केंद्र बैतालपुर में आयोजित दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की कृषि व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस पद्धति से खेती की लागत लगभग शून्य हो सकती है और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की खेती को रसायनमुक्त बनाने का संकल्प लिया है, जिससे किसानों के साथ-साथ आम लोगों को भी शुद्ध और सुरक्षित खाद्यान्न उपलब्ध होगा। विशिष्ट अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने युवाओं से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि भोजन की थाली को रसायनों से मुक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक होना होगा।

## लाखों की नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की बू,घटिया ईंटों से हो रहा निर्माण, जिम्मेदार मौन

**पडरौना, कुशीनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** पड़रौना ब्लॉक के ग्राम पंचायत जंगल बनबीरपुर में गांव से नहर तक लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया गुणवत्ता की ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।निमार्णाधीन नाली कई स्थानों पर शुरूआती दौर में ही क्षतिग्रस्त होने लगी है,जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सरकारी धन से कराए जा रहे इस विकास कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। खराब गुणवत्ता की ईंटों से निर्माण कराए जाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से



वायरल हो रहा है,जिसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मामले को लेकर जब खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पड़रौना कमलेश राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। शिकायत मिलने के बाद तत्काल इसकी जांच कराई जाएगी और मौके पर अधिकारियों को भेजकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। वहीं मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए गए हैं।

यदि जांच में घटिया सामग्री के प्रयोग या किसी भी प्रकार की अनियमितता की पुष्टि होती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 63 वाहनों का चालान

**देवरिया, 19 जून (तरुणमित्र)।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में सघन जांच की गई। इस दौरान सड़क किनारे वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी बैठाकर चलने वालों तथा वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## मोहर्रम को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की हुई बैठक

**गाजीपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुहर्रम के त्यौहार को शान्तिपूर्वक, सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ताजियादारो एवं ग्राम प्रधानों संग सेंटरल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में आडिटोरियम हाल में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने ताजियादारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपद वासियों से त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने की अपील कीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि



कोई भी ताजियॉ 10 फीट से उपर न बनायी जाय। जुलूस में किसी प्रकार का अस्त्र सस्त्र का प्रदर्शन न किया जाय ऐसा करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से किसी भी तरह की भ्रामक अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने त्यौहार पर व्यापक साफ-सफाई व्यवस्था ,पेयजल एवं विद्युत सप्लाई की निरंतर व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि मुहर्रम जूलुस, ताजिये, परम्परागत मार्गो से निकाली जाये तथा कोई नई परम्परा की शुरूआत नही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने खराब सड़को को सही कराने, निर्बाध रूप से विद्युत सप्लाई, साफ-सफाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित ताजियादारों से उनके क्षेत्र की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित को सही कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा वेद सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ,उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

## टोल प्लाजा पर 24 घंटे गूंजेंगे सड़क सुरक्षा संदेश, रॉन्ग साइड, ओवरस्पीडिंग व अवैध पार्किंग पर चलेगा विशेष अभियान

**उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षित यातायात व्यवस्था एवं आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।




बता दें कि जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कानपुर-झांसी फोरलेन पर स्थित एट एवं आटा टोल प्लाजा पर पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से चैबीसों घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं। विशेष रूप से रात्रिकालीन समय में थके हुए वाहन चालकों को विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि नींद और थकान के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता और सतर्कता दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि एट एवं आटा टोल प्लाजा पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर वाहन चालकों एवं परिचालकों की मधुमेह, रक्तचाप, नेत्र परीक्षण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच कराई जाए। साथ ही वाहन चालकों की दक्षता का भी परीक्षण किया जाए, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले चालकों की स्वास्थ्य स्थिति का समय-समय पर आकलन हो सके। जिलाधिकारी ने फोरलेन मार्ग पर ले-बाई के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर खड़े होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने तथा ऐसे वाहन स्वामियों के विरुद्ध लाइसेंस एवं परमिट निरस्तीकरण सहित कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अनियमित पार्किंग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है और इसके प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर रॉन्ग साइड वाहन संचालन, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। शहर को जाममुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी ने जिला परिषद चैराहे से अंबेडकर चैराहे तक अतिक्रमण हटाने एवं सड़क चैड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप सुभाष तिराहे पर स्थापित प्रतिमा को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित कर सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति देने तथा तिराहे पर लगने वाले जाम से स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, एआरटीओ प्रशाशन सौम्या पाण्डेय, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी-1 सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता सीडी-3 महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विधुत महेन्द्र नाथ आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने खकसीस रजवाहा नहर का किया भूमिपूजन

## 5.33 करोड़ रुपए की लागत से होगा पुनर्स्थापना कार्य



**कोंच/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** किसानों के लिए खेतों में सिंचाई हेतु करीब 5 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से तहसील क्षेत्र में खकसीस रजबहा की 16.200 किमी दूरी की पुनर्स्थापना एवं नहरी भूमि सीमांकन कार्य अब जल्द ही मूर्तरूप लेता हुआ नजर आएगा। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने उक्त कार्य का भूमि पूजन कर शुभांरभ कराया।

क्षेत्र के किसानों की मांग पर विधायक मूलचंद्र द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए शासन स्तर पर पैरवी किए के फलस्वरूप प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अनुमोदन पर स्वीकृत हुए इस कार्य का भूमि पूजन विधायक ने उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच किया। इस मौके पर मौजूद क्षेत्र के किसानों के बीच अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि खकसीस रजबहा की पुनर्स्थापना (चैड़ी और गहरी खुदाई सहित पक्का निर्माण) होने से आसपास के खेतों में सिंचाई के लिए यहां के किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, साथ ही पानी की उपलब्धता से अन्य जरूरतें भी पूरी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं खुशहाली के लिए यह बड़ा कदम है। आने वाले कुछ माह में ही बेतवा नहर प्रखंड द्वितीय उरई एवं सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा इस रजबहा की पुनर्स्थापना का कार्य पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व विधायक सहित जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चैहान, भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चैहान आदि का विभागीय कर्मियों ने स्वागत किया। इस मौके पर नहर विभाग के अधिशासी अभियंता सीपी सिंह, सहायक अभियंता राजीव वाजपेयी, अवर अभियंता भरत प्रकाश, विधायक प्रतिनिधि महेश राजावत पतराही, नामित सभासद कोंच सुनील शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंगरा भरत भदौरिया, ऋषि उपाध्याय, रामशोभरन कुशवाहा, प्रदीप नगाइच, अरविंद गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**जालौन/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** कोंच चौराहे से घर की ओर आ रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी शबना ने पुलिस को बताया कि बीती 13 जून को उसके पति नियामत किसी काम के चलते कोंच चैराहे की ओर गए थे। रात में वह कोंच चैराहे से वापस घर लौट रहे थे। तभी कोंच चैराहे से उरई की ओर जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पति को टक्कर मार दी थी।

# स्वच्छ भारत मिशन को पलीता, ग्रामीण कीचड़-बदबू में जीने को मजबूर

## जगम्मनपुर में 15 हजार आबादी, सिर्फ एक सफाईकर्मी

**रामपुरा/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के जगम्मनपुर विकास खण्ड रामपुरा में स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत सवालों के घेरे में है। करीब 15 हजार से अधिक आबादी और 6500 मतदाताओं वाले इस बड़े गांव की गलियां गंदगी, कीचड़ और दुर्गंध से भरी हुई हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है।



बता दें कि जगम्मनपुर में कुल 15 वार्ड हैं, जिनकी सफाई व्यवस्था का जिम्मा केवल एक सफाईकर्मी पर है। स्थिति तब और बिगड़ जाती है जब इस एकमात्र सफाईकर्मी की ड्यूटी महीने में लगभग 15 दिन अन्य ग्राम पंचायतों में लगा दी जाती है, जिससे गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव के वार्ड नंबर-12 फर्स मोहल्ला, वार्ड-13 कनरया मोहल्ला, वार्ड-3 चंदेल मोहल्ला और वार्ड-15 हुसेपुरा रोड सहित अनेक सड़कें नालियों के कीचड़ और गंदगी से अटी पड़ी हैं। इन स्थानों पर सड़कों और नालियों का अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है। बरसात के मौसम में नालियों का गंदा पानी घरों में घुस जाता है। स्थानीय निवासियों जैसे रामसनेही, रामचरण, ब्रजकिशोर, प्रभू, भूके और रामप्रसाद ने बताया कि सफाई के अभाव में छोटे बच्चे अक्सर कीचड़ में गिरकर घायल हो जाते हैं। नालियों में जमा सड़ा पानी दुर्गंध फैलाता है और मच्छरों के प्रकोप से परिवार के सदस्य आए दिन बीमार पड़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने ग्राम पंचायत और विकासखंड कार्यालय में कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

मजबूरन, लोग स्वयं ही थोड़ी-बहुत सफाई कर अपना गुजारा कर रहे हैं। इस संबंध में, एडीओ पंचायत भारतसिंह ने स्वीकार किया कि जगम्मनपुर में केवल एक सफाईकर्मी तैनात है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नालियों और सड़कों की सफाई कराई जाएगी। हालांकि, यह सवाल बना हुआ है कि जब दो-तीन हजार आबादी वाली ग्राम पंचायतों में दो से तीन सफाईकर्मी तैनात हैं, तो 15 हजार की आबादी वाले जगम्मनपुर के साथ यह भेदभाव क्यों हो रहा है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पेयजल, नगर निकाय, समाज कल्याण, आपूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।



जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण हेतु मौके पर जाकर जांच कर वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को त्वरित न्याय एवं पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा तथा राजस्व संबंधी मामलों में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर संयुक्त टीम के साथ जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शिकायतकर्ता को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा समय-समय पर की जाएगी और असंतोषजनक निस्तारण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। जनहित से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

# पल्स पोलियो की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

**कोंच/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चलाए जा रहे महा अभियान पल्स पोलियो के तहत 28 जून 2026 से इसका चक्र शुरू होना है। जिसकी तैयारी के लिए दिन शुक्रवार को उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कार्यालय में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एम ओ आई सी) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि एवं सदस्यों के साथ 28 जून से प्रारम्भ होने बाले पल्स पोलियो अभियान के सम्बन्ध में बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में सफल किर्यान्वयन के लिए उपस्थित सदस्यों से एसडीएम ने वार्ता करते हुए अभियान को शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाए जाने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएंगी। जिसमें बूथों पर दबा पिलाए जाने के साथ साथ मोबाइल टीमों द्वारा घर घर जाकर दवा पिलाई जाए। जिससे इस चक्र से कोई भी बच्चा छूटने न पाये जिसकी लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### मोटर साइकिल सवार गिरकर हुआ घायल

**कोंच/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** दिन गुरुवार की देर रात रिंग सेरेमनी से वापस लौट रहा व्यक्ति सड़क किनारे पडे पेड़ से टकरा गया। जिससे मोटरसाइकिल सहित सड़क पर जा गिरा। जिसे पीछे आ रहे परिजनों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामचंद्र पटेल पुत्र रघुवर दयाल उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम संधि थाना आटा अपने भांजे की रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए उरई रोड स्थित आशीर्वाद होटल आए थे और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात अपने ग्राम मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे और जैसे ही ग्राम भदारी के नजदीक पहुंचे तभी सड़क किनारे पड़े पेड़ से उनकी मोटर साइकिल टकरा गई। जिससे वह मोटर साइकिल सहित सड़क पर जा गिरे तभी पीछे से आ रहे परिजनों ने घायल रामचन्द्र को देखा तो उन्हें तुरंत ही उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### आरोपी को न्यायालय में किया पेश

**जालौन/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन कर जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर पूर्व में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी श्यामू पुत्र बसोरे को 30 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छह माह के लिए जनपद जालौन की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि तक उसके जनपद में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। गुरुवार की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गशत कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जिलाबदर किया गया आरोपी औरेखी पुल के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### व्यक्ति की बाइक चोरी

**कोंच/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** उरई रोड स्थित आशीर्बाद क्लब में खाना खाने गए व्यक्ति की मोटर साइकिल अज्ञात चोर चुरा ले। गए जब वाहन स्वामी खाना खाने के बाद मोटर साइकिल लेने आया तो उसकी मोटर साइकिल नदारत थी। कोतवाली के मोहल्ला लाजपत निवासी साकेत बिहारी पुत्र राजाराम अपने भाई हिमांशु अग्रवाल की मोटर साइकिल यूपी 92 एजे 5929 टीबीएस रेडॉन से दिनांक 18 जून 2026 की रात्रि लगभग 8 बजे उरई रोड स्थित आशीर्वाद क्लब में खाना खाने गया था और अपनी मोटर साइकिल को क्लब के सामने गली में खड़ी कर दी थी और जब रात्रि 10 बजे खाना खाकर बापिस साकेत बिहारी मोटर साइकिल लेने के लिए गया तो मोटर साइकिल नदारत थी। जिस पर साकेत ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर मोटर साइकिल चोरी होने की बात बतायी उक्त के सम्बन्ध में साकेत ने दिन शुक्रवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### पीड़िता ने दी तहरीर

**जालौन/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** बहनोई द्वारा बहन की पिटाई करने एवं बीच बचाव करने पर छोटी बहन के साथ भी गाली, गलौज किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी शिवानी ने पुलिस को बताया कि वह गांव में बड़े बहनोई के पास रहती है। शुक्रवार की दोपहर उसके छोटे बहनोई लोकेंद्र कुमार उसकी बड़ी बहिन कल्पना की पिटाई कर रहे थे। शोरगुल सुनकर जब वह बहिन को बचाने के लिए पहुंची तब भी वह नहीं माने। उल्टा उसके साथ भी गाली, गलौज करने लगे।

# व्यापारियों ने छ: सूत्रीय ज्ञापन मंडी निदेशक को भेजा

**उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जनपद इकाई ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर लिखित ज्ञापन मण्डी निदेशक उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को डीएम के माध्यम से भेजा।



ज्ञापन में बताया कि नई ऐप व्यवस्था का विरोध है क्योंकि मंडी समिति द्वारा गाड़ियों पर नई ऐप व्यवस्था/टैग व्यवस्था को बिना व्यापारी संघों से परामर्श के लिए अनिवार्य किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप से जटिल एवं व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल रही है। दुकानों के किराए में 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि समाप्त किया जाए। मंडी समिति द्वारा दुकानों के मासिक किराए में प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत की स्वतः वृद्धि की जा रही है। कृषि उत्पादों के मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण यह वृद्धि व्यापारियों के लिए असहनीय हैं। अतः इस प्रावधान को तत्काल समाप्त किया जाए। वर्ष 2010 के आदेश का अनुपालन न होने से व्यापारियों को समस्या है। मंडी समिति उरई द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप बी-क्लास के व्यापारियों पर किराए का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसलिए आदेश का तत्काल अनुपालन कराते हुए व्यापारियों को राहत दी जाए। सभी प्रकार की बी-क्लास सहित अन्य श्रेणी की दुकानों में भी की गई किराए वृद्धि को वापस लिया जाए, क्योंकि यह वर्ग के व्यापारी पहले से ही सीमित मुनाफे पर कार्य कर रहे हैं।

मंडी परिसर में जल निकासी के लिए बने हुए नालों की सफाई तथा नालों से सम्बन्धित जल भराव से निजात दिलाये जाने की गल्ला व्यापार सेवा समिति ने मांग उठाई। इस दौरान ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से रवि इटौदिया, अनूप, श्रवण कुमार, लालजी, प्रदीप महेश्वरी, दिलीप सेठ, अरूण त्रिपाठी, मनीष शंकर, पुरूषोत्तमदास, दीपक, रविन्द्र नीखरा, दिनेश तिवारी, मानसिंह, अनुराग सहित तमाम उद्योग व्यापार मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**जालौन/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने अभियान में लगाए गए शिक्षकों, आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. सहन विहारी गुप्ता बताया कि 28 जून रविवार को आयोजित पोलियों प्रतिरक्षण अभियान है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीम के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नगर में 12,140 घरों की 72,645 की जनसंख्या में शून्य से पांच वर्ष के 9,260 बच्चों दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत 28 जून दिन रविवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। नगर में दवा पिलाने के लिए 31 बूथ बनाए गए हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 88 बूथ बनाए गए हैं। यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए है। ट्रांजेट बूथ के माध्यम से देवनगर चौराहा, कोंच चोरहा व सहाव मोड़ पर यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सोमवार 29 जून से तीन जुलाई तक 21 टीमें नगर में और 44 टीमें ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर बच्चों को दवा पिलाएंगी। अभियान में छूटे बच्चो को नगर क्षेत्र में दो टीम व ग्रामीण क्षेत्र में चार टीमें चार जुलाई को बच्चों को दवा पिलाएंगी। कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रह जाए इसके लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों को अलग अलग जोन में बांटा गया है।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति व मानव स्वास्थ्य को रखें सुरक्षित: गंगवार

## खरीफ गोष्ठी व किसान मेले में किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी

**उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** नवीन तहसील भवन परिसर, उरई में आयोजित जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेला-2026 तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति एवं मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।




बता दें कि सदस्य गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश राजेश सिंह सेंगर, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में किसान ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, विद्युत, भूमि संरक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। सदस्य गो सेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर ने अपने संबोधन में किसानों से गोपालन एवं गो-आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल उत्पादन लागत में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया। विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन ने किसानों से चरणबद्ध तरीके से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित किसानों का स्वागत करते हुए खरीफ अभियान-2026 की रणनीति, विभागीय योजनाओं तथा फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से समयबद्ध पंजीकरण कराने तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खरीफ फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम, उन्नत बीजों के उपयोग, फसल प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम आधारित कृषि प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती की उपयोगिता के संबंध में भी जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अखिलेश तिवारी, जिला कृषि अधिकारी गगनदीप, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधि, सिंचाई, विद्युत, नलकूप एवं लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# हिन्दू महासभा ने विचार गोष्ठी आयोजित कर महारानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

**कोंच/उरई, 19 जून (तरुणमित्र)।** नगर में दिन गुरुवार की देर शाम अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वावधान में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस वीरता और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरूआत चंदकुआ स्थित महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्तियां जलाकर की गई वही आयोजित विचार गोष्ठी में महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झांसी की रानी ने अपने अद्वितीय शौर्य और पराक्रम से इतिहास में अमिट स्थान बनाया है।

उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया जो आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई केवल एक वीर योद्धा ही नहीं थीं बल्कि महिला शक्ति आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक भी थीं उनका जीवन युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी साहस नहीं खोया और देश की स्वतंत्रता के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करती रहीं।

# आज से दो दिवसीय बुंदेलखण्ड दौरे पर रहेंगे सीएम योगी

● ललितपुर को मिल सकती हैं करोड़ों की सौगात
● तुवन मंदिर मैदान में जनसभा, विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास और समीक्षा बैठक करेंगे मुख्यमंत्री

ललितपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से दो दिवसीय बुंदेलखंड दौरे के तहत ललितपुर, झांसी और महोबा का दौरा करेंगे। ललितपुर में मुख्यमंत्री का करीब ढाई घंटे का प्रवास प्रस्तावित है, जिसके दौरान वह जनसभा को संबोधित करने के साथ-साथ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री सुबह 11:30 बजे शहर के तुवन मंदिर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं एवं कानून-व्यवस्था की प्रगति का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री सदर विधानसभा ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा क्षेत्र की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान जिले को करोड़ों रुपये की नई विकास योजनाओं की सौगात भी मिल सकती है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने जनसभा की तैयारियों और विकास कार्यों को लेकर जानकारी दी। इधर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों और कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।करीब तीन वर्ष बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ललितपुर दौरा हो रहा है। राजनीतिक दृष्टि से भी इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए मुख्यमंत्री का बुंदेलखंड दौरा खास अहमियत रखता है।

## पुलिस अधीक्षक ने की वर्चुअल जनसुनवाई

महोबा, 19 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक महोबा, शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

# महोबा को कल मिलेंगी विकास की नई सौगातें, मुख्यमंत्री का दौरा तय

महोबा, 19 जून (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 21 जून को प्रस्तावित महोबा दौरे का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम एवं प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री सुबह जनपद महोबा पहुंचेंगे, जहां वे सदर विधानसभा एवं चरखारी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद को नई सौगातें देंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का आगमन निर्धारित समयानुसार होगा। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दौरे के दौरान जनपद के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिससे सदर एवं चरखारी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उनके आगमन को लेकर जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय



नागरिकों में उत्साह का माहौल है। प्रशासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की विस्तृत रूपरेखा तय कर दी गई है, जिसके तहत आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## जामनी नदी में कूदकर युवक की आत्महत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। जामनी नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में महरौनी पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के आरोप में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सर्विलांस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर की। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरौनी पुलिस ने थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 224/2026, धारा 108 बीएनएस में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मिदरवाहा निवासी चाली राजा पुत्र छोटे राजा के रूप में हुई है।

## सौगातः 32.39 करोड़ से चमकेगा बबेरू-तिन्दवारी-सुमेरपुर मार्ग

बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुंदेलखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के संकल्प के तहत बांदा जिले को एक बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए लोक निर्माण विभाग ने स्टेट हाईवे-134 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 32.39 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके पूरे होने से बबेरू, तिन्दवारी और हमीरपुर के सुमेरपुर क्षेत्र के बीच का सफर न सिर्फ आसान होगा बल्कि बुंदेलखंड में व्यापार और विकास की रफ्तार को भी नए पंख लगेंगे।

यह पूरा प्रोजेक्ट 12 किलोमीटर लंबे (स्टेट हाईवे-134 के कायाकल्प से जुड़ा है। वर्तमान में इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी और सड़क जर्जर होने के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और इसे अत्यधिक मजबूत बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आधुनिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों के इस्तेमाल से यहां चमचमाती सड़क बुंदेलखंड के गौरव को और बढ़ाएगी। योगी सरकार की जीरो टालरेंस नीति और समयबद्धता का असर इस प्रोजेक्ट पर भी साफ दिख रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस परियोजना का निर्माण कार्य 11 मार्च 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है।

# जिले तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी सहजता से पहुंचेगी

चित्रकूट, 19 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चौनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया गया।

चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निमार्ता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। चित्रकूट जिलाधिकारी



पुलकित गर्ग ने कहा की अब जनता के लिए यह 'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में 'सूचना प्रवाह' यूट्यूब चैनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। 'सूचना प्रवाह' के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

यह यूट्यूब चैनल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रसार का एक प्रभावी मंच बनेगा तथा आमजन और शासन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



चित्रकूट, 19 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम विगत बैठक की कार्यवृत्त और निर्णयों के अनुपालन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि 'निवेश मित्र' पोर्टल, 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' तथा 'एक जनपद-एक उत्पाद' (डउ्डढ) वित्तपोषण योजना के अंतर्गत जितने भी आवेदन पत्र लंबित हैं, संबंधित विभाग और बैंक समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद को कुल 1800 का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक (छउ्ट) को निर्देशित किया कि बैंकों द्वारा पूर्व में स्वीकृत की जा चुकी सभी पत्रावलियों के सापेक्ष एक सप्ताह के भीतर ऋण धनराशि का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए।

## फरियादियों की समस्याओं का समय से निस्तारण करें : एसपी

हमीरपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। प्रत्येक प्रकरण, मामले को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत निष्पक्ष गुणात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश जनपद के पुलिस अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई के दौरान दिए हैं। आज पुलिस अधीक्षक, मृगांक शेखर पाठक पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों को देख पढ़ कर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को कार्यवाही से अवगत कराया जाए। हमीरपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

## महिलाओं के साथ गाली गलौज, मारपीट व अश्लील हरकत को लेकर पुलिस ने दर्ज किया मकदमा

हमीरपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। कार्यक्रम में महिलाओं के साथ गाली गलौज ,मारपीट व अश्लील हरकत करने के मामले को लेकर पीड़ित महिला ने थाना राठ पर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। तहरीर में उल्लेख किया गया कि बीती रात 18जून को अपनी सहेलियों के साथ थाना क्षेत्र राठ के ग्राम परा में आयोजित एक नृत्य-गायन कार्यक्रम में सम्मिलित होने गई थी। कार्यक्रम के दौरान अभियुक्तगण सुनील पुत्र अज्ञात एवं नरेश पुत्र अज्ञात, निवासीगण ग्राम परा, थाना राठ, जनपद हमीरपुर द्वारा आवेदिका एवं उसकी सहेलियों के साथ गाली-गलौज, मारपीट , अश्लील हरकत करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। आवेदिका की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण सुनील पुत्र अज्ञात एवं नरेश पुत्र अज्ञात, निवासीगण ग्राम परा, थाना राठ, जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। राठ पुलिस इस प्रकरण में नियमानुसार विवेचनात्मक एवं अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## कल सीएम कर सकते हैं करोड़ों की विकास योजनाओं की घोषणा

हमीरपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। आगामी 21 जून को कस्बा राठ में प्रदेश के मुख्य मंत्री के जनपद हमीरपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने राठ भ्रमण के दौरान कड़ी सुरक्षा, जनसभा, आगमन आदि अन्य सभी व्यवस्थाओं को बारीकी के साथ समीक्षा कर अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज ने हमीरपुर डी एम, और एस पी के साथ थाना राठ के ब्रह्मानन्द डिग्री कॉलेज मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड, जनसभा स्थल, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं तथा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही अन्य तैयारियों पर विशेष चर्चा की है।। सुरक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। एडीजीपी प्रयाग राज्य जोन, ज्योति नारायण सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, संचार व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक बिंदु पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के अवसर पर माननीय राठ विधायक श्रीमती मनीषा अनुरागी, जिलाधिकारी अभिषेक गोयल, पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक, सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

फतेहपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के सुप्रीम लीडर राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए। कहीं केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तो कहीं जरूरतमंदों और वृद्धजनों के बीच फल वितरित कर उनकी लंबी आयु की कामना की गई।

खागा कस्बे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रकाश पांडेय, सलीम शेख, आरिफ खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश द्विवेदी और शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मवैया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को फल



वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान शेख एजाज अहमद, पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, सैयद सहाब अली सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि कई बुजुर्ग, जिन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें योग्य बनाया, आज उपेक्षा का शिकार होकर वृद्धाश्रमों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर वृद्धजनों का आशीर्वाद लेना और उनकी सेवा करना ही सच्ची श्रद्धा है। वहीं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि देश के लोग राहुल गांधी से बेहतर भविष्य की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण है और इसी भावना के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता वृद्धाश्रम पहुंचे हैं। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की।

# बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था से बढ़ा कानून पर जनता का भरोसा

विजयीपुर, फतेहपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। जनपद में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में पुलिस लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है। इसी क्रम में किशनपुर थाना प्रभारी योगेश कुमार की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जनहितैषी कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। आम नागरिकों का कहना है कि वर्तमान समय में थाना स्तर पर जनसुनवाई व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावी हुई है तथा पीड़ितों की शिकायतों का गंभीरता से सुनकर समयबद्ध निस्तारण कराया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार थाना प्रभारी योगेश कुमार के नेतृत्व में



अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ, चोरी, मारपीट एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई का सकारात्मक असर क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिससे आमजन स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि वर्तमान में पुलिस कानून के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है तथा किसी भी प्रकार के

● प्रशासनिक बेहतर कार्यशैली की हो रही क्षेत्र में सराहना

अनावश्यक दबाव या प्रभाव से मुक्त होकर कार्य करने का प्रयास कर रही है। इसी कारण आम लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और थाना परिसर में पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर सकारात्मक माहौल बना है। जनचर्चाओं के अनुसार कुछ असंतुष्ट तत्व विभिन्न माध्यमों पर भ्रामक एवं अपुष्ट जानकारियां प्रसारित कर पुलिस की छवि प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि स्थानीय नागरिकों का मानना है कि पुलिस प्रशासन तथ्यों एवं कानून के आधार पर कार्य करते हुए अपनी निष्पक्षता बनाए हुए है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि थाना प्रभारी योगेश कुमार की कार्यशैली में पीड़ितों की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई और कानून के समान अनुपालन को प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण है कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार जवाबदेह, पारदर्शी एवं सख्त पुलिसिंग जारी रही तो क्षेत्र में अपराध पर और अधिक प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा कानून व्यवस्था और मजबूत होगी। जनपद में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चल रही सक्रिय पुलिसिंग को स्थानीय नागरिक सकारात्मक पहल मान रहे हैं। उनका कहना है कि अपराध एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता ही बेहतर पुलिस व्यवस्था की पहचान है।

## आत्मरक्षा के गुर सीख किशोरियों में बढ़ा आत्मविश्वास

बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)। आत्मरक्षा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वनांगना संस्था द्वारा संचालित गुफ्तगू मंच के 15 दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान किशोरियों ने सीखे हुए कौशल का प्रदर्शन कर अपनी दक्षता का परिचय दिया, वहीं सांस्कृतिक और मुद्दा आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच तथा सामाजिक समझ को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## प्राकृतिक खेती कर आत्म निर्भरता की ओर बढ़े किसानः ऊर्जा मंत्री

कन्नौज, 19 जून (तरुणमित्र)। प्राकृतिक खेती से होगा स्वस्थ भारत और समृद्ध किसान का निर्माण विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्राकृतिक खेती की अहम भूमिका प्राकृतिक खेती है किसानों की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य की गारंटी

प्राकृतिक खेती अपनाकर स्वस्थ समाज और समृद्ध किसान का सपना होगा साकार यह विचार राज्य मंत्री ऊर्जा कैलाश राजपूत ने केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला के आयोजन में कहे। कार्यक्रम से पूर्व राज्य मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मा० राज्य मंत्री श्री कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित होने के साथ-साथ अनेक गंभीर बीमारियां भी बढ़ रही हैं। प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान उत्पादन लागत में कमी ला सकते हैं तथा सुरक्षित, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न का उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती के संबंध में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझें और इसे अपने खेतों में अपनाकर आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ कृषि व्यवस्था की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं का पुनः सत्यापन कराया जाए तथा जहां कहीं भी कमियां पाई जाएं, उन्हें समयबद्ध ढंग से दूर किया जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य किसानों को ऐसी कृषि पद्धतियों से जोड़ना है, जो कम लागत, अधिक लाभ, बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का आधार बनें।

## देश की जनता राहुल गांधी को भावी पीएम के रूप में देख रही : राजेश

बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)। उ0 प्र0 कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस जननायक राहुल गांधी का जन्म दिवस कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में फल, बिस्किट व टाफी का वितरण कर ग्राम पंचायत कहला में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं उनकी दीघार्यु की कामना की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि सांसद माननीय राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष देश में एक अपनी अलग पहचान बनाकर देशवासियों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे है, देश की जनता आज उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है। वर्तमान समय में लोक तंत्र व संविधान की जिस प्रकार प्रदेश व देश में काबिज भाजपा सरकार कुठाराघात करने में लगी है उससे जनमानस त्रस्त है महंगाई, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, दलित, ओबीसी, अल्प संख्यक समुदाय का उत्पीड़न चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष के लिए तैयार है, जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारी संख्या में ग्रामीणों सहित कांग्रेस पदाधिकारी एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. संजय द्विवेदी दनादन, सूरज बाजपेई, जिला महासचिव शोएब रिजवी, सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

ललितपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को महरौनी में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह और सेवा भावना के साथ मनाया।

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए तथा इंदिरा चौराहे पर केक काटकर उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी से हुई, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की



कामना भी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनसेवा ही किसी जननेता के जन्मदिन को मनाने का सबसे सार्थक माध्यम है। इसके बाद कार्यकर्ता इंदिरा चौराहे पहुंचे, जहां पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इसके उपरांत केक काटकर राहुल गांधी के जन्मदिन की खुशियां मनाई गईं और उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि वर्तमान समय में देश की जनता राहुल गांधी की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, संविधान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि पार्टी ने राहुल गांधी के जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया था। इसी उद्देश्य से मरीजों को फल वितरित कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, आसाराम तिवारी, शशिकांत दीक्षित, पंकज हुण्डैत, राजा राजपाल सिंह, मोहनसिंह चंदेल, संतोष राय, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, दिनेश रजक, जाहर सिंह बघेल, अखिलेश जैन, सूर्यप्रताप सिंह जमींदार, राकेश तिवारी, राकेश सेन, अभिषेक जैन, रवि राजा, राकेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया।

# नरैनी विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

नरैनी/बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)। नरैनी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा ने ग्राम पंचायत सढ़ा के मजरा धनेश्वर पुरवा एवं ग्राम सढ़ा में नव निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित जन चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा जनहित से जुड़े विषयों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा ने ग्राम पनगरा में रात्रिकालीन जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनता



की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। रात्रि प्रवास के दौरान विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा ने बूथ अध्यक्ष श्री रतिराम प्रजापति के निवास पर भोजन ग्रहण कर उनका स्नेह एवं आत्मीय आतिथ्य स्वीकार किया तथा इसके लिए आभार व्यक्त किया।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत पर बवाल

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस पर शव जबरन पोस्टमार्टम के लिए भेजने का आरोप

**कौशाम्बी, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर चौकी अंतर्गत स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस पर भी शव को जबरन पोस्टमार्टम के लिए भेजने तथा वीडियो बना रहे लोगों के मोबाइल छीनने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसेना तिल्लाहपुर मोड़ निवासी लवकेश कुमार की पत्नी मुन्नी देवी को पेट दर्द की शिकायत पर करीब एक सप्ताह पूर्व मंझनपुर क्षेत्र स्थित न्यू प्रीति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि चार दिन पहले अस्पताल में महिला का ऑपरेशन किया गया था। शुक्रवार की भोर में अचानक तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने समुचित उपचार नहीं किया, जिससे उनकी मौत हो गई।

महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन भड़क उठे और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि विरोध जताने पर अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट की तथा बाद में अस्पताल छोड़कर चले गए।

घटना की सूचना पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी सहमति के बिना शव को जबरन उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना का वीडियो बना रहे कुछ लोगों के मोबाइल भी पुलिसकर्मियों द्वारा छीन लिए गए। इसको लेकर परिजनों में अस्पताल प्रशासन और पुलिस के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।पुलिस के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र की निवासी महिला पिछले पांच दिनों से न्यू प्रीति हॉस्पिटल, दीवर कोतारी में भर्ती थीं। 18 जून 2026 को उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया था। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने शव को अस्पताल के बाहर रख दिया था, जिसके बाद उन्हें समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया।

### दरवाजे पर गोबर फेंकने के विवाद में पांच पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** दरवाजे पर गोबर फेंकने के विवाद को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कम्भीट गांव की रहीसुलनिशा पत्नी शकील ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दरवाजे पर गोबर फेंकने के विवाद को लेकर उन्नीस जून को गांव के शहनाज, गुलनाज, मौजम, आदिल, रवीशुल पुत्रगण जहीर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों द्वारा इसी विवाद को लेकर पूर्व में पीड़िता की पुत्री को मारापीटा भी था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चार ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल के माध्यम से अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 4 ग्राम पंचायतों में वृहस्पतिवार को आयोजित रात्रि चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

रात्रि चौपालों का आयोजन विकास खंड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत सरायशेर खाँए बिहार की देवरपट्टीए पट्टी की सैफाबाद व विकास खण्ड गौरा की दसियाभानपुर ग्राम पंचायत में किया गया। चौपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपालों में नामित नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आवासए वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशनए राशन कार्डए पेयजलए स्वच्छताए भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। चौपालों के दौरान अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कियाए आवश्यक दवाओं का वितरण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## विकसित कृषि संकल्प व खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के तहत बुधवार को जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में कृषि संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकों, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के ग्राम सभा चंदाव सोम बनियान व छेमर सराय, विकासखण्ड़ लालगंज की ग्राम सभा समापुर व काजीपुर एवं विकास खण्ड़ मान्धाता के ग्रामसभा बेलखारी व पूरे लाल में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, एम.पी. सिंह, यतेंद्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उत्पादन लागत कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया।

# राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसजनों ने धूमधाम से मनाया, वृद्धाश्रम में बांटे फल व मिठाई

**कौशाम्बी, 19 जून (तरुणमित्र)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।




जन्मदिन समारोह के तहत कांग्रेसजनों ने मंझनपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच फल एवं मिठाई वितरित की। इस दौरान बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उनके साथ समय बिताया गया तथा राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी देश के शोषित, वंचित एवं कमजोर वर्गों की मजबूत आवाज हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक दूरदर्शी नेता हैं, जो लगातार जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्याओं से युवा वर्ग परेशान है, जबकि आम जनता की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

गौरव पाण्डेय ने कहा कि देश की जनता अब राहुल गांधी की ओर आशा और उम्मीद के साथ देख रही है। किसान, युवा और आम नागरिक भविष्य में बेहतर नेतृत्व और जनहितकारी नीतियों की अपेक्षा कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा ह्यपप्पूह्न, मनोज सिंह पटेल, उदय यादव, रामसूरत रैदास, जिला महासचिव आसिफ अल्वी, जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, हेमंत रावत, इंद्रपाल रैदास, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष कड़ा रफीक अहमद, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, सदाशिव पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, पूजा कुमारी, रामदास राही, संदीप कुमार, छोटे लाल, दिनेश कुमार, अंकुर कुमार, अजय सरोज, सुनील कुमार, उमेश कोरी, रामू प्रजापति, प्रियांशु त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि 20 जून 2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमे निजी क्षेत्र की कम्पनियो के द्वारा ट्रेनीए आपरेटर असिस्टेन्ट के विभिन्न रिक्त पदो पर बेरोजगार अभ्यर्थियो का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्रए मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रए सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियो को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करना होगा।

### युवक की बाइक लेकर चोर फरार

**सुलतानपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** सड़क किनारे लघुशंका के लिए रुके एक युवक की बाइक चोर चंद सेकेंड में लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। बल्दीराय थाना क्षेत्र के सोरांव गांव निवासी सोहेल अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 जून को वह अपनी प्लेटिना बाइक यूपी 44 बीएच 1910 से वलीपुर से पारा की ओर जा रहे थे। पारा से करीब 700 मीटर पहले वह सड़क किनारे लघुशंका के लिए रुके और बाइक खड़ी कर दी। इसी दौरान दो युवक उनकी बाइक लेकर फरार हो गए।काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता न चलने पर पीड़ित ने बल्दीराय थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देवेंद्र बने विश्व हिंदी परिषद के जिलाध्यक्ष

**सुलतानपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार प्रसार के लिए समर्पित वैश्विक संस्था विश्व हिंदी परिषद की ओर से देवेंद्र पाठक को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य के पद पर कार्यरत देवन्द्र बाल्यकाल से ही साहित्यिक, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि रखते हैं। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार पाठक को विश्व हिंदी परिषद - सुलतानपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत करने का पत्र राष्ट्रीय विचारक, वरिष्ठ स्तंभकार एवं लेखक तथा सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति वित्त मंत्रालय भारत सरकार और विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ विपिन कुमार ने जारी किया है। उन्होंने यह अपेक्षा की है कि जिलाध्यक्ष रहते हुए वे परिषद की गौरवशाली परंपराओं एवं मूल्यों का भलीभांति निर्वहन कर संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके मनोनयन पर विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सदस्य सलाहकार समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार देवी प्रसाद मिश्र, पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष सन्त राम, विदुषी सारिका, नीतू, शशी द्विवेदी, रूपम, वरिष्ठ साहित्यकार चित्रेश, श्याम नारायण, अवधी गद्य साहित्य के प्रथम लेखक वयोवृद्ध साहित्यकार कवि आद्या प्रसाद सिंह, मथुरा प्रसाद 'जटायु', सम्पादक कलीम खान, जिलाध्यक्ष जौनपुर डाक्टर प्रमोद कुमार मिश्र, जिलाध्यक्ष अयोध्या हनुमान सिंह, डाक्टर अभिषेक, नीरज, संस्कृत भारती के प्रशिक्षक अशोक, प्रधानाचार्य अजित तथा आजीवन सदस्य, स्वायत्तशासी संस्था कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम सिंह सहित जनपद के कई हिंदी सेवी साहित्यकारों एवं पत्रकारों ने अपनी मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**लालगंज, प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** करंट की चपेट में आने से युवक झुलस गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। लालगंज कोतवाली के भटनी निवासी बाइस वर्षीय त्रिभुवन सरोज पुत्र दयाराम सरोज के घर की छत पर शुक्रवार को काम चल रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे त्रिभुवन छत के ऊपर से गुजरे एचटी लाइन से करंट की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी संग्रामगढ़ ले गये। जहां उसका इलाज जारी है।

### सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोपी को भेजा जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** सीएम के विरूद्ध अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। बीती सत्रह जून को आरोपी द्वारा मुख्यमंत्री को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। पुलिस ने जांच कर थाना क्षेत्र के पूरे विजयी मजरे राजापुर निवासी अशोक मिश्र उर्फ पुत्तन मिश्र पुत्र देव नारायण मिश्र के विरूद्ध गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया। उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

### अल्फाज के अर्धशतक से रेलगांव क्लब जीता

**प्रयागराज, 19 जून (तरुणमित्र)।** अल्फाज अली के अर्धशतक (62 रन) के दम पर रेलगांव क्लब ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ए को 15 रन से हराकर बीवीपीएस ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में रेलगांव क्लब ने 25 ओवर में पांच विकेट पर 152 रन (अल्फाज अली 62, सैयद अली हैदर नकवी 21, उद्गम श्रीवास्तव 19, लक्ष्य यादव 2-25, अथर्व 1-23) बनाए।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु आज मां बेल्हा देवी मंदिर परिसर में लायंस क्लब प्रतापगढ़ ?हर्ष, गौरव, शक्ति एवं अवध के संयुक्त संयोजन में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। आयुष मंत्रालय के प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया।



योगाभ्यास कार्यक्रम में तरुण चेतना संस्थान के अध्यक्ष मो.नसीम का विशेष सहयोग रहा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सा अधिकारी डा. सुमन कुशवाहा ने योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब के सभी पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि लायंस क्लब का अभूतपूर्व योगदान मिला। उन्होंने इसी प्रकार 21जून को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहयोग की अपेक्षा की।

इस अवसर पर लायंस क्लब गौरव के डा.पीयूष कांत शर्मा, शिशिर खरे, प्रतापगढ़ हर्ष के प्रशासक संतोष भगवन ने लायंस क्लब के सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ त्रिभुवन राम, डा. जय प्रकाश डा. सिमी गुप्ता डॉ. आकांक्षा पांडेय, डा ब्रह्मानंद, अशोक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, राकेश कुशवाहा, सचिन श्रीवास्तव पंकज सिंह, देवाशीष, रमेश पटेल, पूनम तिवारी वंदिता सिंह सुनीता सिंह, चेतना मिश्रा ने योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर लायंस क्लब हर्ष के सचिव आरबी सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह, डा श्याम शंकर शुक्ल श्याम, राजेश बहादुर पाल, दिनेश प्रताप, हरिशंकर, लायंस क्लब अवध के प्रशासक संतोष, लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष पिंकी दयाल, सचिव अनीता, सोनी पाण्डेय, अंजू, कृष्णा नन्द, अजय, रणविजय, राजेश अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के अध्यक्ष राम लखन सिंह,सरिता पाल एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, बेल्हा देवी मंदिर के सहयोगियों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता की।

### आज होगा सुंदरकांड पाठ व भंडारा

**प्रयागराज, 19 जून (तरुणमित्र)।** श्रीराम भक्त हनुमान की कृपा से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, गोकुल सेक्टर में 20 जून को श्रीसुंदरकांड पाठ, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा काशी प्रान्त के क्षेत्रीय सह संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. सुशील सिन्हा ने बताया कि शनिवार को सायंकाल 5 बजे श्री सुंदरकांड पाठ का शुभारम्भ होगा। इसके पश्चात लगभग 7 बजे से प्रसाद वितरण एवं भंडारा शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, निकट प्रधानमंत्री आवास योजना, गोकुल सेक्टर, कालिंदीपुरम हैं। डॉ. सिन्हा ने समस्त शहर पश्चिमी की जनता से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## मौरंग कारोबारी ने माफिया पर लगाया करोड़ों की रंगदारी मांगने का आरोप

**कौशाम्बी, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले में मौरंग कारोबार से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। महेवाघाट थाना क्षेत्र के दलेलागंज स्थित मौरंग खदान का संचालन कर रही कंपनी अडीजा माइंस के डायरेक्टर ने एक कुख्यात माफिया पर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर कारोबारी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में अडीजा माइंस के डायरेक्टर आदर्श कुमार ने बताया कि उनके पास दलेलागंज क्षेत्र के खंड संख्या 16/23 से 16/25 तक मौरंग खनन का वैध पट्टा है। उन्होंने दावा किया कि उनकी कंपनी द्वारा अब तक लगभग पांच करोड़ रुपये का राजस्व सरकार के खाते में जमा कराया जा चुका है। इसके बावजूद एक कुख्यात माफिया लगातार उन पर करोड़ों रुपये की रंगदारी देने का दबाव बना रहा है। कारोबारी का आरोप है कि रंगदारी न देने पर उन्हें विभिन्न प्रकार से परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण और पुख्ता साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह उचित मंच पर प्रस्तुत करेंगे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर भी पूरे प्रकरण की शिकायत करने की बात कही है।आदर्श कुमार ने प्रशासनिक तंत्र पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि माफिया के प्रभाव में आकर उनके खनन कार्य में बाधा पहुंचाई गई है। खदान तक पहुंचने वाले मार्ग को जेसीबी मशीन से खुदवाकर बंद कर दिया गया, जिसके कारण खनन एवं परिवहन का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

## चुनार-चोपन रेल खंड के समपार फाटक 19 के स्थान पर रोड ओवरब्रिज के लिए लगे गर्डर

**प्रयागराज, 19 जून (तरुणमित्र)।** मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में रेल एवं सड़क यातायात को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। चुनार-चोपन रेल खंड पर लूसा के निकट स्थित समपार फाटक 19 के यातायात सुगम बनाने के लिए निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज के रेलवे भाग पर स्टील गर्डरों की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि निर्माणाधीन आरओबी की कुल लम्बाई 585 मीटर है, जबकि रेलवे हिस्से की लम्बाई 36 मीटर तथा चौड़ाई 7.5 मीटर है। यह परियोजना चुनार नगर को राज्य राजमार्ग-35 (मिजार्पुर-सोनभद्र मार्ग) से बेहतर एवं निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगी।

रोड ओवर ब्रिज निर्माण के बाद समपार फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी तथा सड़क एवं रेल दोनों यातायात की सुरक्षा और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल निष्पादन में उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन) प्रयागराज आई.पी.एस यादव; सहायक कार्यकारी अभियंता (ब्रिज- लाइन) प्रयागराज लाल बहादुर तथा ब्रिज लाइन टीम की विशेष भूमिका रही। टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया गया।

### रंजिश को लेकर हुई मारपीट, दो पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे भगवत अठेहा गांव निवासी रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जून की रात करीब दस बजे रंजिशन पूरे सुब्बा सिंह किशुनगढ़ निवासी मुन्ना सिंह पुत्र जयकरन सिंह व हिमांशु सिंह पुत्र अरविंद सिंह ने मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## डीएम की अध्यक्षता में निमार्णाधीन परियोजनाओं व विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**सुलतानपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में 50 लाख से अधिक लागत वाली निमार्णाधीन परियोजनाओं/ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीएमआईएस पोर्टल पर चल रही विलंबित परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं जैसे-सीएलडीएफ, उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम, राजकीय निर्माण निगम, यूपीपीसीएल सहित कई अन्य परियोजनाएं जो विलंबित चल रही हैं, के सम्बन्ध में सभी के विरूद्ध कड़ी फटकार लगाते हुए कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये।

उन्होंने सीएलडीएफ व यूपीएसटीडीसी के ए.ई. व एपीएम के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी अपनी कार्य पूर्ण करने की तिथि को पोर्टल पर अवश्य अपडेट करायें। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं का साप्ताहिक निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या से अवगत करायेंगे।

उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन कार्य को गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा सभी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का क्रमशः निरीक्षण किया जायेगा। यदि कहीं गुणवत्ता में कमी पायी गयी तो उस कार्य को पुनः कराना होगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं, कॉन्टैक्टर व सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाते हुए एकीकृत प्रयास कर सभी परियोजनाओं को ससमय से पूर्ण करायें।

# वृद्धाश्रम में भोजन-फल वितरण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** देश की उम्मीदों के जननायक राहुल गांधी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आज प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र के महुली बाजार स्थित वृद्धाश्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जन्मदिन सेवा समारोह दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों के साथ वृद्धाश्रम के सैकड़ो बुजुर्गों ने मिलकर केक काटा। इसके बाद सभी वृद्धजनों को भोजन कराया गया और फल वितरण किया गया।




उपस्थित सभी लोगों ने राहुल गांधी के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने वाले, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के मजबूत पैरोकार, नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। एक ऐसे महामानव जिन्होंने 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' को राष्ट्रीय नारा बना दिया, देश के युवाओं को नया नजरिया दिया, युवाओं-किसानों-माताओं-बहनों और मजदूरों के संघर्ष को ताकत और विश्वास दिया। जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा व जिला उपाध्यक्ष आर.पी.वर्मा ने कहा कि देश और समाज की उन्नति एवं विकास में राहुल गांधी का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

संवैधानिक मूल्यों के प्रखर प्रहरी, सामाजिक न्याय के सशक्त हस्ताक्षर एवं करोड़ों युवाओं की प्रेरणा भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान कर रही है। देश की आवाज को निर्भीकता से उठाने का आपका संकल्प जनविश्वास का प्रतीक बन चुका है। आनेवाला वर्ष आपके जीवन में नई उपलब्धियां और सफलता लेकर आए–इन्ही मंगलकामनाओं के साथ आपको पुनः जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महेंद्र शुक्ला, लोहा सिंह, काशी नारायण मिश्रा, सरोज कश्यप, डॉ. अभय प्रताप सिंह, प्रेम शंकर द्विवेदी, संदीप त्रिपाठी,योगेश यादव, प्रवीण द्विवेदी, सुरेश कुमार मिश्र, भवानी शंकर दूबे,रविन्द्र मिश्र, राकेश गौतम, दुर्गेश तिवारी, अंजनी कुमार पांडेय, शुभम मिश्र,मो. रियाज सिटी, सहजाद सलमानी, शिवांशु भट्ट, पृथ्वीराज गौतम, फतेह बहादुर सिंह, रियाज सुल्तान, विकास जायसवाल, मो. इदरीश, मुन्ना लाल यादव, रामकुमार पटेल, संतोष शर्मा, रवि प्रताप सिंह, आलोक पाण्डेय, धर्म राज सिंह, नूर आलम, देवमणि पाण्डेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### राहुल के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती का लिया संकल्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता एलओपी राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में सेवा संकल्प लिया। कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के वैचारिक मूल्यों की मजबूती के साथ देश की एकता एवं अखण्डता की मजबूती के साथ साम्प्रदायिकता से संघर्ष को भी तेज किए जाने के प्रति संकल्प ग्रहण किया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में 20 जून 2026 को जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में किया जायेगा। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षकए मुख्य चिकित्साधिकारीए डीएफओ एवं विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शेष अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगाए जिसमे तहसील स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का अनुश्रवण कर शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करेंगें।

## खरीफ सीजन के लिए किसानों को मुफ्त मिलेंगे मिनीकिट बीज, ऑनलाइन करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि खरीफ सीजन को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए विभिन्न फसलों के निःशुल्क मिनीकिट बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। विकास खंड स्तरीय राजकीय बीज गोदामों पर इन बीजों की बुकिंग एवं वितरण किया जाएगा। उन्होने किसानों से समय रहते ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की है ताकि वे इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग द्वारा अनाज, मोटे अनाज (श्रीअन्न), दलहन, तिलहन तथा हरी खाद के कुल 11,269 मिनीकिट किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उपलब्ध मिनीकिटों में बाजरा के 1800, अरहर के 2705, ज्वार के 800, तिल के 800, रागी के 440, उड़द के 300, सांवा के 264, कोदो के 160 तथा हरी खाद के 4000 मिनीकिट शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि किसानों को सबसे पहले कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग agriculture. up.gov.in करनी होगी। पात्र किसानों का चयन विभाग द्वारा पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसान अपने संबंधित विकास खंड स्थित राजकीय कृषि बीज गोदाम से मिनीकिट प्राप्त कर सकेंगे।

# स्टे लाकर काम करने वालों पर कार्रवाई हो: योगी



**गोंडा, 19 जून (तरुणमित्र)।** सीएम योगी शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे गोंडा पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचें। 12:30 से 1.41 तक समीक्षा बैठक की। इसके बाद वह सीधे सर्किट हाउस चले गए। वहां कुछ देर रुकने के बाद अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री के आवागमन को लेकर जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसमें पुलिस लाइन हेलीपैड से कमिश्नर कार्यालय तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। लगातार सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही थी। एसपी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते नजर आए।

कमिश्नर कार्यालय के महाराजा सुहेलदेव सभागार में देवीपाटन और बस्ती मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। इसमें जिले में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों को बेहतर बनाने की योजना पर चर्चा हुई। बैठक में समाजवादी पार्टी और अन्य पार्टियों के कोई विधायक नहीं पहुंचे थे न ही उन्हें बुलाया गया था।

सीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की मनमानी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के बाद स्टे लाकर काम करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से गोंडा देवीपाटन मंडल के मुख्य अभियंता और गोंडा पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर तत्काल संज्ञान लेकर सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए।

जनपद में 1009 काम कराए जाएंगे, इस पूरी योजना पर कुल 4,901.65 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत 1,009 काम किए जाएंगे। किसी भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारी को अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं दी गई और सभी को कार्ड दिखाने पर ही एंट्री मिली। पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचे सीएम योगी की गाड़ी की तरफ सभी एक साथ बढ़े। इस दौरान कमिश्नर दुर्गा शक्ति नागपाल, डीएम प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल अपने-अपने वाहनों की ओर तेजी से जाते हुए नजर आए।

**अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया**

वहीं, नगर कोतवाली में अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने और 70 साल से अधिक आयु के अधिवक्ताओं को पेंशन देने समेत कई मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। वे गोंडा कमिश्नरी पहुंचे और 'मुख्यमंत्री जिंदाबाद' और 'अधिवक्ताओं की मांगें पूरी करो' के नारे लगाए।

अधिवक्ताओं ने डीएम वापस जाओ के नारे भी लगाए। इसके बाद बैठक स्थल से 100 मीटर की दूरी में एक-एक करके धरने पर बैठ गए। डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला अधिवक्ताओं को समझाने की कोशिश में लगे रहे।

**डुमरियागंज से सांसद 10 मिनट लेट पहुंचे**

सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक में डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल लगभग 10 मिनट की लेट से पहुंचे। उनके साथ किसी को अंदर नहीं जाने दिया गया। सभी लोगों के मोबाइल फोन बाहर ही रखवा लिए गए।

❑ गोंडा में 12 नए हेलीपैड बनाए जाएंगे

मुख्यमंत्री के समीक्षा बैठक दौरान गोंडा जिले में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों को बेहतर बनाने की योजना पर चर्चा हुई। इस पूरी योजना पर कुल 4,901.65 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सबसे ज्यादा 810 काम होंगे। इसमें करीब 1,472.83 करोड़ रुपये खर्च करके 1,602 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी।

मुख्य और अन्य जिला मार्ग-50 सड़कों को चौड़ा और मजबूत किया जाएगा। धार्मिक रास्ते-धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले 13 रास्तों का विकास होगा। स्टेट हाईवे-2 राज्य राजमार्गों पर काम होगा। औद्योगिक क्षेत्र-व्यापार और फैक्ट्रियों से जुड़े इलाकों के लिए 2 जरूरी सड़कें बनेंगी।

**पुल और अन्य निर्माण**

जिले में 81 छोटे पुल और 7 बड़े पुल बनाए जाएंगे। शहर में जाम से बचने के लिए बाईपास, फ्लाईओवर, नई सड़कें और सड़क सुरक्षा से जुड़े काम किए जाएंगे।

## अधेड़ की पेड़ से लटकी मिली लाश

**गोंडा, 19 जून (तरुणमित्र)।** थाना कोतवाली देहात के सालपुर धौताल गांव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान संतोष के रूप में हुई है, जिसने पेड़ से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, संतोष पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। वहीं, स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार दो की मौत

❑ राजेश मिश्रा व टिंकू तिवारी के रूप मे मृतकों की हुई पहचान

**श्रावस्ती, 19 जून (तरुण मित्र)।** 18 जून को समय लगभग 20:00 बजे थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के जेतवन चौराहे पर एक बुलेट मोटरसाइकिल एवं ट्रक के बीच सड़क दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।

सूचना प्राप्त होते ही थाना स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया गया।

मृतकों की पहचान राजेश मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा, निवासी चकपिहानी, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती व टिंकू तिवारी, निवासी ग्राम मनीकापुर, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच के रूप में हुई है।

पुलिस द्वारा दुर्घटना में शामिल ट्रक एवं उसके चालक को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मौके पर शांति व्यवस्था एवं यातायात की स्थिति सामान्य है।

## विद्युत पोल से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**गोंडा, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत इटियाथोक -बाबागंज रोड पर अयाह चौराहे पर बीती आधी रात को हुए भीषण मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। घायल का इलाज गोंडा नगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गत गुरुवार को अयाह गन्ना सेंटर के पास रहने वाले अरविंद यादव के पौत्र के बरही संस्कार पर आयोजित भोज में शामिल होने के लिए देर रात में बिरमापुर गांव के सम्मयदीन वर्मा के पुत्र मिथुन (25) और इटियाथोक रेलवे स्टेशन के पुराने गेट के पास रहने वाले श्रवण कुमार शिक्षक के सुपुत्र गए हुए थे। आधी रात के करीब अपाचे बाइक से दोनों युवक अपने घर वापस लौट रहे थे। अयाह चौराहे पर सड़क किनारे लगे एलटी बिजली के पोल में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक टकरा गई। दुर्घटना में पोल का निचला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया, साथ ही बगल में ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई सीमेंट की बेंच का भी कुछ हिस्सा टूट गया। इस दुर्घटना में मिथुन वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि श्रवण कुमार का पुत्र गंभीर घायल हो गया।

आसपास के लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया और पुलिस व परिजनों को मामले की सूचना दी गई। इस दुर्घटना में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है, जबकि अभी सड़क किनारे लगे पोल को नहीं हटाया गया है, जिस वजह यह दुर्घटना हुई है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि बाइक काफी अधिक गति में होने की वजह से यह दुर्घटना हुई है। इटियाथोक पावर हाउस के अवर अभियंता अंकुर सिंह ने कहा कि एस्टीमेट बना दिया गया है, बाबागंज की तरफ से पोल शिफ्टिंग का काम लोक निर्माण विभाग करवा रहा है, जल्द ही सभी पोल हटाए जायेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर, 19 जून (तरुण मित्र)।** त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह सहित जनपद के विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों से विस्तारपूर्वक संवाद किया गया तथा त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में नगर पालिका बलरामपुर क्षेत्र के नहरबालागंज में कर्बला स्थल पर उपस्थित सभी पक्षों एवं गणमान्य लोगों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरबालागंज स्थित कर्बला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब एवं आपसी सौहार्द इसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## माटीकला योजना के तहत टूलकिट वितरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच, 19 जून (तरुणमित्र)।** उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 'मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत' वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 35 निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि प्रदेश के 18 से 55 आयु वर्ग के माटीकला के परम्परागत कारीगर, परिवार के शिक्षित बेरोजगार, माटीकला की किसी विधा के प्रशिक्षित अभ्यर्थी, स्वतः रोजगार में रूचि रखने वाले परम्परागत कारीगर परिवार की महिला अर्ह होंगे। अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर शासकीय व्यवस्था के अनुरूप आरक्षित वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों के चयन में उनकी आर्थिक स्थिति, माटीकला का अनुभव, तकनीकि ज्ञान एवं विपणन योग्यता को भी देखा जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार वेबसाइट यूपीमाटीकलाबोर्ड डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से आललाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन 30 जून 2026 तक कर सकते हैं। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है। परम्परागत कार्य करने वाले कुम्हार परिवार को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



❑ सभी अधिकारी जुलूस के दौरान रहेंगे भ्रमणशील-जिलाधिकारी
❑ त्योहारों पर कोई नई परंपरा न लागू की जाए- पुलिस अधीक्षक

**श्रावस्ती, 19 जून, (तरुणमित्र)।** आगामी त्योहार मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा कायम करने की कोशिश नही की जायेगी। जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। यदि कोई भी व्यक्ति अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया जाए, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी जुलूस के दौरान भ्रमणशील रहेंगे। कोई भी अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं रहेगा। मोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत जुलूस के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि ताजिए का साइज मानक के अनुरूप रहे तथा डी0जे0 में साउण्ड की ध्वनि अधिक न रहने पाये, जिससे की कोई भी घटना होने की स्थिति उत्पन्न हो। आने-जाने वाले मार्गो पर साफ-सफाई की व्यवस्था पूर्ण करा ली जाए, जिससे कोई दिक्कत न होने पाए। इसके लिए ग्राम सचिवों, लेखपालों का सहयोग भी ले सकते है। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई विसंगत स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना होती है तो तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। जिससे मौके पर ही स्थिति पर संतुलन पाया जा सके।

उन्होने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए बिजली, पानी एवं साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था सम्बन्धित अधिकारीगण सुनिश्चित करें। उन्होने विद्युत विभाग के अभियंता को निर्देश दिया है कि रोस्टर के मुताबिक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, और बार-बार हो रही बिजली कटौती रोकने के लिए कारगर कदम उठायें जाएं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई व पेयजल हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी वहीं नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं पेयजल हेतु सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने मोहर्रम को शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी उप जिलाधिकारियों, सम्बन्धित अधिकारियों/पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि मोहर्रम त्योहार को शासन की गाइडलाइन के अनुसार शान्तिपूर्ण/सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के लिए अपने स्तर से समस्त तैयारियां पूर्ण करा लें, ताकि कोई भी समस्या किसी भी दशा में उत्पन्न न होने पाये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही त्योहार वाले दिन कड़ी सुरक्षा व निगरानी रखेगें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों पर कोई नई परंपरा न लागू की जाए। मोहर्रम त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम करेंगें। त्योहार वाले दिन सजग रहकर कडी निगरानी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखेंगे। उन्होने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने थानों पर पीस कमेटी की बैठक अवश्य करा लें, और लोगों को शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने हेतु निर्देश दें। जुलूसों के दौरान सादी वर्दी में महिला एवं पुरूष पुलिसकर्मी को तैनात किया जायेगा, ताकि अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

# राज्य स्तरीय परिवार नियोजन टीम ने महाराजा सुहेल देव स्वाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**बहराइच, 19 जून (तरुणमित्र)।** शासन के आदेश पर राज्य स्तरीय परिवार नियोजन टीम ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के महर्षि बालार्क चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज पहुंची टीम ने सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री से मुलाकात की। तदोपरान्त टीम के सदस्य ओमप्रकाश एवं अन्य सदस्यों ने एमसीएच विंग के लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विगत वर्ष में हुए कुल प्रसवों, उपलब्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों (गायनोकोलॉजिस्ट) तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं स्त्री-प्रसूति संबंधी सुविधाओं का मूल्यांकन कर उनमें सुधार की संभावनाओं को चिन्हित करना तथा आवश्यक बिंदुओं को शासन स्तर पर प्रेषित करना था। टीम ने विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सभी चिकित्सीय सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। राज्य स्तरीय टीम द्वारा संस्थान में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इंचार्ज डॉ. शिवांगी, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ मेघा, अन्य संकाय सदस्य, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच, 19 जून (तरुणमित्र)।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जून के तृतीय शनिवार 20 जून 2026 को तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## राज्यमंत्री नगर विकास का जनपद आगमन आज

**बहराइच, 19 जून (तरुणमित्र)।** राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उ.प्र. सरकार राकेश कुमार राठौर (गुरू जी) का 20 जून 2026 को रात्रि 07:40 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों से भेंट वार्ता कर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री राठौर 21 जून 2026 को प्रातः 07:00 बजे इन्दिरा गॉधी स्टेडियम पहुंचकर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। तदोपरान्त प्रातः 08:30 बजे निरीक्षण भवन वापस आकर पार्टी पदाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ भेंट वार्ता कर पूर्वान्ह 10:00 बजे सीतापुर के जिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## संदिग्ध हालात में अचेत मिला अधेड़ की मौत: मची सनसनी

**गोण्डा, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिले के कर्नलगंज कस्बे के बस स्टॉप चौराहे पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय के बगल शुक्रवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में लावारिस हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची कस्बा चौकी पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी कर्नलगंज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**सुबह 9:30 बजे मिली थी सूचना**

कर्नलगंज कस्बा चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार 19 जून 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि बस स्टॉप चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति अचेत पड़ा है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर अधेड़ को सीएचसी पहुंचाया।

**गुरुवार रात से भटकता देखा गया**

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक को गुरुवार रात से ही कर्नलगंज के अस्पताल तिराहे से बस स्टॉप के आसपास भटकते हुए देखा जा रहा था। शुक्रवार सुबह जब वह मरणासन्न हालत में मिला तो इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों में तरह तरह की चचाएं होने लगीं।

**काफी मशक्कत के बाद हुई शिनाख्त**

शुरूआत में मृतक के पास से कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी सामान न मिलने से शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने आमजन से पहचान में मदद की अपील की थी। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान परसपुर बाजार के भौरीगंज मोड़ निवासी राजेंद्र कौशल पुत्र शिव प्रसाद के रूप में हुई। इसकी पुष्टि उनके पुत्र अनिकेत कौशल ने की।

**40-45 वर्ष उम्र, जांच में जुटी पुलिस**

कस्बा चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40-45 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौत के सही कारणों का पता गहन जांच पड़ताल के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

**परिजनों को दी गई सूचना**

शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। राजेंद्र कौशल की मौत की खबर से परसपुर स्थित घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# उत्थान आडिटोरियम में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला सम्पन्न



**बहराइच, 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित 02 दिवसीय कार्यशाला के अन्तिम दिन आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। डॉ. गोंड ने किसानों का आहवान किया कि प्राकृतिक खेती अपनाने की दिशा में आगे बढ़े।

सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत हैं और अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहाकि हमें पंजाब से सबक लेना होगा जहां के किसान बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयाग कर अत्यधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे थे। परन्तु आज पंजाब के खेत ऊसर हो गये हैं। डॉ. गोंड ने किसानों का सुझाव दिया कि कम से कम आधे खेत में जरूर प्राकृतिक खेती करें। प्राकृतिक खेती के माध्यम से प्राप्त उत्पादन की बाजार में बहुत मांग है जिसके कारण यह सामान्य अनाज के मुकाबले काफी अधिक कीमत में बिकता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मानव स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा। श्री पाण्डेय ने किसानों को सुझाव दिया कि मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। खेती किसानी में गोबर आधारित जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ाये तथा रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम से कम करें। एमएलसी पदमसेन चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को बताया कि वे स्वयं पूर्व में गेहूं, धान की खेती अच्छी तरह से करते थे। गेहूं की फसल के बाद ढैंचा सनई का उपयोग करता था, जिससे उत्पादन 4 से 5 कु. प्रति बीघे उत्पादन प्राप्त करता था। उन्होंने कृषकों को प्राकृतिक खेती के साथ साथ कीट/रोग नियन्त्रण हेतु लाइट ट्रैप, स्टिकी स्टिक को प्रयोग करने तथा फार्मर आईडी बनवाये जाने का भी सुझाव दिया।

उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि विभागीय प्रयासों से जनपद में लगभग 15000 किसानो द्वारा प्राकृतिक खेती प्रारम्भ की गई है। केन्द्र व राज्य सरकार प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये जागरूक किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती से जुड़ने का आहवान करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि जिले में कोदो, सावां, रागी, मडुआ, ज्वार, बाजरा के बीज मिनीकिट निःशुल्क दर्शन-1 पोर्टल पर बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे है।

कार्यशाला के दौरान जिले के प्रगतिशील कृषक अनिरूद्ध यादव व मगन बिहारी पाठक सहित कई महिला कृषकों द्वारा प्राकृतिक खेती करने के अपने अनुभव साझा किये। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ.नन्दन सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता व तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की।


## कार्यालय: जलकल विभाग नगर निगम, फिरोजाबाद

पत्रांक : 297 / जलकल / ई-निविदा सूचना / 2026-27 दिनांक 19/06/2026

-: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद के जलकल विभाग द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत 05 कार्यों हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत अनुभवी फर्मों से ई-निविदा की अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से डबल बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 22.06.2026 से डाउनलोड किये जा सकेगी तथा दिनांक 29.06.2026 की अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदायें उपरोक्त बेवसाइड पर अपलोड की जायेगी। तत्पश्चात प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 29.06.2026 की सांय 4:00 बजे महाप्रबन्धक कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22-06-2026 09:00 AM |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22-06-2026 09:00 AM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29-06-2026 02:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/ समय | 29-06-2026 04:00 PM |

**नोट-** शेष नियम व शर्तें ई-निविदा अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**अधिशासी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम, फिरोजाबाद**

# सीएम के सपनों की परियोजनाओं पर बीडीए की तेज रफ्तार

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री के संभावित बरेली दौरे को दृष्टिगत रखते हुए बरेली विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने विकास कार्यों को गति देने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक बिंदु की गहन समीक्षा की और जहां भी कमियां अथवा बाधाएं मिलीं, उनके त्वरित निस्तारण के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप बरेली में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रस्तावित इंडस्ट्रियल टाउनशिप परियोजना का उपाध्यक्ष ने सबसे पहले निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की प्रगति, भूमि अर्जन की स्थिति एवं आ रही बाधाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा भूमि अर्जन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में उन्होंने



प्रस्तावित परियोजना को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की संभावनाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए मानचित्र में आवश्यक संशोधनों एवं संभावनाओं का परीक्षण किया जाए, जिससे बरेली में बड़े निवेश, उद्योगों एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके। इसके पश्चात उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निजी बिल्डरों द्वारा निर्मित किए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवंटन एवं कब्जा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही आवासीय परिसर को और अधिक

**● बरेली के विकास को लगेंगे नए पंख, इंडस्ट्रियल टाउनशिप योजना को मिलेगी रफ्तार**

सुविधाजनक, सुंदर एवं जनोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्यों के संबंध में बिल्डर एवं अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय ने प्रस्तावित साइंस पार्क एवं बॉक्स विलेज परियोजना की साइट का भी निरीक्षण किया। परियोजना में हो रहे विलंब पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य की डे-टू-डे मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल परियोजना का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए आवश्यक वैल्यू एडिशन के सुझाव दिए तथा निर्देशित किया कि कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में जल्द ही पठन-पाठन की सुविधा प्रारंभ हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बरेली में प्रस्तावित मुख्यमंत्री की अल्प आय वर्ग (एलआईजी) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) आवासीय योजनाओं की भी समीक्षा की। निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को समझते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे योजनाओं का कार्य जल्द प्रारंभ कराया जा सके। इसके उपरांत उपाध्यक्ष ने नाथ नगरी को समर्पित बरेली विकास प्राधिकरण की रुद्र वनम पार्क योजना का निरीक्षण किया। यह योजना मुख्यमंत्री की विशेष रुचि वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। उन्होंने योजना की प्रगति एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पार्क को और अधिक भव्य, दिव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक सभी पहलुओं पर कार्य किया जाए, जिससे यह नाथ नगरी की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप एक विशेष स्थल के रूप में विकसित हो सके।

# जनता दर्शन की लंबित शिकायतों पर डीएम नाराज, तीन दिन में निस्तारण के दिए निर्देश

**● शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, डीएम ने दिए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश**

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री, राज्यपाल, राजस्व परिषद एवं आयुक्त के जनता दर्शन में प्राप्त लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान समस्त तहसीलों के ऑनलाइन संदर्भों का निस्तारण लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रमुख प्राथमिकताओं में आईजीआरएस एवं जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण शामिल है, जिसकी नियमित समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री




स्तर से की जाती है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी प्रकरण अभी लंबित हैं, उनका निस्तारण आगामी तीन दिनों के भीतर हर हाल में कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के साथ-साथ उसका विवरण रजिस्टर में भी अंकित किया जाए, ताकि शिकायतों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरान्त संबंधित शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उसे उक्त के क्रम में की गई कार्रवाई की जानकारी अवश्य दी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बहेड़ी इशिता किशोर, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता पुनीत गुप्ता, यीशु गुप्ता, सभासद डॉ शेखू, सभासद अकरम अली, संदीप गौड़ सहित नगर पंचायत सिरौली का तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# कैबिनेट मंत्री ने कस्बा सिरौली में किया पौधारोपण

**सिरौली-बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को जनपद की आंवला विधानसभा के नगर पंचायत सिरौली के मोहल्ला प्यास में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण कार्यक्रम के तहत आंवला का पौधा लगाया। नगर पंचायत सिरौली के अधिशासी अधिकारी राजन नाथ तिवारी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने कस्बा वासियों और वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और हरित भविष्य का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता पुनीत गुप्ता, यीशु गुप्ता, सभासद डॉ शेखू, सभासद अकरम अली, संदीप गौड़ सहित नगर पंचायत सिरौली का तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



# 71 वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक में वैश्विक रैंकिंग व छात्र कल्याण पर हुई चर्चा

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर में शुक्रवार को शैक्षणिक परिषद की 71वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्थान की वैश्विक रैंकिंग, शैक्षणिक उत्कृष्टता, अधोसंरचना विकास तथा छात्र कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप-महानिदेशक (पशु विज्ञान) एवं आईवीआरआई के निदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने की। बैठक में संस्थान की हालिया उपलब्धियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भावी विकास योजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने संस्थान को नैक द्वारा प्राप्त ए डबल प्लास ग्रेड तथा क्यूएस वर्ल्ड



यूनिवर्सिटी रैंकिंग में उल्लेखनीय स्थान हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए संस्थान में अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं के लिए नए छात्रावासों के साथ-साथ एक अंतरराष्ट्रीय छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक मेगा टीचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी किया जा रहा है। डॉ. भट्टा ने बताया कि नए संकाय सदस्यों की नियुक्ति तथा छात्रों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए बाह्य वित्तपोषित परियोजनाओं एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का विकास संभव हो सके। संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एस.के. मेंदीरत्ता ने संस्थान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि आईवीआरआई देश का पहला कृषि एवं पशु चिकित्सा संस्थान है जिसने क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान प्राप्त किया है। बैठक में आईसीएआर के उप-महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. यशपाल मलिक, कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर.बी. सिंह तथा जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के पूर्व कुलपति डॉ. एम.एस. चौहान ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

# विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करेगा नारी स्किल सेंटर

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में बरेली छावनी परिषद द्वारा छावनी बालिका विद्यालय में स्थापित 'नारी स्किल सेंटर' का उद्घाटन दिनांक 20 जून 2026 को प्रातः 11:30 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर राजबीर गिल, जोनल वाइस प्रेसिडेंट, आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। यह केंद्र महिलाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार, उद्यमिता तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। सिलाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प एवं अन्य रोजगारपरक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। ह्यनारी स्किल सेंटरह्ण की परिकल्पना एवं सफल क्रियान्वयन डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बरेली छावनी परिषद द्वारा किया गया है। यह पहल महिलाओं को नए अवसर प्रदान करने, उनकी प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में छावनी परिषद के अधिकारी, की प्रतिनिधियां, शिक्षाविद्, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में महिला लाभार्थी उपस्थित रहेंगी। बरेली छावनी परिषद का यह प्रयास महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

# सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी में उमड़ी लोगों की भीड़

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बरेली द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विकास, सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण विषयक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में आमजनमानस बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहा है तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर रहें है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा विगत 12 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा देश के समग्र विकास से संबंधित उपलब्धियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ




ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शनी में उपलब्ध कराई गई है।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित यह प्रदर्शनी 20 जून तक आमजन के अवलोकन हेतु स्थापित रहेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा उपलब्धियों से अवगत कराना है। प्रदर्शनी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से युवाओं, विद्यार्थियों एवं

**● केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है प्रदर्शनी**

महिलाओं द्वारा प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी प्रांगण में लोक कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति एवं जनजागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। लोकगीत, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# बाइक को बचाने में पलटा मजदूरों से भरा ई-रिक्शा, सात महिलाओं समेत आठ घायल

**पीलीभीत, 19 जून (तरुणमित्र)।** धान रोपाई का कार्य समाप्त कर घर लौट रहे मजदूरों से भरा एक ई-रिक्शा खुटार हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सात महिलाओं सहित आठ मजदूर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंच गए।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर कलां निवासी मजदूर रमपुरा कोन क्षेत्र में धान की रोपाई करने गए थे। गुरुवार को काम पूरा करने के बाद सभी मजदूर ई-रिक्शा में सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान खुटार हाईवे पर अचानक सामने एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। पलटे हुए ई-रिक्शा में फंसे मजदूरों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दुर्घटना में घायल होने वालों में छोटेलाल, चंद्रा देवी, रामादेवी, अनीता, उषा देवी, लीलामती, शांति देवी और लीलावती शामिल हैं।सीएचसी में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इनमें शांति देवी और लीलावती की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कल होने वाली नीट परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर डीएम ने की बैठक

**फिरोजाबाद, 19 जून (तरुणमित्र)।** 21 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को जनपद में निष्पक्ष,पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सभी केन्द्र व्यवस्थापको, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया

जनपद में 21 जून 2026 को होने वाली नीट परीक्षा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि चूंकि यह परीक्षा दोपहर के बाद 2 बजे से 5.15 तक आयोजित की जाएगी और ऐसी स्थिति में बच्चों के लिए छाया शैड, पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त रहनी चाहिए, साथ ही साथ मेडिकल की



टीम भी हर सेंटर पर उपस्थित रहनी चाहिए।

इस दौरान कोई भी व्यक्ति मोबाइल लेकर अंदर न जाने पाये इस बात का ध्यान रखा जाए, उन्होंने परीक्षार्थियों को गंतव्य तक पहुचाने की जिम्मेदारी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक फिरोजाबाद व शिकोहाबाद को सौंपी है। परीक्षा के दिन भारी वाहनों और यातायात के रूट को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को निर्देशित किया गया है ,कि आसपास के ढाबो पर शुद्ध खाने की व्यवस्था रहें, इसकी सघन चैकिंग की जाये, सभी सम्बन्धित अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश किया , कि 20 व 21 को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहें। बिजली अगर किसी वजह से चली जाती है ,तो जनरेटर की व्यवस्था अवश्य रहनी चाहिये। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

इस सम्पूर्ण परीक्षा के पर्यवेक्षण के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व को प्रभारी नामित किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के प्रावधानों का कडाई से अनुपालन किया जाएगा।

इस परीक्षा हेतु जनपद में कुल 6 केन्द्र बनाए गए है,जिनमें कुल 2744 परीक्षार्थी सम्मिालित होंगे।

बैठक के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व कल्पना जयसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राम बदन राम, एस पी सिटी रविशंकर प्रसाद सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमआरएफ सेंटर पर कूड़े के विशाल ढेर देखकर भड़के जिलाधिकारी

**फिरोजाबाद, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को नगर आयुक्त के साथ कुतुबपुर चनौरा स्थित मेटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित 100 टीडीपी क्षमता वाले वेस्ट टू कंपोस्ट प्लांट की जमीनी हकीकत को देखा, जहां संपूर्ण जिले भर के कूड़े की रीसाइकलिंग की जाती है। इस प्लांट की कार्यदायी संस्था मुस्कान इंटरप्राइजेज है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को केन्द्र पर जगह-जगह कूड़े के विशाल ढेर जमा दिखाई दिये। इस अव्यवस्था और सुस्त कार्यप्रणाली को देखकर उन्होंने अत्यंत नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि इस संपूर्ण कूड़े का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये।

# डीएम ने की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**बरेली, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में योग दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों, प्रतिभागियों की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक जनसहभागिता




के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर आयुक्त संजीव मौर्य, सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह, सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह, बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव सहित सभी एसडीएम मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी : सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केन्द्र

**बदायूं, 19 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित डायट परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रदर्शनी के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अध्यापिकाओं, स्कूली बच्चों आदि ने सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें लेकर पलों को यादगार बनाया। प्रदर्शनी 20 जून शनिवार तक आमजन के अवलोकन हेतु संचालित रहेगी। शुक्रवार को अध्यापिकाओं, स्कूली बच्चों, युवाओं, गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वे स्वयं भी इन योजनाओं का लाभ लेने तथा अपने परिचितों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों को इनके प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। आगंतुकों ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। प्रदर्शनी का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है।

# भीषण गर्मी में गुरुद्वारा सिंह सभा ने लगाया शरबत का प्याऊ

**पीलीभीत, 19 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच गुरुवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम जोगराजपुर स्थित स्टेशन रोड पर गुरुद्वारा सिंह सभा के सहयोग से विशाल ठंडे शरबत के प्याऊ का आयोजन किया गया। सेवा और मानवता की मिसाल बने इस आयोजन में बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने शीतल शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत पाई।

सुबह से ही स्टेशन रोड पर लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ प्याऊ स्थल पर भीड़ उमड़ने लगी। भीषण गर्मी के कारण लोगों ने बड़ी संख्या में रुककर ठंडा शरबत पिया। आयोजन स्थल पर कई घंटों तक लगातार शरबत वितरण का कार्य चलता रहा। सेवा भाव से ओत-प्रोत



गुरुद्वारा सिंह सभा के सेवादार लोगों का स्वागत करते हुए उन्हें शीतल पेय उपलब्ध कराते रहे। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। राहगीरों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में ठंडे शरबत की व्यवस्था उनके लिए किसी राहत से कम नहीं है। लोगों ने गुरुद्वारा सिंह सभा की इस जनसेवा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। गुरुद्वारा सिंह सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि सिख धर्म में सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और इसी भावना के तहत समय-समय पर जनहित के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्याऊ लगाया गया है।कार्यक्रम के दौरान युवाओं और स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। शरबत

**● सेहरामऊ स्टेशन रोड पर सेवा भाव का अनूठा उदाहरण, सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया शरबत**

वितरण के साथ लोगों को गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह और सेवा का वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति और सहयोग से यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

स्थानीय नागरिकों ने गुरुद्वारा सिंह सभा के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। सेवा, समर्पण और मानवता की भावना से आयोजित यह प्याऊ क्षेत्रवासियों के लिए राहत और प्रेरणा का केंद्र बना रहा।

# राहुल गाँधी के जन्मदिन पर रोगियों को फल वितरित किये

**फिरोजाबाद, 19 जून (तरुणमित्र)।** राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला काँग्रेस कमेटी द्वारा जिला अस्पताल में 251 रोगियों को फल वितरण किये गये तथा रामबाबू मैरिज होम पर राहगीरों को पिलाया शर्बत। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने राहुल गाँधी को जन्मदिन की शुभकामनायें, दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुये कहा कि वर्तमान में देश के गरीबों, किसानों, व्यापारियों, छात्रों, बेरोजगारों एवं नोजवानो के लिये राहुल गाँधी उम्मीद बनकर उभरे। और सभी के चहेते बन गये हैं। हम सभी उनकी लम्बी आयु की कामना करते हैं। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, सीएमएस डॉ. नवीन जैन, जिला



उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, दिनेश उपाध्याय, लक्ष्मी प्रकाश, गुलाम जिलानी, मो. सलीम सिद्दीगी, जिला महामंत्री शांति दास शंखवार, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव, सेवादल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, दिलीप यादव, बिट्टू यादव आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### संरक्षित स्मारक पर उपेक्षा की मार

# माधौगंज का ऐतिहासिक अंग्रेज कब्रिस्तान झाड़ियों व गंदगी में तोड़ रहा दम

कमरुल/अरविंद तिवारी

**बिलग्राम,हरदोई, 19 जून (तरुणमित्र)।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और रुइया गढ़ी के ऐतिहासिक युद्ध का साक्षी बना माधौगंज स्थित ब्रिटिशकालीन कब्रिस्तान आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित घोषित यह ऐतिहासिक स्थल घनी झाड़ियों, कूड़े-कचरे और उपेक्षा का शिकार है। यदि समय रहते इसकी सुध नहीं ली गई तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को केवल पुस्तकों में ही खोजती रह जाएंगी।कब्रिस्तान के प्रवेश द्वार पर लगा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का बोर्ड यह प्रमाणित करता है कि यह स्थल राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित स्मारक है। इसके बावजूद यहां न तो नियमित सफाई की व्यवस्था दिखाई देती है और न ही संरक्षण के पर्याप्त प्रयास।1904 में प्रकाशित हरदोई गजेटियर में माधौगंज के निकट स्थित इस कब्रिस्तान का उल्लेख करते हुए लिखा गया है कि यहां रुइया गढ़ी पर हुए हमले में मारे गए ब्रिटिश अधिकारियों और सैनिकों को दफनाया गया था।कर्नल एड्रियन होप कर्नल एड्रियन होप लेफ्टिनेंट विलॉबी




लेफ्टिनेंट डगलस लेफ्टिनेंट जेनिंग्स-ब्रामली रेजिमेंट के अनेक सैनिक ये सभी 1858 में राजा नरपति सिंह के रुइया गढ़ी किले पर जनरल वॉलपोल के नेतृत्व में हुए ब्रिटिश हमले के दौरान मारे गए थे।इतिहासकारों के अनुसार रुइया गढ़ी का युद्ध 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे उल्लेखनीय संघर्षों में से एक था, जिसमें अंग्रेज सेना को भारी क्षति उठानी पड़ी थी।कब्रिस्तान में केवल अंग्रेज अधिकारियों की ही नहीं, बल्कि 29वीं सिख रेजिमेंट के सैनिक वजीर सिंह की कब्र भी मौजूद है। कब्र पर अंकित शिलालेख के अनुसार उनका जन्म अमृतसर के निकट नौशेरा में हुआ था और उनका बपतिस्मा 16 मार्च 1856 को बनारस में हुआ था। उनकी मृत्यु 23 फरवरी 1903 को रुदामऊ में हुई थी।आज भी उनकी संगमरमर की कब्र पर अंकित लेख किसी तरह पढ़ा जा सकता है, हालांकि समय के साथ अक्षर धुंधले पड़ते जा रहे हैं।स्थल का निरीक्षण करने पर पता चलता है कि कई कब्रें झाड़ियों और खरपतवार के बीच पूरी तरह दब चुकी हैं। कई पत्थर टूट चुके हैं और अधिकांश शिलालेख मिटने की कगार पर हैं। कुछ कब्रों तक पहुंचना भी कठिन हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यहां समुचित सफाई नहीं हुई है। संरक्षित स्मारक होने के बावजूद कब्रिस्तान की स्थिति सामान्य परित्यक्त भूमि जैसी दिखाई देती है।जब यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि इसकी देखरेख की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है? क्या प्रशासन और संबंधित विभाग इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के प्रति गंभीर हैं? क्या 1857 के इतिहास से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्मारक का अस्तित्व केवल सरकारी अभिलेखों और जर्जर बोर्डों तक सीमित रह जाएगा? यदि शीघ्र सफाई, सीमांकन, सूचना पट्टों के नवीनीकरण और संरक्षण का कार्य नहीं हुआ तो यह अनमोल ऐतिहासिक धरोहर धीरे-धीरे नष्ट हो सकती है।

इतिहास प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से मांग की है कि– कब्रिस्तान की तत्काल सफाई कराई जाए। झाड़ियों और कूड़े-कचरे को हटाया जाए। सभी कब्रों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जाए। क्षतिग्रस्त कब्रों और शिलालेखों का संरक्षण किया जाए। स्थल पर सुरक्षा और सूचना व्यवस्था बेहतर की जाए। माधौगंज का यह कब्रिस्तान केवल कुछ कब्रों का समूह नहीं, बल्कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम और हरदोई के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यदि इसे नहीं बचाया गया, तो इतिहास की यह अमूल्य विरासत हमारी आंखों के सामने ही विलुप्त हो सकती है।

# गैंगस्टर विमल की संपत्ति कुर्क, ट्रैक्टर जब्त

### एसपी के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, अपराध की कमाई से खड़े किए साम्राज्य पर चला प्रशासन का डंडा

**हरदोई, 19 जून (तरुणमित्र)।** अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे चौतरफा हंटर के तहत हरदोई पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक शातिर आरोपी की अवैध रूप से अर्जित की गई चल संपत्ति को कुर्क कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कड़े रुख के बाद गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत यह मुनादी कराकर जब्तीकरण की कार्रवाई की गई, जिससे इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपी विमल कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह (निवासी शुक्लापुर भगत, थाना माधौगंज) ने समाज में खौफ पैदा कर और अवैध धंधों के



जरिए अकूत संपत्ति खड़ी की थी। आरोपी पर धोखाधड़ी और गबन जैसे कई गंभीर अपराधों को अंजाम देकर नाजायज तरीके से आर्थिक लाभ कमाने के आरोप हैं। गैंगस्टर द्वारा अपराध की काली कमाई से खरीदे गए करीब 5 लाख रुपये कीमत के एक स्वराज ट्रैक्टर (वढ30इड4183) को पुलिस ने प्रशासनिक और न्यायालयी आदेशों के अनुपालन में मौके पर पहुंचकर कुर्क कर लिया।

इस बड़ी कुर्की की कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक हरिनाथ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने भारी फोर्स के साथ अमली जामा पहनाया। देहात पुलिस का साफ कहना है कि अपराध के रास्ते से कमाई गई संपत्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में अन्य अपराधियों के खिलाफ भी ऐसी ही सख्त और दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# ई-रजिस्ट्रीकरण नियमावली के विरोध में वकीलों का हल्लाबोल

- सड़क पर उतरे सैकड़ों अधिवक्ता, निकाला शांति मार्च
- 'काला कानून' वापस न होने तक अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल का ऐलान

**हरदोई, 19 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश ई-रजिस्ट्रीकरण दस्तावेज नियमावली 2024 को लेकर अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस नियमावली को पूरी तरह जनविरोधी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाला 'काला कानून' करार देते हुए मंगलवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने कलेक्ट्रेट परिसर से गगनभेदी नारों के साथ एक विशाल शांति मार्च निकाला। वकीलों के इस उग्र रुख से साफ है कि आने वाले दिनों में रजिस्ट्री दफ्तरों में कामकाज पूरी तरह ठप रहने वाला है।

यह शांति मार्च अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्त जयशिव, अधिवक्ता संघ हरदोई के उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा और दस्तावेज लेखक दिवाकर शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया। कलेक्ट्रेट और रजिस्ट्री कार्यालय से शुरू हुआ यह मार्च महिला थाना और सिनेमा चौराहा होते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरा। मार्च में शामिल वकील और दस्तावेज लेखक हाथों में तख्तियां लिए सरकार की नई व्यवस्था के खिलाफ



जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। मार्च के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लिया। वक्ताओं ने साफ तौर पर कहा कि ई-रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2024 आम जनता के हितों पर कुठाराघात है और इससे केवल चुनिंदा निजी कंपनियों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने दो टूक शब्दों में ऐलान किया कि जब तक सरकार इस जनविरोधी नियमावली को वापस नहीं लेती, तब तक उनकी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल जारी रहेगी और वे किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे।अधिवक्ता संघ ने आंदोलन को और धार देने की रणनीति भी साफ कर दी है। नेताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार ने इस मामले में शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो इस आंदोलन को जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं रखा जाएगा। आने वाले दिनों में शाहाबाद, संडीला, सवायजपुर और बिलग्राम तहसीलों के अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों को एकजुट कर जिला मुख्यालय पर एक ऐतिहासिक और व्यापक धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस विरोध मार्च में भारी संख्या में अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने एकजुटता दिखाकर अपनी ताकत का अहसास कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन व संस्कृति मंत्री आज जनपद में

**मैनपुरी, 19 जून (तरुणमित्र)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 20 जून को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी पूर्वान्ह 10 बजे नवीन गल्ला मंडी में अमरनाथ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, पूर्वान्ह 10.30 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.15 बजे से जेल चौराहे के समीप लोहिया पार्क में लोहिया पार्क, आवास विकास में बी.एस.एन.एल. के सामने पार्क, सती माता मंदिर दौलतपुर, प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, नारदानन्द ऋषि आश्रम के पर्यटन विकास की परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण करेंगे, अपरान्ह 02 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज

**मैनपुरी, 19 जून (तरुणमित्र)।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 20 जून को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी तहसील घिरोर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील घिरोर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील कुरावली में एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक तहसील भोगांव में जन-समस्याएं सुनेंगें।

### सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन यज्ञ

**मथुरा, 19 जून (तरुणमित्र)।** फ्रंट ऑफिस व्यवस्था एवं रजिस्ट्री विभाग के निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को उपनिबंधक कार्यालय, मथुरा में दस्तावेज लेखकों और अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया। आंदोलनकारियों ने हवन यज्ञ के माध्यम से अपनी मांगों और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। संघर्ष समिति के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित व्यवस्था से हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित कर उचित समाधान निकाले। संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश चौधरी प्रधान ने कहा कि सरकार की बुद्धि शुद्धि और जनहित में सही निर्णय की कामना के साथ हवन यज्ञ आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शांतिपूर्ण विरोध का माध्यम है, जिसके जरिए आंदोलनकारी अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**मैनपुरी, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय मंडीधर्मदास पर जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया व साथ ही जिला कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिला अस्पताल मैनपुरी जाकर मरीजो व अस्पताल में मौजूद सभी को फल वितरित भी किये गए।

जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि आज जब सारा विपक्ष भाजपा से डरा हुआ है वही सिर्फ अकेले नेता विपक्ष राहुल गांधी जी से मोदी जी को डर लग रहा है। कुछ लोग राजनीति में पद पाने के लिए आते हैं, कुछ लोग इतिहास बनाने के लिए, और कुछ लोग ऐसे होते हैं जो संघर्षों के बीच भी करोड़ों लोगों की उम्मीद बन जाते हैं। आज जन्मदिवस है ऐसे नेता का है जिसने सत्ता से ज्यादा जनता की आवाज को महत्व दिया, जिसने देश के किसानों, युवाओं, मजदूरों, छात्रों और आम



नागरिकों के मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाया, चुनौतियाँ आईं, आलोचनाएँ हुईं, लेकिन उन्होंने अपने विचारों और सिद्धांतों के रास्ते को नहीं छोड़ा। राहुल गांधी जी का राजनीतिक सफर केवल एक नेता का सफर नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और देश की एकता में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं का सफर है, उनकी राजनीति का केंद्र आम आदमी, उसका सम्मान और उसका अधिकार रहा है। यदि उनकी शिक्षा की बात करे तो उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के मॉडर्न स्कूल और दून स्कूल (देहरादून) में हुई। सुरक्षा कारणों से कुछ समय तक उनकी पढ़ाई घर पर ही हुई थी। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय और बाद में फ्लोरिडा के रोलिंस कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। 1995 में उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के ट्रिनिटी कॉलेज से 'डेवलपमेंट स्टडीज' में एमफिल (ट.द्वँ'.) की डिग्री पूरी की। कांग्रेस पार्टी उनके जन्मदिन पर हर वर्ष विश्वस्तरीय कंपनियो को बुलाकर रोजगार कैम्पिंगन करती है जिससे भारत के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके।

इस कार्यक्रम में भीमसेन कठेरिया,श्रीकृष्ण तिवारी, धारमसिंह, अनुपम सिंह शाक्य,हरेन्द्र राउत, डा नवीन शर्मा,,मनोज शाक्य,अतुल दुवे, सरफराज अहमद सिद्दीकी, हिमांशु सेन,मोनू यादव,सुधीर यादव,संदीप राठौर,अमित वर्मा,वाजिफ अली,नकुल शाक्य,रुस्तम सिद्दीकी, जितेंद्र राठौर,अंकित शर्मा,जितेंद्र राजपूत,शेखर सिंह,अभि यादव,शेखर यादव आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# राधा कुंड में नहाते समय 19 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

**मथुरा, 19 जून (तरुणमित्र)।** आगरा जनपद के अछनेरा के ग्राम नागर निवासी 19 वर्षीय पवन सिंह अपने दोस्तों के साथ गोवर्धन दर्शन और परिक्रमा के लिए आए थे। राधा कुंड में स्नान के दौरान वह गहरे पानी में डूब गए, काफी तलाश के बाद उनका शव बाहर निकाला गया।



गोवर्धन थाना क्षेत्र के राधाकुंड में शुक्रवार सुबह स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मृत्यु हो गई। घटना से उसके साथ आए दोस्तों और स्वजन में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और काफी तलाश के बाद युवक का शव बाहर निकालाथाना अछनेरा क्षेत्र के ग्राम नागर निवासी पवन सिंह अपने दोस्तों कान्हा और शांतनु के साथ गोवर्धन परिक्रमा और दर्शन के लिए आए थे। शुक्रवार रात दो बजे तीनों युवक राधाकुंड में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान पवन पुत्र अजमत उम्र 19 वर्ष गहरे पानी में चले गए और डूब गए। सूचना मिलते ही थाना एंव चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय संसाधनों और लोगों की मदद से युवक की तलाश कराई गई। काफी प्रयास के बाद पवन का शव पानी से बाहर निकाला गया। युवक की मृत्यु की खबर मिलते ही उसके परिजन और साथियों का रो-रोकर बुरा हाल हो

# यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**मथुरा, 19 जून (तरुणमित्र)।** बलदेव थाना क्षेत्र के बरौली गांव के पास माइलस्टोन 136 पर सुबह करीब तीन बजे हुए दर्दनाक हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार से शवों को बाहर निकाला गया।

घटना की सूचना मथुरा पुलिस ने मृतकों के परिजनों को भी दे दी थी। बताया जा रहा है कि मृतक औरैया जनपद के दिबियापुर के रहने वाले थे। यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के हुए सड़क हादसे में औरैया के एक व्यवसायी और उनके बेटे की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सुल्तानपुर डिपो की एक रोडवेज बस एक्सप्रेसवे पर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बस में



जा भिडी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दिबियापुर निवासी व्यवसायी परमहंस पांडेय और उनके बेटे पुष्पेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों दिल्ली जा रहे थे, जहां वे अपना कारोबार संभालते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोग भी सहम गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

### अमित शाह को भेंट किया श्रीनाथ भगवान का स्वर्ण चित्र

**वृंदावन, 19 जून (तरुणमित्र)।** प्रतिष्ठित चित्रकार पद्मश्री कृष्ण कन्हाई ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली के कर्तव्य भवन स्थित गृह मंत्रालय के कार्यालय में एक शिष्टाचार भेंट की। वृंदावन निवासी प्रख्यात कलाकार कृष्ण कन्हाई ने गृहमंत्री अमित शाह को पटुका ओढ़ाकर उनका आत्मीय सम्मान किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने हाथों से तैयार किया हुआ भगवान श्रीनाथजी का एक भव्य स्वर्ण चित्र भी उपहार स्वरूप भेंट किया। 24 कैरेट सोने के वर्क के साथ पारंपरिक और आधुनिक कला के इस अनूठे संगम को देखकर गृहमंत्री अत्यंत प्रभावित हुए। मुलाकात के दौरान गृह मंत्री ने पद्मश्री कृष्ण कन्हाई की उम्र, उनके स्वास्थ्य और उनकी लंबी कला साधना के विषय में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही दोनों के बीच धार्मिक नगरी वृंदावन की सांस्कृतिक धरोहर और उसकी प्राचीन कला शैलियों के संरक्षण को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई।

# रेप के आरोपी को बचाने के नाम पर ठगी: खाकी का रौब दिखाकर महिला से ऐंठे 60 हजार

**हरदोई/सांडी, 19 जून (तरुणमित्र)।** कानून का डर दिखाकर और पुलिस से साठगांठ का झांसा देकर गरीब ग्रामीणों को ठगने वाले जालसाजों का नेटवर्क थमता नजर नहीं आ रहा है। सांडी थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां दुष्कर्म के आरोपी को जेल जाने से बचाने के नाम पर तीन जालसाजों ने एक लाचार महिला से 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और पीड़ित परिवार ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें ही जेल भिजवाने की धमकी दे डाली। पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यह पूरा मामला धोंधी गांव का है। गांव निवासी मीरा पत्नी रामसेवक ने बताया कि कुछ समय पहले उसके पुत्र अजीत पर एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। बेटा जेल न जाए, इस मजबूरी का फायदा उठाने के लिए गांव के ही शातिर अमरेंद्र, उसका भाई जितेंद्र उर्फ पप्पू और पुत्र अमन सक्रिय हो गए। इन तीनों ने महिला को अपने जाल में फंसाया और दावा किया कि उनकी पुलिस में ऊंची पहुंच है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर वे 60 हजार रुपये दे दें, तो अजीत के खिलाफ चल रही सारी कार्रवाई बंद करवा दी जाएगी।

बेटे को बचाने की चाह में बदहवास मां ने जैसे-तैसे रुपयों का इंतजाम कर आरोपियों के हाथ में थमा दिया। आरोपियों ने भरोसा दिया था कि अब पुलिस अजीत को छुएगी तक नहीं। लेकिन कानून ने अपना काम किया और जांच के बाद पुलिस ने अजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बेटे के जेल जाते ही महिला और उसके पति के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्हें समझ आ गया कि वे ठगी का शिकार हो चुके हैं।इसके बाद जब पीड़ित दंपति ने अमरेंद्र और उसके परिवार से अपने 60 हजार रुपये वापस मांगे, तो आरोपियों की नीयत डोल गई। उन्होंने रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। हद तो तब हो गई जब विरोध करने पर इन रसूखदार जालसाजों ने पीड़ित माता-पिता को ही उल्टा किसी और मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे डाली। थक-हारकर पीड़िता मीरा ने बीते 21 मई को पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होकर न्याय की गुहार लगाई और शिकायती पत्र सौंपा। एसपी के निर्देश पर हुई प्राथमिक जांच में मामला सही पाए जाने के बाद सांडी पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष समर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अमरेंद्र, जितेंद्र उर्फ पप्पू और अमन के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने किया जनसेवा कार्यक्रम




**बिलग्राम, हरदोई, 19 जून (तरुणमित्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर बिलग्राम में कांग्रेस कार्यकताओं ने सेवा अभियान चलाते हुए राहगीरों और स्थानीय लोगों को शरबत वितरित किया।

कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक परिसर के सामने 159 बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र के नेता सुभाष पाल के नेतृत्व में किया गया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने लोगों के बीच पहुंचकर सेवा और जनसंपर्क का संदेश दिया। उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने राहुल गांधी के अच्छे स्वास्थ्य, दीघार्यु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सुभाष पाल ने कहा कि राहुल गांधी के विचार और नेतृत्व देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सुशांत पाल, समाजसेवी आसिफ अली शम्मू भाई, नगर अध्यक्ष सादिक अली, आलोक त्रिवेदी, श्रवण राजपूत, रामू गुप्ता, सुशील बाबू, अरुण पाल, आदित्य श्रीवास्तव, सौरभ पाल, मुकेश पाल, अर्जित पाल, अंकित यादव और सद्दाम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस

**मथुरा, 19 जून (तरुणमित्र)।** देश में न्याय संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज बुलंद करने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी जी का 56 वां जन्मदिन सेठवाड़ा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ केक काट कर एवं मिष्ठान वितरित कर मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर में कहा कि सत्य साहस संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय के प्रति राहुल गांधी जी की अटूट प्रतिबद्धता देश के करोड़ों युवाओं किसानों मजदूरों और वंचित वर्गों को निरंतर प्रेरित करती है। श्री राहुल जी ने सदैव महंगाई शिक्षा स्वास्थ्य और बेरोजगारी जैसे जनता के मूल मुद्दों को उठाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का कार्य किया है।

# अंतराष्ट्रीय संस्था में विजय शर्मा बने 'कल्चर अफेयर एडवाइजर'

### संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतर-सरकारी संस्था IIMSAM में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**वृन्दावन, 19 जून (तरुणमित्र)।** संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी अंतर-सरकारी संस्था (आई.आई.एम.एस.ए.एम.) द्वारा प्रियाकान्तजु मंदिर सचिव एवं समाजसेवी विजय शर्मा को भारत में कल्चर अफेयर एडवाइजर के पद पर नियुक्त किया गया है । संस्था संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद की निगरानी में स्पिरूलिना जैसे प्राकृतिक संसाधनों से कुपोषण उन्मूलन एवं स्वास्थ्य संवर्धन जैसे विषयों पर 190 देषों में कार्य कर रही है । विजय शर्मा को भारत में सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुये संस्था के वैश्विकअभियानों आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है ।




सोमवार को आई.आई.एम.एस.ए.एम.)द्वारा दिल्ली में 25वाँ स्थापना दिवस मनाया गया ।एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के एशियन एम्बेसडर डा0 साहिल सिंह ने विजय शर्मा को नियुक्ति पत्र के साथ भारत में कुपोषण के खिलाफ अभियान का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा । संस्था के इंडिया एम्बेसडर आसिफ अयूब ने कहा कि विजय शर्मा को उनकी उपलब्धियों, सामाजिक नेतृत्व, सांस्कृतिक सवांद को बढ़ावा देने के प्रयास तथा मानवता के प्रति समर्पण को देखते हुये यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। विजय शर्मा IIMSAM संस्था के सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता अभियानों को मजबूत करेंगे तथा ह्यस्पिरुलिनाह्ल जैसे सतत एवं पोषणयुक्त खाद्य सामग्री के माध्यम से कुपोषण से लड़ने के मिशन को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। साथ ही वे संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों, विशेष रूप से ह्यजीरो हंगर (भुखमरी का अंत), गुड हैल्थ एण्ड वैल बीइंग (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण) तथा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु साझेदारी से संबंधित पहलों को बढ़ावा देने में सहयोग करेंगे।

स्थापना दिवस के मौके पर संस्था पदाधिकारियों ने भारत में आगामी योजनाओं के अन्तर्गत गुजरात में कुपोषण रिसर्च सेंटर एवं निःषुल्क कैंसर अस्पताल निर्माण की घोषणा की । आयोजन में षिवसैना चीफ नेशनल कॉडीर्नेटर डा0 अभिषेक वर्मा, राज्यसभा सांसद अमर पटनायक, सीआइएसएफ आईजी सरोजकान्त मलिक, रिटा. एसीपी सुन्दर लाल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

विजय शर्मा ने इस अवैतनिक नियुक्ति को भारत की सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक शक्ति एवं वैष्विक मानवीय मूल्यों में विश्वास का सम्मान बताते हुये आभार व्यक्त किया ।

# मुठभेड़ में मारे गए इजराइल की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**● नगर मजिस्ट्रेट ने आमजन से मांगे साक्ष्य और बयान, 4 जुलाई तक कर सकते हैं प्रस्तुत**

**उन्नाव, 19 जून (तरुणमित्र)।** नगर मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह ने बांगरमऊ थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अपराधी इजराइल उर्फ इसराइल की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू किए जाने की सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में कोई भी व्यक्ति यदि अपना लिखित या मौखिक बयान अथवा कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 4 जुलाई 2026 तक कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकता है। जारी सूचना के अनुसार 15 जून 2026 को तड़के करीब 12:33 बजे थाना बांगरमऊ क्षेत्र में जनपदीय स्वॉट टीम और थाना पुलिस के साथ हुई सशस्त्र मुठभेड़ में अपराधी इजराइल उर्फ इसराइल पुत्र शकूर निवासी पूर्विया टोला, कस्बा एवं थाना बांगरमऊ घायल हो गया था। उसे सुबह करीब 3:58 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुठभेड़ के संबंध में प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ अखिलेश चन्द्र पाण्डेय की तहरीर पर थाना बांगरमऊ में मुकदमा संख्या 171/2026 धारा 109(1) बीएनएस तथा आयुध अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मृतक इजराइल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति 4 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपना बयान या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भी साक्ष्य उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

# गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**● गंगाघाट पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग पुल के नीचे से दबोचा, 24 मुकदमे दर्ज होने का दावा**

**उन्नाव, 19 जून (तरुणमित्र)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त को रेलवे क्रॉसिंग पुल के नीचे से पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार थाना गंगाघाट में 31 मई 2026 को मु.अ.सं. 289/2026 धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त सूरज निषाद पुत्र जगन्नाथ निषाद निवासी मनसुखखेड़ा, चम्पापुरवा, गंगाघाट, उन्नाव को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सूरज निषाद के विरुद्ध हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एससी/एसटी एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में कुल 24 मुकदमे दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास वर्ष 2015 से लगातार दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान तथा कांस्टेबल इमरान खान शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# उन्नाव में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और ड्रोन पायलट के 250 पदों पर भर्ती अभियान

**उन्नाव, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा ने बताया कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जीडीएक्स सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, नोएडा एवं स्किल इंडिया, नई दिल्ली के सहयोग से भर्ती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 200 सुरक्षा जवान, 20 सुपरवाइजर तथा 30 ड्रोन पायलट के पदों पर भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को नोएडा परी चौक स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों की 58 वर्ष की आयु तक स्थायी नियुक्ति उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में की जाएगी। भर्ती चयन प्रक्रिया सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संबंधित विकासखंड कार्यालयों में आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 जून को असोहा, हिलौली एवं पुरवा, 22 जून को सुमेरपुर, बीघापुर एवं सिकंदरपुर करन, 23 जून को बिछिया, सिकंदरपुर सरोसी एवं नवाबगंज, 24 जून को गंजमुरादाबाद एवं बांगरमऊ, 25 जून को फतेहपुर-84 एवं औरास तथा 27 जून को सफीपुर, मियागंज एवं हसनगंज विकासखंड कार्यालयों में भर्ती कैंप लगाए जाएंगे।भर्ती के लिए अभ्यर्थी का 10वीं पास होना आवश्यक है। उम्मीदवार की ऊंचाई न्यूनतम 168 सेंटीमीटर, आयु 18 से 45 वर्ष तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम के बीच होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एक पासपोर्ट आकार फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर अपने विकासखंड कार्यालय में उपस्थित हों।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र के साथ स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाएगी। उन्हें 18 हजार से 22 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ पीएफ, ग्रेच्युटी, मेडिकल सुविधा, वार्षिक वेतन वृद्धि, बीमा, प्रमोशन तथा बोनस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। वर्दी आदि से संबंधित शुल्क अभ्यर्थी की सहमति से आगे की प्रक्रिया में लिया जाएगा।

# डीएम व सीडीओ ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर में विकास प्रदर्शनी का दूसरे दिन प्रदर्शनी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनमानस की भीड़ रही और आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। लोगों ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग की टीम के साथ लोकगीतों एवं लोकगायन की मनमोहक प्रस्तुतियां रही। कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी आज तक आमजन के लिए लगी रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाये है।

# राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन मनाया

**उन्नाव, 19 जून (तरुणमित्र)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी जताई तथा उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और राहुल गांधी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही देश के मौजूदा हालात पर गंभीर चिंतन कर भाजपा सरकार का मजबूती से मुकाबला कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष हनुमत सिंह ने कहा कि राहुल गांधी किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। वहीं संगठन उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिवेश में राहुल गांधी ही विपक्ष की भूमिका का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रहे हैं। कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी ने राहुल गांधी के दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए साथियों के साथ संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल तिवारी, महामंत्री युसूफ फारुकी, अनुराग सिंह, आशुतोष शर्मा, बाबूराम निषाद, मणिकांत रावत, सलमान शाहिद, सुरेश श्रीवास्तव, सुनीत पाल, प्रदीप शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, अमित मौर्य, सैयद सैफ, सुनील कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**● मरीजों को बांटे फल**
**● जिला कांग्रेस कार्यालय में केक काटा गया, नेताओं ने राहुल गांधी के दीघार्यु जीवन की कामना की**

# हमीरपुर रोडवेज बस की चपेट में आया होमगार्ड जवान

**हमीरपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** हमीरपुर डिपो की रोडवेज बस की चपेट में आने से होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार सुमेरपुर पुलिस ने मौके में पहुंचकर घायल होमगार्ड को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार होमगार्ड राजू यादव पुत्र पंचा यादव, उम्र लगभग 58 वर्ष, निवासी दूध डेरी रोड, कस्बा एवं थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर, गल्ला मंडी सुमेरपुर में ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान सड़क पार करते समय ट्रक को ओवरटेक कर रही हमीरपुर डिपो की एक रोडवेज बस की चपेट में आ जाने से वह घायल हो गए।सूचना प्राप्त होते ही थाना सुमेरपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की सहायता से घायल होमगार्ड को उपचार हेतु तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

# भीषण गर्मी में सपा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह ने बांटे भोजन पैकेट व पानी की बोतलें



**निगोही/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के बीच सपा के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए मानवीय पहल करते हुए गरीबों, असहायों एवं राहगीरों को भोजन के पैकेट और पानी की बोतलों का वितरण किया। यह सेवा कार्य निगोही ब्लॉक क्षेत्र तथा पुवायां रोड पर आयोजित किया गया। भोजन और पानी प्राप्त कर लोगों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। लाभार्थियों ने राजेश सिंह के इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में जरूरतमंदों की सहायता करना एक सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य है, जिससे समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को बल मिलता है। इस अवसर पर राजेश सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे जनहितकारी और सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। राजेश सिंह के इस सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है और लोगों ने इसे मानवता की मिसाल बताया।

# जीएफ कॉलेज में नेशनल रीडिंग डे के अवसर पर छात्र-छात्राओं को वितरित की गईं नि:शुल्क पुस्तकें



**शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** जी एफ कॉलेज के फजलुर्रहमान खां केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा ?नेशनल रीडिंग डे? के अवसर पर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरित कर पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने कहा कि पुस्तकें-ज्ञान, विचार और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन की आदत विकसित करनी चाहिए।लाइब्रेरियन सैयद अनीस अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय पठन दिवस प्रत्येक वर्ष केरल के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं पुस्तकालय आंदोलन के जनक पीएन पणिक्कर की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है।उनके सम्मान में वर्ष 1996 से इस दिवस की शुरूआत हुई।पीएन पणिक्कर ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार और पुस्तकालय आंदोलन को नई दिशा दी थी।उनका प्रसिद्ध नारा ?पढ़ो और बढ़ो? आज भी लोगों को ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित करता है। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा 19 जून को राष्ट्रीय पठन दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद इसका महत्व और बढ़ गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत,साक्षरता और ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पुस्तकों के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा नियमित पठन-पाठन का संकल्प लिया। इस अवसर पर विकास कुमार, जहीर अहमद, शहरोज खां, शाहरुख हुसैन, निदा, बुशरा, अविकल, अंकुल कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी बाँदा अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खनन विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा की गई प्रवर्तन कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए प्रवर्तन कार्यवाहियों में न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद में बाहरी जनपदों एवं राज्यों से आने वाले खनिज परिवहन वाहनों पर सतत निगरानी रखने तथा संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित करने को कहा जिनके विरुद्ध दो या उससे अधिक चालान दर्ज हैं, ताकि उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने जिला खनिज अधिकारी को विटीएस आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने तथा अवैध खनन की कार्रवाई वाले पट्टों की सूची तैयार कर उन पर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त नदियों का सर्वेक्षण एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित खनन क्षेत्रों का चिन्हांकन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद, भेजा जेल



**तिलहर/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** तिलहर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 389 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की एक बाइक और दो एंड्रॉयड मोबाईल फोन भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 18 जून को अपराह्न लगभग 3 बजे मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरयू पुलिया स्थित अग्रवाल होटल के सामने हाईवे के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान चन्द्रभान (27) पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम कुंडा सहायपुर, थाना कादरचौक, जनपद बदायूं तथा सुखवीर (26) पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम किशमी मेहरा, थाना मुसाझाग, जनपद बदायूं के रूप में हुई। तलाशी के दौरान चन्द्रभान के कब्जे से 389 ग्राम अवैध अफीम और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि सुखवीर के पास से एक अन्य एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। दोनों जिस मोटरसाइकिल से आए थे, उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी, जिसे पुलिस ने सीज कर दिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह अफीम मुनेन्द्र कश्यप और मुस्तफा, निवासी थाना मीरगंज, जनपद बरेली से 1.10 लाख रुपये में खरीदी थी। इसे हाईवे पर आने वाले एक ग्राहक को 1.30 लाख रुपये में बेचने की योजना थी, जिससे उन्हें लगभग 20 हजार रुपये का मुनाफा होने वाला था।

# पैसे के अभाव में एक महीने से बंद पड़ी है मेन लाइन

**मुरवल/बांदा, 19 जून (तरुणमित्र)।** एक महीना पूरा होने को है लेकिन अभी तक मुरवल पावर हाउस से रगौली फीडर अंतर्गत एसटीडब्ल्यू तेरह नंबर की मेन लाइन लाइन मैन और अधिकारियों की उदासीनता के चलते लावारिश अवस्था में पड़ी है, एक तो आग उबलता मौसम और खराब लाइन और समय से बारिश का अभाव तो वहीं उदासीनता के चलते किसानों की अरमानों में पानी फेर रहा है बिजली विभाग।

विगत हो कि मुरवल पावर हाउस अंतर्गत रगौली फीडर एसटीडब्ल्यू तेरह नंबर सरकारी ट्यूब बेल की मेन लाइन पिछले महीने आई तेज आधी की वजह से एक पोल का तार टूट गया था जिसके कारण यह लाइन आज भी अचेत अवस्था में उसी तरह बंद पड़ी हुई है किसानों ने कई बार सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के इसकी जानकारी भी दी बावजूद इसके हालात जस के तस बने हुए है। किसानों ने बताया कि यह लाइन एक सरकारी ट्यूब बेल सहित बारह प्राइवेट ट्यूब बेल को संचालित करती है लेकिन इस लाइन को दुरुस्त करने के लिए कई बार लाइनमैनो को अवगत कराया गया लेकिन पैसे के अभाव में कोई सुनाई नहीं हो रही।

# बिजली संकट पर विधायक हरिप्रकाश वर्मा का कड़ा रुख बोले-लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तुरंत सुधारें व्यवस्था



**जलालाबाद/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा बेहद सख्त रुख में नजर आए। आम जनता को मिल रही दिक्कतों और बढ़ रहे जनआक्रोश को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने विद्युत विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक आपात समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में विधायक ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताते हुए बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के कड़े निर्देश दिए। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि इस तपती गर्मी में जनता को सुचारु रूप से बिजली उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की हर छोटी-बड़ी शिकायत का तत्काल निस्तारण किया जाए। जिन इलाकों में जर्जर तारों और बार-बार फॉल्ट के कारण संकट खड़ा हो रहा है, वहां केवल कामचलाऊ मरम्मत के बजाय स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने और तकनीकी खामियों को दूर करने के काम को युद्धस्तर पर प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्योरा दिया। अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए जल्द ही समस्याओं पर काबू पा लिया जाएगा और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जाएगी।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम प्रभात राय, कलान के एसडीएम अभिषेक प्रताप, विद्युत विभाग के एसडीओ सौरभ शाक्य, अवर अभियंता जगदीश सिंह, कलान के एसडीओ प्रकाश सिंह और जेई जोगेंद्र कुमार सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तहसील में तांडव मचाने वाले आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** थाना मिजार्पुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जलालाबाद तहसील परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब क्षेत्र के कुछ चिन्हित दबंग और गुंडा प्रवृत्ति के लोगों ने सरेआम एक अधिवक्ता और उनके बेटों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी टीयूवी कार में सवार होकर असलहे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने पीड़ित को जबरन सीट से उठने को कहा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जब पीड़ित और उनके बेटों ने इस अभद्रता का विरोध किया, तो दबंगों ने सुनियोजित तरीके से लाठी-डंडों से हमला बोल दिया।

इसी बीच आरोपी अमन ने अपनी गाड़ी से लोहे की रॉड निकालकर पीड़ित के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुभाषचन्द्र और अंकित उर्फ जापानी ने डंडों से हमला कर उनके बेटों को भी बुरी तरह पीटा, जिससे उनके हाथ-पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। तहसील परिसर में मौजूद भारी भीड़ ने बमुश्किल बीच-बचाव कर पीड़ितों की जान बचाई।

# आर-पार की जंग: जलालाबाद में वकीलों का हल्लाबोल सातवें दिन भी ठप रहा उपनिबंधक कार्यालय




**जलालाबाद/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश के ई-पंजीकरण मॉड्यूल और निबंधन कार्यालयों (रजिस्ट्री दफ्तरों) को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने की प्रस्तावित नीति के खिलाफ अधिवक्ताओं का गुस्सा सातवें दिन भी सातवें आसमान पर रहा।

बार एसोसिएशन जलालाबाद के बैनर तले वकीलों ने उपनिबंधक कार्यालय परिसर में तालाबंदी जैसी स्थिति पैदा कर विशाल धरना-प्रदर्शन किया और सरकार की इस नीति को रोजगार पर कुठाराघात करार दिया। शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक (एडवोकेट) की अध्यक्षता और महासचिव अमित सिंह परमार (एडवोकेट) के संचालन में एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार इस जनविरोधी और रोजगार विरोधी फैसले को वापस नहीं लेती, तब तक आंदोलन थमेगा नहीं। वकीलों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। धरना स्थल पर वक्ताओं ने सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक और महासचिव अमित सिंह परमार ने संयुक्त रूप से कहा कि ई-पंजीकरण (पेपरलेस रजिस्ट्रीकरण) और निजीकरण से केवल वकीलों का ही नहीं, बल्कि सालों से कचहरी में काम कर रहे बैनामा लेखकों, स्टाम्प वेंडरों और गरीब टाइपिस्टों का रोजगार पूरी तरह छिन जाएगा। यह नीति आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगी और प्रशासनिक जटिलताओं को बढ़ाएगी। आंदोलन होगा और उग्र - बार एसोसिएशन जलालाबाद ने साफ कर दिया है कि आज तक कलमबंद हड़ताल पूरी तरह जारी रहेगी। यदि इसके बाद भी शासन स्तर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो शाहजहांपुर जिले के इस आंदोलन को पूरे प्रदेश में व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार शर्मा, योगेश कुमार यादव, संदीप कुमार मिश्र सहित कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य और भारी संख्या में अधिवक्ता व स्टांप विक्रेता मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन में दो ट्रैक्टर ट्राली और रेफर मशीन सीज

**परौर/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** थाना परौर क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने एक कार्रवाई को अंजाम दिया है, बीती रात पुलिस ने परोतन गांव के समीप अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली और एक रेफर मिट्टी खोदने वाली मशीन को रंगे हाथों पकड़ कर सीज कर दिया अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के अन्य खनन माफियाओं और अवैध कारोबारियों में दहशत का माहौल है स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की सराहना की जा रही हैं।

# गौशाला के पास दर्जनों मृत गोवंश मिलने से मचा हड़कंप, सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू



**तिलहर/शाहजहांपुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर ठठीउरा स्थित गौशाला के समीप शुक्रवार दोपहर बड़ी संख्या में मृत गोवंश मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम और संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे गौ रक्षक संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गौशाला के समीप दर्जनों मृत गोवंश पड़े होने का दावा किया। मृत गोवंशों को देखकर गौ रक्षक संघ के सदस्यों ने नाराजगी जताई और मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान गौशाला से जुड़े कुछ लोगों और गौ रक्षक संघ के कार्यकताओं के बीच कहासुनी भी हो गई। हालांकि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित कर दोनों पक्षों को शांत कराया और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मौजूद लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। साथ ही मृत गोवंशों की वास्तविक संख्या, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और वे कितने समय से वहां पड़े थे, इन सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई है। ताकि मौत के कारणों का सही पता लगाया जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, जिससे यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो उसकी जिम्मेदारी तय की जा सके। वहीं प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है। मृत गोवंशों की संख्या और उनकी मौत के कारणों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 'किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए'... डीएम के इस पैगाम ने जीत लिया दिल,अमीरनगर से दिया सौहार्द का संदेश



**लखीमपुर-खीरी,18 जून (तरुणमित्र)।** मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय और परंपरागत तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने गुरुवार देर शाम अमीरनगर से सौहार्द का बड़ा संदेश दिया। गोला तहसील और मोहम्मदी सर्किल की अमीरनगर पुलिस चौकी पर आयोजित शांति समिति की बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने धर्मगुरुओं, ताजियादारों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ सीधा संवाद कर शांति,भाईचारे और कानून व्यवस्था को लेकर स्पष्ट संदेश दिया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम गमी और मातम का पर्व है, इसे परंपरागत,गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा और ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि खुशी की बात है कि क्षेत्र के लोगों ने स्वयं आगे आकर शासन की गाइडलाइन के अनुरूप त्योहार मनाने का भरोसा दिया है। यही सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी किसी भी पर्व को सफल बनाती है। अपने संबोधन के दौरान डीएम ने मशहूर शायर निदा फाजली का शेर सुनाकर मौजूद लोगों को इंसानियत और संवेदनशीलता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, ₹अपना गम ले के कहीं और न जाया जाए,घर में बिखरी हुई चीजों को सजाया जाए... घर से मस्जिद है बहुत दूर, चलो यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए।₹ डीएम के इस संदेश को बैठक में मौजूद लोगों ने सराहा और सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, वहीं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आमजन की भूमिका भी अहम है। उन्होंने लोगों से धैर्य, संयम और आपसी भाईचारे के साथ गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि एक गलत संदेश पूरे माहौल को प्रभावित कर सकता है। किसी भी अपुष्ट जानकारी को साझा न करें और यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ।

और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस बैठक में एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी,सीओ अरुण कुमार सिंह ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और ताजियादारों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोहर्रम का पर्व पूरी शांति,परंपरा और शासन की गाइडलाइन के अनुरूप मनाया जाएगा।

## मंगलदीप मिश्रा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**बाराबंकी, 19 जून (तरुणमित्र)।** मंगलदीप मिश्रा की असामयिक मृत्यु पर प्रमोद तिवारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच किए जाने के संबंध मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर गुहार लगाई है। प्रेषित पत्र में प्रमोद तिवारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद अवध क्षेत्र उत्तर प्रदेश ने कहा है कि विधानसभा दरियाबाद के सिल्हौर गांव के रहने वाले मंगलदीप मिश्रा पुत्र शेष राज मिश्रा की असामयिक मृत्यु हो गई थी उन्होंने मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बनाते हुए उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

# टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पीएम को भेजा ज्ञापन



**बस्ती , 19 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार निषाद के नेतृत्व में पदाधिकारियों और शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता के सवाल को लेकर उप जिलाधिकारी बस्ती सदर के माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार निषाद ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त किया जाना आवश्यक है। केन्द्र और राज्य सरकार शीघ्र प्रभावी पहल करे। कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर बाद में निर्मित पात्रता मानदण्डों को लागू करना प्राकृतिक न्याय, समानता तथा विविध निश्चिता के विपरीत है ऐसे में सरकार से हमारी मांग है कि टेट अनिवार्यता को वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों को मुक्त किया जाए साथ उनकी सेवा वरिष्ठता पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाये। कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि टेट लागू करना शिक्षकों के साथ असमानता के व्यवहार को प्रदर्शित करता है। कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों की गरिमा के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। महामंत्री अटल बिहारी गौड ने कहा कि टेट परीक्षा जब जुलाई 2011 से लागू हुई तो उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करने शिक्षकों की सेवा हितों एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रविष्टि डालने वाला है। जिला मंत्री डा० दुर्गा प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं किया जायेगा। वरिष्ठ शिक्षक नेता प्राथमिक शिक्षक संघ उदय शंकर शुक्ल, अभय सिंह यादव, सूर्य प्रकाश शुक्ल, पाटेश्वरी निषाद, मारूफ खान मंगेश राजभर रवि सिंह, आदित्य लिए वरिष्ठ शिक्षक नेता जूनियर शिक्षक संघ अजय पाल, प्रदीप जायसवाल, इजहारूल अन्सारी, मनीष मिश्रा, उमेश जी मौर्या, शिवाजी पाण्डेय, प्रोटान के वरिष्ठ शिक्षक नेता आत्मा प्रसाद, दिनेश चौधरी, अनिल कुमार, सत्य प्रकाश, सत्येन्द्र सहाय आदि ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अभियान को अपना समर्थन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सामान्य से कहीं अधिक तापमान, कृषक अपने गन्ना प्लांट की करें सिंचाई : लवकुश

**बस्ती , 19 जून (तरुणमित्र)।** बजाज चीनी मिल रुधौली के बहादुरपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सीस्वरी बदन सिंह सीस्वरी रघुवीर सिंह भरवलिय करहली के गन्ना प्लांट का निरीक्षण चीनी मिल के महा प्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह चौहान ने किया` उन्होंने कहा की तापमान सामान्य से ज्यादा गर्मी भीषण पड़ रही है इसलिए खेत की सिंचाई अवश्य करें` उपस्थित कृषकों से यह भी कहा की सिंचाई जब भी कृषक करें शाम के समय ही करें और खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखें` उर्वरक खाद का प्रयोग खेत में नमी रहे तभी करें स्प्रे का प्रयोग शाम के समय ही करें, जिससे पौधे उसको ग्रहण कर विकास करें` सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु गगन पांडे ने कहा कि गन्ना सर्वे कार्य आखिरी चरण में चल रहा है, कृषक अपने प्लाट पर उपस्थित रहे और यह सुनिश्चित कर लें कि उनके प्लांट का गन्ना सर्वे हो गया है जरूरी कागजात फील्ड सुपरवाइजर को उपलब्ध करा दें जिससे अगर आपका सट्टा लाक है और समिति के नए सदस्य बनना चाहते हैं तो बन सकें` हम गांव-गांव में कृषको को लगातार जागरुक कर रहे हैं` इस दौरान सहायक महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार शुक्ला, क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण सिंह और क्षेत्रीय अधिकारी रंजीत सिंह समेत क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे`

### या हुसैन की सदाओं के बीच शान-ओ-शौकत से निकला पूर्वांचल का ऐतिहासिक दो मोहर्रम का जुलूस

**अम्बेडकरनगर, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद मुख्यालय अकबरपुर के मीरानपुर स्थित शाही इमामबाड़े से अंजुमन अकबरिया रजिस्टर्ड के तत्वावधान में पूर्वांचल का ऐतिहासिक दो मोहर्रम का जुलूस गुरुवार देर रात अकीदत, और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस में शामिल अलम, दुलदुल और अमारियों की जियारत के लिए रास्ते भर अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। देर रात लगभग 10 बजे शुरू हुआ यह ऐतिहासिक जुलूस अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ शुक्रवार सुबह अयोध्या मार्ग स्थित रोजा-ए-फात्मान कर्बला पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में न सिर्फ अकबरपुर बल्कि अयोध्या, सुल्तानपुर, टांडा, जलालपुर समेत विभिन्न जगहो से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान दिव्यांग अंसार हुसैन और जर्रार हुसैन ने अलम, ताबूत, दुलदुल और अमारी का भावपूर्ण परिचय कराया। कर्बला के शहीदों का जिक्र होते ही माहौल गमगीन हो गया और अकीदतमंदों की आंखें नम हो उठीं। जगह-जगह नौहाख्वानी, सीनाजनी और अजादारी का सिलसिला चलता रहा। अंजुमन जुल्फकारिया खासपुर, अंजुमन अब्बासिया सकरावल टांडा, अंजुमन रौनक-ए-इस्लाम जलालपुर, अंजुमन हुसैनिया सुल्तानपुर और अंजुमन हुसैनिया ने जुलूस में शिरकत कर नौहा व मातम किया। रोजा-ए-फात्मैन कर्बला में मौलाना मोहम्मद जुहैर की तकरीर के साथ जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने अलम, दुलदुल व अमारी की जियारत कर फूलों की चादरें पेश कीं तथा मन्नतें मांगीं।

# शासन की मंशा, जरूरत के सापेक्ष किसानों को मिले खाद

**सीतापुर , 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के किसानों को उनकी जरूरत के सापेक्ष उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए शासन ने डिजिटल ऐप की व्यवस्था लागू कर दी है। इस व्यवस्था का सफल क्रियान्वयन हो सके, इस हेतु जिला कृषि अधिकारी संजीव सिंह ने अपने विश्वस्त व अनुभवी स्टाफ के साथ कमर कस ली है। डीएओ श्री सिंह ने कहा कि किसान भाइयों को उनकी आवश्यकतानुसार समय पर उर्वरक मिल सकें, इस दिशा में वह और उनकी टीम हरसंभव प्रयास करेगी। चकबंदी प्रक्रिया वाले विभिन्न ब्लाकों के दर्जन भर गांवों के किसानों को भी जिला कृषि अधिकारी ने किसी तकनीकी अड़चन के बिना खाद मुहैया कराने की मजबूत योजना बना ली है। श्री सिंह ने बताया कि किसान भाई इस ऐप का अधिकाधिक प्रयोग करें। किसानों को इस हेतु विभाग स्तर से जागरूक भी किया जा रहा है। इस कार्य में उनका स्टाफ सक्रियता के साथ लगा है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा है कि किसानों को पारदर्शी सिस्टम के तहत समय पर खाद मिले, इसके भगीरथ प्रयास किए जा रहे हैं। डीएओ श्री सिंह ने यह भी कहा कि डिजिटल ऐप के संचालन अथवा उसे डाउनलोड करने की प्रक्रिया में भी यदि किसी किसान भाई को कोई असुविधा आती है तो वह उसे भी अपने स्टाफ के सहयोग से निस्तारित कराने को पूरी तरह तत्पर हैं।

## तिकुनियां प्रीमियर लीग 20 जून से शुरू

**तिकुनियां-खीरी,19 जून (तरुणमित्र)।** आल इंडिया प्रेस जनर्लिस्ट एशोसिएशन के तत्वावधान में तिकुनियां प्रीमियर लीग ( नाइट टूनामेंट ) का आयोजन 20 जून से किया गया है,यह टूनामेंट 30 जून तक चलेगा और टूनामेंट का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी करेगे। आल इंडिया प्रेस जनर्लिस्ट एशोसिएशन के तिकुनियां इकाई के अध्यक्ष राजीव खत्री ने बताया कि यह टूनामेंट 20 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। सभी मैच देर शाम से शुरू होंगे। महामंत्री आनंद अग्रवाल ने बताया कि टूनामेंट का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के कर कमलों से होगा। इस टूनामेंट में 16 टीमें भाग ले रही है। कस्बे में पहली बार रात में हो रहे इस टूनामेंट को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है।

# शिव सैनिकों ने स्थापना दिवस मनाते हुए अयोध्या राम मन्दिर की शुद्धि का किया यज्ञ

**बाराबंकी , 19 जून (तरुणमित्र)।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिको ने प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही की अगुवाई में जिला मुख्यालय सोमैया नगर देवा रोड़ पार्टी का साठवां स्थापना दिवस मनाते हुए अयोध्या श्री राम जन्म भूमि मंदिर में हुए चढ़ावे की धनराशि की चोरी जैसे महापाप को धोने तथा मंदिर की पवित्रता एवं शुद्धि के लिए ₹शुद्धि यज्ञ₹ किया। इस अवसर पर शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव/प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज मिश्र विद्रोही ने शिवसैनिको को संबोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन 1966 में शिवसेना की स्थापना समाज सेवा के कार्यों हेतु की गई थी जो आगे चलकर भारतीय राजनीति में देश का चर्चित दल बनकर खड़ा हुआ विचारों पर आधारित शिवसेना की आज पूरे देश में शाखाएं है जिस आज कुछ गद्दार प्रवृत्ति के लोग समाप्त करने षड्यंत्र कर रहे है और सांसदों विधायकों की खरीद कर रहे है जो देश स्वच्छ राजनीति के लिए अच्छे संकेत नहीं है शिवसेना सांसद विधायकों से नहीं शिवसेना शिवसैनिको से चलती है । निष्ठावान शिवसैनिक आज भी उद्धव ठाकरे के साथ है। राम मंदिर में दान चंदा चोरी के विरोध में श्री विद्रोही ने कहा कि श्री राम जन्म भूमि मंदिर में इस प्रकार की चोरी की घटना से भारतीय जनमानस ,रामभक्तो एवं शिवसैनिकों में आक्रोश व्याप्त है श्री राम मंदिर निर्माण आंदोलन में शिवसैनिकों ने अपना रक्त बहाया है जिसे व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा दान धनराशि की चोरी एवं हेराफेरी में श्री राम जन्म भूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष तथा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदेन सदस्य मुलायम सरकार के कार्यकाल में कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले रामद्रोही सेवा निवृत आई ए एस नृपेंद्र मिश्रा तथा महासचिव चंपत राय की भूमिका भी संदिग्ध है इन लोगों द्वारा पूर्व में श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण हेतु शिला पूजन में पूजित सोने चांदी की हजारों शिलाएं भी गायब करवा दी गई जिसका कोई लेखा जोखा और अता पता नहीं हैं तथा ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय द्वारा स्थानीय नेताओं से साठ गांठ कर नजूल की तीन करोड़ की भूमि को राम मंदिर निर्माण हेतु चौबीस करोड़ की कीमत देकर क्रय किया जिसमें भारी कमीशन खोरी की गई जिसकी कोई जांच तक नहीं की गई इनकी भी उच्च स्तरीय जांच कराई जाएं।

# प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी,19 जून(तरुणमित्र)।** उ०प्र० उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी के नेतृत्व में उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं मंडी व्यापारियों ने कृषि उत्पादन मंडी समिति गोला के सचिव को व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मंडी समिति द्वारा लागू की गई नई ऐप व्यवस्था, दुकानों के किराये में प्रतिवर्ष 5% वृद्धि, वर्ष 2010 के मंडी निदेशालय के आदेश का अनुपालन न होना,ऑनलाइन पोर्टल एवं मंडी ऐप की तकनीकी खामियां,मंडी लाइसेंस नवीनीकरण हेतु लागू की गई नई एवं जटिल शर्तों का विरोध दर्ज कराया गया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि नई ऐप व्यवस्था बिना व्यापारी संगठनों से विचार-विमर्श किए लागू की गई है। जिससे व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक एवं तकनीकी बोझ बढ़ रहा है। साथ ही दुकानों के किराये में प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत की स्वचालित वृद्धि तत्काल समाप्त किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में वर्ष 2010 में मंडी निदेशालय द्वारा जारी आदेश का तत्काल अनुपालन कराने, बी-श्रेणी सहित सभी दुकानों की किराया वृद्धि वापस लेने तथा ऑनलाइन पोर्टल एवं मंडी ऐप की तकनीकी कमियों को शीघ्र दूर करने की मांग की गई। व्यापारियों ने यह भी मांग की कि ऑनलाइन भुगतान के बाद बकाया प्रदर्शित होने, सर्वर बार-बार डाउन रहने तथा रियल टाइम अपडेट न मिलने जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान कराया जाए। इसके अतिरिक्त मंडी लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूर्व की भांति सरल,पारदर्शी एवं व्यापारी हितैषी बनाए रखने तथा गारंटर एवं शपथ-पत्र जैसी अनावश्यक शर्तों को समाप्त करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया ।

# किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरुकता व संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**बाराबंकी, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने एवं इसके लाभों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष किसान संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा ने की, अनुराग सक्सैना सीनियर गम अशोक सिंह सीनियर मैनेजर संजय सिंह सीएडी टीम सुमित दुगार्पाल मैनेजर भास्कर कुमार मैनेजर तथा तन्मय कृष्ण मैनेजर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुराग सक्सेना ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल खेती की लागत को कम करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा किसानों की आय में वृद्धि करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों, जैसे फोम एलफोम प्रोम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री प्राप्त होती है। अशोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाराबंकी जनपद के किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बना सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने तथा अपने अनुभव अन्य किसानों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुमित दुगार्पाल भास्कर कुमार एवं तन्मय कुमार ने भी किसानों को संबोधित किया तथा प्राकृतिक खेती के सफल उदाहरणों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

अंत में उपस्थित किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रति उत्साह व्यक्त किया तथा इसे अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर, पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर अग्रसर करना था।

## जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी किसी महायोद्धा से नहीं हैं कम : पीएल पुनिया

**बाराबंकी , 19 जून (तरुणमित्र)।** जननायक, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने सफेदाबाद स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरित करते हुए वहां उपस्थित बुजुर्गों के शीघ्र स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।

इस दौरान श्री पुनिया ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार, वोट चोरी तथा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिस प्रकार राहुल गांधी अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, वह एक महान योद्धा से कम नहीं है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर फल वितरित किए गए।फल वितरण के उपरांत सांसद आवास, ओबरी पर पी.एल. पुनिया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने केक काटकर राहुल गांधी की लंबी उम्र की कामना की। कार्यकताओं ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।जन्मदिन के अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, अखिलेश वर्मा, राम हरख रावत, शबनम वारसी, सूरज रावत, पंकज यादव, अजय रावत, अनुराग यादव, रमेश कश्यप, श्रीकांत मिश्रा, आनंद गौतम, विजय पाल गौतम, आर.डी. राव, मोहम्मद अरशद अहमद, कौशल किशोर वर्मा, मोहम्मद जीशान सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।,

# नीट-यूजी परीक्षा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

अम्बेडकरनगर।राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के संबंध में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में परीक्षा के नामित नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस ज्योत्सना बंधु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, प्ा्राचाार्य/सिटी कोऑर्डिनेटरझ्रएनटीए पुनर्परीक्षा नीट (यू०जी०) 2026, समस्त नोडल अधिकारी, केंद्राध्यक्ष ड्यूटी मजिस्ट्रेट आदि के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं तथा अधिकारियों की तैनाती की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि जनपद में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिन पर कुल 5,088 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए सायं 6.20 बजे के बीच संपन्न होगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश पंजीकरण एवं बायोमेट्रिक सत्यापन का कार्य पूर्वाह्न 11बजे से प्रारम्भ हो जाएगा।

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कानून-व्यवस्था एवं परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु तीन जोनल मजिस्ट्रेट तथा सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, केंद्राध्यक्ष पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा अनुचित गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षार्थी के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत, शौचालय, सीसीटीवी, चिकित्सा सहायता तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी नामित अधिकारियों को समय से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

# दस्तावेज लेखक-अधिवक्ता सरकार की नई नीतियों से नाराज, रखीं 6 सूत्रीय मांगें



**बस्ती , 19 जून (तरुणमित्र)।** दस्तावेज लेखक संघ व अधिवक्तागण बस्ती ने सरकार की नई नीतियों के विरोध में 18 जून 2026 से रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने का ऐलान किया है। संघ अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव ने उपनिबंधक, रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती को ज्ञापन सौंपकर यह जानकारी दी। ज्ञापन में कहा गया है कि अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता/दस्तावेज लेखक/जनसामान्य सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों एवं निर्णयों से असंतुष्ट हैं। इन निर्णयों के कारण आम जनता तथा संबंधित कार्यकताओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सामूहिक निर्णय के अनुसार 18.06.2026 से अपनी मांगों के समर्थन में रजिस्ट्री कार्यालय के कार्यों का अनिश्चित कालीन बहिष्कार/बंद कराने का निर्णय लिया गया है। 6 सूत्रीय मांगे नई प्राइवेट व्यवस्था को तत्काल स्थगित किया जाए,सभी हितधारकों से व्यापक विचार विमर्श के बाद ही नई व्यवस्था लागू की जाए,दस्तावेज लेखकों एवं रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोगों के रोजगार पर नई ऑनलाइन प्रक्रिया से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है,सभी हितधारकों से चर्चा कर व्यावहारिक समाधान निकाला जाए,सभी कार्यालय में ई-रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के सम्बन्ध में,नवीन मूल्यांकन सूची को निरस्त कर पुराने तरीके से मूल्यांकन सूची लागू करने के सम्बन्ध में हैं ज्ञापन में उपनिबंधक से अनुरोध किया गया है कि इसे शासन एवं उच्चाधिकारियों तक तत्काल प्रेषित करें।

साथ ही चेतावनी दी गई है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन एवं रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार जारी रहेगा। ज्ञापन पर दस्तावेज लेखक संघ अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव समेत समस्त दस्तावेज लेखकगण/अधिवक्तागण रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती सदर के हस्ताक्षर हैं।

# रात्रिकालीन चौपाल में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**अम्बेडकरनगर , 19 जून (तरुणमित्र)।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में 18 जून 2026 को तहसील भीटी अंतर्गत ग्राम पंचायत सम्मनपुर छितौनिया में रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा प्राप्त प्रकरणों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण कराया। शेष मामलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी अधिकारियों की अध्यक्षता में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी की ग्राम पंचायत प्रतापपुर चमुर्खा, जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड जलालपुर की ग्राम पंचायत मालीपुर, परियोजना अधिकारी डीआरडीए की अध्यक्षता में विकासखंड बसखारी की ग्राम पंचायत हंसवर तथा उपायुक्त (एनआरएलएम) की अध्यक्षता में विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत आरिबपुर सारी में चौपाल आयोजित हुई। चौपालों के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

संबंधित विभागीय अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर उनका नियमानुसार यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## योग को जीवन का हिस्सा बनाएं: कर्नल केसी मिश्र

**बस्ती , 19 जून (तरुणमित्र)।** को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए युवा चेतना पुस्तकालय बस्ती के तत्वावधान तथा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली, युवा विकास समिति बस्ती, पतंजलि योग समिति बस्ती, इंडियन योग एसोसिएशन बस्ती एवं महिला पतंजलि योग समिति बस्ती के संयुक्त आयोजन में मालवीय रोड स्थित हरि मैरेज हॉल में कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। ओम प्रकाश आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट यूनिट बस्ती के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देना तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल केसी मिश्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है,।

# प्रमुखी पाने की जुगत में अभियंता

- विश्वस्त लोगों के नाम फर्मे बना कर तैनाती के दौरान की जम कर ठेकेदारी
- झेला निलंबन, हुई एफआईआर, रहा जेल में निरूद्ध
- गैर जनपद भेजे जाने के बाद फिर आ धमका सीतापुर, पुन: परसेण्डी ब्लाक में तैनाती पाने की शुरू की कवायद

**सीतापुर, 19 जून (तरुणमित्र)।** जनपद सीतापुर भ्रष्ट अभियंताओं के लिए सेफ जोन साबित हो रहा है। यहां विभिन्न विभागों के तमाम अभियंताओं ने अपने कद, पद, पहुंच, पैसा व रसूख के बूते यादव सिंह सरीखे घाघ अभियंताओं को भी मात देने का कार्य किया है। परसेण्डी ब्लाक का इतिहास देखें तो यहां कुछ वर्ष पूर्व पड़ोसी जनपद के एक बहुचर्चित अभियंता तैनात रहे हैं। वह कई बार गैर जनपद भी स्थानान्तरित हुए परन्तु परसेण्डी की माटी से अत्यधिक मोह के चलते वह फिर यहीं आ धमके।

यह अभियंता निलम्बित भी हुए, इनके विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज हुई और इसी वजह से यह जेल की सलाखों के पीछे भी जा पहुंचे परन्तु उनका परसेण्डी प्रेम कभी कम न पड़ा। परसेण्डी में तैनाती के दौरान उन्होंने वर्षों तक अघोषित रूप से न सिर्फ ब्लाक प्रमुखी चलायी बल्कि अपने विश्वस्त लोगों के नाम फर्में बना कर क्षेत्र पंचायत में उन फर्मों पर करोड़ों रुपए की ठेकेदारी भी की। हाल ही में वह फिर सीतापुर आ धमके हैं और मुख्यालय पर सम्बद्ध हैं। उनकी मंशा आगामी पंचायत चुनाव में परसेण्डी की ब्लाक प्रमुखी पाने के लिए दोनों हाथों से अथाह पैसा खर्च कर अपने भरोसे के डमी व्यक्ति को ब्लाक प्रमुख की कुर्सी पर बिठाते हुए क्षेत्र पंचायत की कुल ठेकेदारी करना है।

इसके लिए यह अभियंता दशकों से अपने परिचित परसेण्डी क्षेत्र में विश्वस्त लोगों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जन प्रतिनिधियों को लगातार साध भी रहे हैं। जन प्रतिनिधियों को उनके चुनाव में मोटा खर्च दे कर यह अभियंता हर दल के नेताओं के भी बेहद निकट रहते हैं। इसी मंशा से देर सबेर इन अभियंता को काफी समय से क्षेत्र में सक्रिय देखा जा रहा है। फिलहाल परसेण्डी में उक्त अभियंता को ले कर ऐसी चचाओं का माहौल काफी गर्म है।

### अर्जित कीं बेशकीमती सम्पत्तियां

उक्त अभियंता ने परसेण्डी ब्लाक में जम कर ठेकेदारी कर अकूत नामी बेनामी सम्पत्ति अर्जित की है। ब्लाक क्षेत्र के कस्बा कसरैला में इनकी बेशकीमती दुकानें व एक फैक्ट्री है जबकि इन्होंने एकड़ों कृषि योग्य व व्यावसायिक जमीनें खरीदी हैं। इन पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का मामला भी बनता है।

# नगर आयुक्त ने ताजियों के जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण



अलीगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)। ताजियों को सुपुर्देखाक करने के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र में कर्बला, ताजियों, जुलूस के मार्गों पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराये जाने के लिये नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जुलूस के परंपरागत रूट व कर्बला पर नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओ का निरीक्षण करते किया।

शुक्रवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गूलर रोड से गुजरने वाले मोहर्रम के जुलूस के परंपरागत मार्ग पर सड़क खोदकर पुलिया निर्माण को देखकर नगर आयुक्त ने तत्काल जलकल विभाग, निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार को बुलाकर दिन-रात एक करके 26 तारीख से पूर्व इस पुलिया का निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने ऊपर कोट कोतवाली, जामा मस्जिद रोड, शमशाद मार्केट, जेल पुल, गूलर रोड देहलीगेट आदि मोहर्रम के परंपरागत रूट का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को 25 जून से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने व अधीनस्थों को मोहर्रम के चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखते हुये बेहतर इंतजाम जुलूस/ताजियों के लिये किये करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर परम्परागत जुलूस/ताजियों पर नगर निगम की व्यवस्थाओं को कराने के लिए 5 सेक्टर बनाये गए है। हर सेक्टर में 1 सेक्टर प्रभारी सहित 30 अधिकारी, 650 कर्मचारियों की 40 टीम बनाई गई है इसके साथ साथ मोहर्रम के परंपरागत जुलूस की व्यवस्थाओं के लिए 01 वरिष्ठ नोडल अधिकारी बनाया गया है।

नगर आयुक्त ने बताया मोहर्रम पर व्यवस्थाओं को समय से कराए जाने व करबला में पूरे एहतराम के साथ सफाई का विशेष अभियान चलाये जाने व ताजियों को दफनाने के लिए गड्ढा खोदने के लिए प्रभारी निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए है हाई मास्क लाइट व चरखवालान से करबला तक स्ट्रीट लाइट ठीक कराये जाने के लिये प्रभारी अधिकारी पथ प्रकाश व करबला आने जाने वाले व ताजियों के जुलूस मार्गों पर पैचवर्क का जिम्मा मुख्य अभियन्ता व करबला, ताजियों के स्थल व जुलूस के मार्गों पर परम्परागत रूप से पेयजल टैंकर लगाने की जिम्मेदारी महाप्रबंधक जल को दी गयी है।

# राजेंद्र गुर्जर बने एसपीसीओ संस्था के सदस्य

❑ पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश के तहत काम करती है संस्था



हापुड़, 19 जून (तरुण मित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन विभाग के तहत काम करने वाली एसपीसीओ संस्था का आज वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुर्जर निवासी हापुड़ को एसपीसीओ कमेटी का कार्यकारिणी सदस्य बनाया बनाया गया है। जिससे उनके निवास पर बधाई देने वालों का ताता लग गया है।

श्री गुर्जर ने बताया कि एसपीसीओ कमेटी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बनाई गई है इस समिति के अध्यक्ष ज़िलाधिकारी व सेक्रेटरी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी होंगे। इसमें पशु क्रूरता रोकना, जानवरों के साथ मार-पीट, भूखा रखना, ओवरलोडिंग जैसी क्रूरता के खिलाफ एक्शन लेना, पशु कल्याण,बीमार, घायल, लावारिस पशुओं का इलाज, रेस्क्यू और शेल्टर देना,कानूनी कार्यवाही : Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960 के तहत केस दर्ज कराना, जागरूकताः स्कूल, कॉलेज में पशुओं के प्रति दया भाव फैलाना, ABC प्रोग्राम : कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण यानी Animal Birth Control चलाना होता है।

## पुलिस की गिरफ्त में अंतर्राज्यीय दो ड्रग सप्लायर लाखों का गांजा बरामद

मेरठ, 19 जून (तरुणमित्र)। परतापुर पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए अंतर्राज्यीय गैंग के दो ड्रग सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो गांजा, कार और भारी मात्रा में कैश भी बरामद किया गया है।

सीओ ब्रह्मपुरी ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुजफ्फरनगर के भैंसारेहडी गांव निवासी आसिफ और तेवड़ा निवासी अल्तमस को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से एक कार, 10 किलो से अधिक गांजा, एक मोबाइल और 50 हजार की रकम बरामद की गई है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह बाहरी राज्यों से गांजा लाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ और आसपास के जनपदों में सप्लाई करते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

# बेटी के कातिलों की गिरफ्तारी के लिए जाटव समाज ने कमिश्नरी पार्क में दिया धरना, जमकर हंगामा



मेरठ, 19 जून (तरुणमित्र)। रोहटा थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की छात्रा के साथ गैंगरेप के बाद हुई हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को जाटव समाज के सैकड़ों ग्रामीणों ने कमिश्नरी पार्क में धरना दिया। परिजनों के साथ धरने पर बैठे ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

राष्ट्रीय जाटव महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेमपाल गौतम रोहटा क्षेत्र के रहने वाले अनुसूचित जाति के परिवार और जाटव समाज के सैकड़ों नागरिकों के साथ शुक्रवार को कमिश्नरी पार्क पहुंचे। जहां जाटव समाज के नागरिकों ने धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। नेमपाल गौतम ने बताया कि पीड़ित परिवार की बेटी बीए की छात्रा थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कल्याणपुर के रहने वाले अंकुश, निशांत और एक अज्ञात युवक ने कुछ दिनों पहले एग्जाम देने गई छात्रा का अपहरण करके उसके साथ गैंगरेप किया। बाद में शव को एसिड डालकर जला दिया। घटना के तीन दिन बाद छात्रा का शव बरामद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा। जबकि खुले घूम रहे दो आरोपी पीड़ित परिवार को धमकी देते हुए मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा, 50 लाख का मुआवजा और जमीन का पट्टा दिए जाने सहित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। एसपी सिटी ने पांच लोगों को एसएसपी से मिलवाया। एसएसपी ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कातिलाना हमला करने वाला बेटा पुलिस की गिरफ्त से दूर

अलीगढ़, 19 जून (तरुणमित्र)। इगलास थाना क्षेत्र के ग्राम सेवनपुर में पिता के साथ मिलकर अपनी मां पर कातिलाना हमला करने वाले बेटे को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। घटना 14 जून की महिला अपनी बेटी के साथ अपने घर पर थी। उसके ने पति और बेटे पर लोहे के डंबल व चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी पति अनीत को गिरफ्तार के करके जेल भेज चुकी है, लेकिन आरोपी बेटे अमनदीप को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया।

पीड़िता रानी का कहना है कि उसको बेटे अमनदीप जो कि अभी तक फरार है, कहीं वह उसकी बेटी श्वेतान्जली पर जानलेवा हमला न करदे। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से फरार बेटे को गिरफ्तार किये जाने की गुहार लागई है।

# पंजाबी समाज को रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहने पर हो फाँसी : सेठी

❑ हरियाणा के हिसार में पत्रकार विपिन खुराना के साथ जो हुआ वह निंदनीय है



हापुड़, 19 जून (तरुण मित्र)। पंजाबी समाज के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण सेठी ने हरियाणा के हिसार में पत्रकार विपिन खुराना को रिफ्यूजी और पाकिस्तान कहने पर घोर निंदा की है। इसको लेकर पंजाबी समाज में रोष व्याप्त हे पंजाबी समाज को रिफ्यूजी पाकिस्तानी कहने पर कानून बनना चाहिए जिससे कोई भी व्यक्ति पंजाबी समाज को रिफ्यूजी व पाकिस्तान शब्द से अपमानित ना कर सके क्योंकि पंजाबी समाज सदैव भारत की हितेषी रहा है भारत की संविधान में विश्वास करता है इसीलिए जिन लोगों ने पंजाबी समाज का अपमान करने का काम किया है उनके लिए हम सरकार से मांग करते हैं, ऐसा कहने वालों को फाँसी की सजा हो या सख्त से सख्त धाराओं में उन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। ताकि भविष्य में कोई ऐसा कहने की हिम्मत न जुटा सके।

उन्होंने कहा पंजाबी समाज एक अमनपसंद समाज है इस समाज ने सदैव भारत को उठाने में हमेशा योगदान दिया है भारत में जब भी संकट की स्थिति आई तो पंजाबी समाज में बढ़ चढ़कर भाग लिया है इसकी आर्थिक विकास में पंजाबियों का एक अहम स्थान है उन्होंने कहा कि 28 जून को पूरे पंजाबी समाज की बैठक नागपुर में होगी जिसमें यह मुद्दा जोर से उठाया जाएगा।

## अरिंद नदी तटबंधों की अनदेखी पर जिलाधिकारी सख्त

एटा, 19 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सिंचाई विभाग एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अरिंद नदी के तटबंधों की मरम्मत, सफाई एवं सुदृढ़ीकरण कार्य बिना विलंब तत्काल पूरे किए जाएं, ताकि वर्ष 2025 जैसी जलप्लावन की स्थिति दोबारा न बने। पिछले वर्ष निधौली कला क्षेत्र के लगभग 20 से 25 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे, जहां फसलें नष्ट होने के साथ विद्यालयों में भी जलभराव हुआ था।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्थलीय निरीक्षण में कई स्थानों पर अब भी कार्य लंबित पाए गए हैं, जो गंभीर लापरवाही है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को नियमित प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि पुनः क्षति होने पर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के तहत कठोर कार्रवाई होगी। प्रशासन का लक्ष्य जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# नामित पार्षदों ने उपेक्षा एवं निगम के कार्यों में भेदभाव को लेकर जताया रोष

सहारनपुर, 19 जून (तरुणमित्र)। नगर निगम के नामित पार्षदों ने मेयर एवं निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई है तथा भेदभावपूर्ण रवैये में सुधार नहीं होने की स्थिति मे सामूहिक रूप से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होंगे।

नगर निगम के नामित पार्षदों का कहना है कि निगम द्वारा बनाई गई सड़कों के उद्घाटन कार्यक्रमों में उन्हें जानबूझकर आमंत्रित नहीं किया जाता। पार्षदों ने बताया कि मनोनीत होने के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी मात्र औपचारिकता निभाकर पूरा कर दिया गया। आज तक वार्डों में नामित पार्षदों के नाम के बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं, जिससे जनता को पता ही नहीं चल पाता कि उनका नामित पार्षद कौन है।

उनका कहना था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में नामित पार्षदों के मौजूद रहने के बावजूद सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्टों में उनका उल्लेख तक नहीं किया जाता। मेयर द्वारा आज तक नामित पार्षदों का परिचय निगम के अधिकारियों से भी नहीं कराया गया, जिसके कारण जनता के काम कराने के लिए अधिकारियों के पास जाने पर नामित पार्षदों को जद्दोजहद करनी पड़ती है।

नामित पार्षदों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मेयर अजय कुमार सिंह से इस भेदभाव पर बात की तो जवाब मिला कि आपको संगठन ने बनवाया है तो संगठन का काम करो, निगम के कामों में क्यों पड़ रहे हो। यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि जनसेवा की भावना के विपरीत भी है।

नामित पार्षदों ने कहा कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता के काम कराना उनका दायित्व है। निगम के हर कार्यक्रम, योजना और विकास कार्य में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यदि इस भेदभावपूर्ण रवैये में सुधार नहीं हुआ तो नामित पार्षद सामूहिक रूप से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होंगे। इस संबंध मे जब महापौर अजय कुमार सिंह का पक्ष जानना चाहा तो कॉल रिसीव नहीं हो पाई

## अनिश्चितकालीन हड़ताल से जनता परेशान

एटा, 19 जून (तरुणमित्र)। अलीगंज उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ई रजिस्ट्री का कानून लागू होने के बाद सारे डीड राईटर,अधिवक्ता, स्टाम्प बैडर अनिश्चितकालीन हडताल पर धरने पर बैठ गये है। सभी का एक मत है। जबतक यह काला कानून वापिस नहीं होगा तबतक आन्दोलन चलता ही रहेगा। क्योंकि यह नियम जबरदस्ती थोपा जा रहा है।

डीड राईटर संघ के अध्यक्ष व मण्डल सचिव राजेश्वर सिंह यादव ने कहा कि इससे हजारों डीड राईटर उत्तर प्रदेश में पैदल हो जायेगे। रोजी रोटी का उनके आगे संकट खडा हो जायेगा। कुछ अन्य डीड राईटर्स ने यह भी कहा कि अब उम्र भी नहीं रही कि जो कोई अन्य कार्य कर सकें। अधिवक्ता संघ से सचिव वेद प्रकाश यादव ने कहा कि अधिवक्ता ही बैनामा लिखते हैं जो वडी सूझबूझ से लिखते हैं लेकिन ई रजिस्ट्री प्रणाली से उनके एजेंट काफी गलतियाँ करेगें।जबकि हम अधिवक्ता व डीड राईटर काफी सोच समझ कर बैनामा लिखते है। वेद प्रकाश ने यह भी कहा कि जबतक यह कानून वापिस नहीं होगा तबतक आन्दोलन चलता ही रहेगा। बार के दूसरे गुट के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा एडवोकेट ने भी हडतालियों का समर्थन करते हुए कहा कि इस कानून से डीड राईटर,अधिवक्ता,व स्टाम्प बैंडर की रोजी रोटी पर संकट खडा होना निश्चित है।

## चयनित 36 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर मृदा नमूनो का एकत्रीकरण किया गया

मुजफ्फरनगर, 19 जून (तरुणमित्र)। कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक-19. 06.2026 को नेशनल प्रोजेक्ट ऑन सॉयल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटि कर्यकम अन्तर्गत जपनद में चयनित 36 ग्राम पंचायतों मे विशेष अभियान चलाकर मृदा नमूनो का एकत्रीकरण किया गया। जिसमें प्रमोद कुमार सिरोही, उप कृषि निदेशक, मुजफ्फरनगर के द्वारा विकासखण्ड जानसठ की ग्राम पंचायत सलारपुर में कृषक श्री वली मोहम्मद पुत्र मोहरू के खेत से मृदा नमूना एकत्रित करने के साथ ही कृषको को मृदा स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। कृषको को जागरूक किय गया कि कृषक भाई मृदा की जाँच उपरान्त प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड मे उपलब्ध संस्तुतियों के आधार पर कृषि निवेशो का उपयोग करें, ताकि सभी कृषक भाई आच्छी फसलो का उत्पादन कर सकें।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आंमत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **निविदा सं.:** 106-टेली/टेंडर/07/2026-27 |
| **कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के स्टेशनों/स्थान पर दूरसंचार सुविधाओं की सुरक्षा के लिए स्वचालित अग्नि संसूचन और अग्नि अलार्म प्रणाली का प्रावधान का कार्य। |
| **अनुमानित लागतः** रु. 1,61,87,237.54/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य |
| **धरोहर राशिः** रु. 3,23,800.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधिः** 180 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 09.07.2026 15:30 Hrs |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता हैः** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं. 106-टेली/टेंडर/07/2026-27 दिनांक: 18.06.2026 2103/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 12 वर्षों की उपलब्धियों पर विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

अमरोहा, 19 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित विकास प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्रीमती गुलाब देवी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विधायक धनौरा राजीव तरारा, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासपरक स्टॉलों का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रमाण-पत्र, मिनी किट एवं आवास योजना की चाबियों का वितरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती गुलाब देवी ने कहा कि सरकार शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने, रासायनिक उर्वरकों का कम प्रयोग करने तथा प्रकृति से जुड़कर स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान किया। साथ ही महिलाओं से बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से बचाने एवं उनमें संस्कार विकसित करने की अपील की।

भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने तथा यूरिया एवं डीएपी का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी।

विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने गोबर खाद एवं केंचुआ खाद के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से स्वास्थ्य एवं आय दोनों में लाभ होता है। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं तथा किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा स्थित 2/9A विजय खण्ड गोमतीनगर लखनऊ में कार्यरत है। शपथी का PFN- 69 XX 36 है। शपथी के आधार कार्ड, पैन कार्ड, और यूनियन बैंक की ID में अभिषेक चौधरी नाम अंकित है। शपथी के कस्टमर सर्विस एसोसिएट पर शपथी के नाम से चौधरी छूट गया है अभिषेक चौधरी व अभिषेक नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शपथी के कस्टमर सर्विस एसोसिएट पर शपथी के नाम के आगे चौधरी अंकित किया जाना न्याय हित में है।

**अभिषेक चौधरी पुत्र श्याम चन्द्र चौधरी, निवासी–5/1017- विराम खण्ड, गोमतीनगर–लखनऊ**


## पेज 1 का शेष...

### पांच वोटों की सेंध ने...

यही वे 'जादुई वोट' हैं जिन्होंने चुनाव का पूरा परिणाम बदल दिया। इस सेंध ने न सिर्फ कांग्रेस की राज्यसभा सीट छीन ली, बल्कि गठबंधन की अंदरूनी एकजुटता पर भी सवालिया निशान लगा दिया। नतीजे आते ही कांग्रेस ने सहयोगियों पर निशाना साधना शुरू कर दिया। पार्टी के झारखंड प्रभारी के. राजू ने राजद और माले पर क्रॉस वोटिंग का आरोप लगाते हुए पूरे गठबंधन की समीक्षा की बात कही। उनका कहना है कि साझा राजनीतिक समझ का पालन नहीं हुआ, जिसकी कीमत कांग्रेस को हार के रूप में चुकानी पड़ी।

हालांकि आरोपों का दोनों दलों ने तुरंत जवाब दिया। माले ने साफ कहा कि उसके दोनों विधायकों ने गठबंधन के निदेशार्नुसार मतदान किया है और यदि कहीं क्रॉस वोटिंग हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। राजद ने भी कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी पहले अपने विधायकों की भूमिका की पड़ताल करे, उसके बाद दूसरों पर उंगली उठाए। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में यह परिणाम आने वाले दिनों की राजनीति का संकेत भी है। विधानसभा में बहुमत होने के बावजूद यदि सहयोगी दलों के बीच भरोसा कमजोर पड़ने लगे तो उसका असर भविष्य के चुनावों और सरकार की स्थिरता तक दिखाई दे सकता है। राज्यसभा चुनाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि गठबंधन की असली ताकत सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि राजनीतिक अनुशासन और आपसी विश्वास है। झारखंड में अब सबसे बड़ी चुनौती राज्यसभा की एक सीट हारने की नहीं, बल्कि उस भरोसे को बचाने की है, जिस पर पूरा सत्ता गठबंधन खड़ा है।

### एसआईटी करेगी दूध का...

नहीं किए और अपने विधायकों को भी अयोध्या जाने से रोका। उन्होंने कहा कि जो लोग अयोध्या से दूरी बनाकर रखते हैं, वे केवल राजनीतिक लाभ के लिए इसे विवादों में घसीटना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अयोध्या को वैश्विक पहचान दिलाई है। सोलर सिटी, फोरलेन कनेक्टिविटी, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, राम की पैड़ी का कायाकल्प और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों का विकास इसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास जनता के विश्वास और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। जनता का सहयोग और समर्थन मिलता रहा तो सरकार विकास और विरासत, दोनों को समान प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

### मुख्यमंत्री ने किया वीरांगना...

देकर अंग्रेजों को नाको चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी महान वीरांगना को पूरा देश सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र नायकों तथा वीर-वीरांगनाओं का सम्मान हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। इसी भावना के साथ डबल इंजन की सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, महारानी अवंतीबाई लोधी, वीरांगना झलकारी बाई और वीरांगना ऊदा देवी के नाम पर कई योजनाएं और अभियान शुरू किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीएसी की तीन नई महिला बटालियनों का गठन वीरांगना अवंतीबाई लोधी, वीरांगना झलकारी बाई कोरी और वीरांगना ऊदा देवी पासी के नाम पर किया गया है। इन बटालियनों में केवल बेटियों की भर्ती होगी। जहां-जहां इन बटालियनों की स्थापना होगी, वहां संबंधित वीरांगनाओं की अश्वारोही प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके साहस और राष्ट्रसेवा से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों और वीर-वीरांगनाओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनका त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

### तकनीक आधारित न्याय...

अपराध जांच का केंद्र बनना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) की सराहना करते हुए कहा कि इससे कई जटिल मामलों का खुलासा हुआ है, हालांकि इसकी पूरी क्षमता का अभी सीमित उपयोग हो रहा है। उन्होंने प्रत्येक अपराध स्थल से फिंगरप्रिंट जुटाकर डेटाबेस को और मजबूत करने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया में फिंगरप्रिंट, डीएनए, चेहरे की पहचान और टेलीफोन रिकॉर्ड जैसे वैज्ञानिक साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश के सभी 17,840 पुलिस थाने सीसीटीएनएस से जुड़ चुके हैं और करोड़ों एफआईआर का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध है। ई-कोर्ट, ई-प्रिजन और ई-फॉरेंसिक जैसी डिजिटल प्रणालियां भी न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एनसीआरबी और फिंगरप्रिंट ब्यूरो की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ने वाली है।


## कार्यालय : नगर पालिका परिषद पुवायाँ, जनपद–शाहजहाँपुर

पत्रांकः 233 /न०पा०प० पु०/निविदा सूचना/का०पशु आ०/2026-27 दिनांकः 18 जून 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से कार्यादेश की तिथि से 31-12-2026 तक की अवधि के लिए अधोलिखित आपूर्ति हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांकः 01-07-2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक आमंत्रित की जातीं हैं। निविदा प्रपत्र दिनांकः 30-06-2026 को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर से नकद राशि जमा करके क्रय किये जा सकते हैं। समस्त कार्यों की निविदायें कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ-शाहजहाँपुर में रखे टेण्डर बाक्स में दिनाँकः 01-07-2026 को प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसी दिन अपराह्न 4:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र० सं० | प्रस्तावित कार्यों का विवरण | जमानत की धनराशि | आपूर्ति की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु पशु आहार ( चोकर ) ( दरें प्रति कुन्तल में ) | 10000.00 | आवश्यकतानुसार | 500.00 |
| 2 | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु पशु आहार कपिला/इफको/गनेश/अन्य एवम उत्तम क्वालिटी ( दरें प्रति कुन्तल में ) | 10000.00 | आवश्यकतानुसार | 500.00 |
| 3 | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु भूसा। ( दरें प्रति कुन्तल में ) | 10000.00 | आवश्यकतानुसार | 500.00 |
| 4 | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु हरा चारा प्रति कुन्तल। | 10000.00 | आवश्यकतानुसार | 500.00 |

1-निविदा के साथ उपरोक्तानुसार जमानत धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०, जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक हो अथवा नकद जमा किया जाना अनिवार्य है।
2- उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित अन्य शर्तें व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पुवायां**
**शाहजहांपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पुवायां**
**शाहजहांपुर**



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रोहित कुमार का चाल-चलन ठीक नहीं है जिसके कारण मैं उससे समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूं और उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं अब उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**राजेश कुमार पुत्र अशर्फी लाल, निवासी ग्राम-ऐमी थाना जहानाबाद, जिला-पीलीभीत**



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी ललिता देवी अपने बच्चों सहित दयाशंकर राठौर पुत्र प्रसादीलाल के साथ लगभग एक वर्ष से रह रही है। मैं अपनी पत्नी व चारों बच्चों को गलत चाल-चलन से परेशान होकर उनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूं। और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

भजनलाल पुत्र सीताराम
निवासी ग्राम बिलगवां पोस्ट व
तहसील पीलीभीत,जिला-पीलीभीत


संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# राम मंदिर से भाजपाई राजनीति की शुरुआत, यहीं से होगा अंत: अखिलेश

## कहा, अयोध्या महापापियों के लिए कुरुक्षेत्र साबित होगी, मथुरा से आ रही खबरों को लेकर कसा तंज



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या महापापियों के लिए कुरुक्षेत्र साबित होगी। यहीं भाजपाई राजनीति का आरंभ हुआ था, यहीं अंत भी होगा। अखिलेश ने कहा कि अयोध्या में चढ़ावे-चंदे-दान-शिला चोरी की घटना के बाद से यहां आनेवाले दर्शनार्थियों की संख्या पर नकारात्मक असर पड़ा है।

लोगों की आस्थाएँ खंडित हुई हैं। इसका सीधा असर अयोध्या के स्थानीय काम-कारोबार और आम आदमी की आमदनी पर पड़ा है। सरकार की गलती का खामियाजा जनता क्यों भुगते। उन्होंने कहा कि अयोध्या और आस-पास के सभी क्षेत्रों में भयंकर आक्रोश पनप रहा है। इस पावन सनातनी तीर्थ की शुचिता जिन भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की वजह से कलुषित हुई है, वो अपना कारनामा करके सदैव की तरह भूमिगत हो गये हैं। अस्पष्टता के कारण वातावरण और भी शंकापूर्ण व तनावपूर्ण हो गया है। स्थानीय लोग मंदिर जाने से भी घबरा रहे हैं कि कहीं उनको ही जाँच के नाम पर फँसा न दिया जाए।

श्रद्धालुओं में एक अज्ञात भय व्याप्त हो गया है। जाँच कहाँ तक पहुँची इसकी डेली ब्रीफिंग होनी चाहिए क्योंकि भाजपा सरकार में हो रहे 'चतुर्दिक महा-भ्रष्टाचार' के कारण जनता का अब एसआईटी पर रत्ती भर भी विश्वास नहीं है। मथुरा से भी आई धांधली की खबर बेहद गंभीर है, उसकी भी उच्च स्तरीय विश्वसनीय जाँच हो।

### 2027 से पहले बसपा को बदनाम करने की साजिश : मायावती



**लखनऊ।** कथित स्टिंग ऑपरेशन को लेकर उठे विवाद के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे पार्टी और उसके नेतृत्व को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले बसपा की बढ़ती सक्रियता और जनाधार से घबराए राजनीतिक विरोधी तथा मीडिया का एक वर्ग भ्रामक अभियान चला रहा है। शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि बसपा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलने वाली 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की पार्टी है, जो बड़े पूंजीपतियों के सहारे नहीं, बल्कि अपने समर्थकों के सहयोग से संचालित होती है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि चुनाव नजदीक आते ही विरोधी ताकतें पार्टी और उसके नेतृत्व को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाती हैं। मायावती ने कहा कि बसपा में उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और बहुस्तरीय है। पार्टी के पदाधिकारी संभावित प्रत्याशियों की सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक क्षमता, आर्थिक स्थिति, पार्टी के प्रति निष्ठा तथा जनाधार का आकलन करने के लिए नियमित रूप से संवाद और स्क्रीनिंग करते हैं।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के सवाल-जवाब भी किए जाते हैं, जिन्हें बिना पूरी जानकारी के गलत अर्थों में नहीं लिया जाना चाहिए। कहा कि पार्टी को मिलने वाला आर्थिक सहयोग कानूनी प्रक्रिया के तहत चुनाव में उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने पर खर्च किया जाता है। इसके बावजूद उम्मीदवार चयन को लेकर अफवाहें फैलाना और भ्रम पैदा करना उचित नहीं है। बसपा प्रमुख ने मीडिया और पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे विरोधियों के कथित प्रायोजित दुष्प्रचार से प्रभावित न हों और मिशन-2027 की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुटे रहें।



मिशन शक्ति के तहत महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मनाया कन्या जन्मोत्सव, नवजात शिशुओं को वितरित की बेबी किट। छाया: तरुणमित्र

## चंदौली के 16 थाने आईएसओ सर्टिफाइड, डीजीपी ने दी बधाई



◆ **जीआरपी आजमगढ़ हुआ आईएएस प्रमाणीकृत**

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार चंदौली पुलिस के 16 थानों को आईएसओ और आईएस का प्रमाण पत्र मिला। इस उपलब्धि पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने चन्दौली पुलिस एवं जीआरपी आजमगढ़ की टीम को बधाई दी। जानकारी के मुताबिक चन्दौली के सभी 16 पुलिस थानों को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 एवं सर्विस क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के आईएस 15700:2018 मानकों के अंतर्गत प्रमाणित किया है।

भारतीय मानक ब्यूरो की एडीजी स्नेहलता द्वारा पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, राजीव कृष्ण को यह प्रमाण-पत्र प्रदान किया। देश में पहली बार किसी जनपद के सभी पुलिस थानों को एक साथ बीआईएस के आईएस 15700:2018 मानक एवं आईएसओ 9001:2015 मानक के अंतर्गत प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

यह उपलब्धि पुलिस सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता, जवाबदेही, नागरिक संतुष्टि तथा समयबद्ध सेवा वितरण के उच्च मानकों को संस्थागत रूप से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल एवं आदित्य लांग्हे पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद (पूर्व पुलिस अधीक्षक चंदौली) के नेतृत्व में सभी पुलिस थानों में मानकीकृत प्रक्रियाओं को लागू करने, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, अभिलेख प्रबंधन को व्यवस्थित बनाने, जनसुविधाओं में सुधार करने तथा सेवा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली विकसित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। उनके नेतृत्व में नियमित समीक्षा, प्रशिक्षण, आंतरिक ऑडिट तथा सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रमाणन की सभी आवश्यकताओं का सफलतापूर्वक अनुपालन किया। आईएसओ प्रमाण यह दशार्ता है कि जीआरपी थाना आजमगढ़ ने अपनी कार्यप्रणालियों एवं सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करते हुए पुलिस सेवाओं को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

## मिशन शक्ति प्रेरित युवा महोत्सव का हुआ उद्घाटन



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** किशोरियों के एन आई ओ एस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन ने 181 वन स्टॉप सेंटर में किशोरियों व उनके अभिभावक के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष संस्था द्वारा क्रियान्वित एनआईओएस क्लास के 63 छात्राओं व उनके 60 अभिभावकों का सम्मान किया। साथ ही संस्था से जुड़े परियोजना कितनें व एनआईओएस के शिक्षक भी थे।

कार्यक्रम में महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, जिला प्रोबेशनरी अधिकारी सुधाकर शरण पाण्डेय व वन स्टॉप सेंटर मैनेजर अर्चना सिंह इस कार्यक्रम में मौजूद रही। बच्चों को तीसरी, पांचवीं, आठवीं, दसवीं व बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक एक बैग दिया गया, उनके अभिभावकों को शॉल व बॉटल दे कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम संस्था के गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स परियोजना के तहत आयोजित कराया गया था।

इस परियोजना में किशोरियों के साथ पिछले 6 वर्षों से क्षमता वर्धन का कार्य चल रहा है। यह परियोजना लखनऊ के 6 क्षेत्रों अहमदगंज, बालागंज, जानकीपुरम, मड़ियांव, खुदान एवं पारा में क्रियान्वित है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** काकोरी थाना क्षेत्र के दुगार्गंज स्थित यूनीक कॉन्वेंट स्कूल के समीप शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हरदोई रोडवेज बस और एक डाला (छोटा मालवाहक वाहन) की जोरदार भिड़ंत के कारण हुआ। टक्कर के बाद डाला अनियंत्रित होकर सड़क पर जा रहे बाइक सवार से टकरा गया, जिससे यह घटना हुई। घायलों को स्थानीय लोगों और काकोरी पुलिस की मदद से तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां एक घायल की मौत हो गई। उसकी पहचान मलिक पुत्र मोहम्मद मोबीन निवासी मोहल्ला पठानगढ़ी, काकोरी के रूप में हुई।

## आशियाना में जल्द खुलेगा मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क

◆ **रोबोटिक ड्रैगन, यूनीकॉर्न, साइक्लोप्स, ऐरावत देखने को मिलेंगे**



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** आशियाना का वनस्थली पार्क जल्द ही मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क के रूप में सामने आएगा। यहां जुरासिक पार्क की तर्ज पर ड्रैगन, यूनीकॉर्न, साइक्लोप्स, ऐरावत आदि के इंटरैक्टिव रोबोटिक मॉडल देखने को मिलेंगे। साथ ही सुप्रसिद्ध इंडियन फेयरी टेल पंचतंत्र की कहानी व किरदार लोगों को लुभाएंगे। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने पार्क का निरीक्षण करके विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सितम्बर, 2026 तक समस्त विकास कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर प्राधिकरण के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत कुमार शर्मा, उद्यान अधिकारी शशि कुमार भारती समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि आशियाना के सेक्टर-के में स्थित वनस्थली पार्क में थीम आधारित विकास कार्य कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत यहां पीपीपी मोड पर लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से मैजिकल लैंड फैंटसी पार्क विकसित किया जा रहा है।

पार्क में निष्प्रयोज्य सामग्री के इस्तेमाल से मरमेड, फीनिक्स, जिनी, ग्रिफिन, वेयर वूल्फ, मोगली आदि के 12 लाइव मॉडल व स्कल्पचर्स स्थापित किये जा रहे हैं। इसके अलावा यहां ड्रैगन, यूनीकॉर्न, साइक्लोप्स, ऐरावत आदि के 10 रोबोटिक मॉडल होंगे। उन्होंने बताया कि पार्क में काफी बड़ी वॉटर बॉडी विकसित की जा रही है, जिसमें आकर्षक फाउंटेन स्थापित किया जाएगा।

## कैंसर संस्थान में त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** कैंसर संस्थान में मरीजों के परिजनों एवं तीमारदारों को संस्थान परिसर में ही सम्मान पूर्वक,पौष्टिक एवं संतुलित भोजन मिल सके, इसके लिए अपनी थाली एक स्लोगन के साथ शुरू होने जा रहा है। जिसमें मानसिक संतोष एवं शारीरिक ऊर्जा प्राप्त हो सके और वे अपने भर्ती मरीजों की बेहतर देखभाल एवं सहयोग कर सकें। शुक्रवार को कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान,आरएवीसी फाउंडेशन एवं शारदा वेलफेयर सोसायटी के बीच संस्थान में मरीजों के तीमारदारों को अपनी थाली के अंतर्गत निशुल्क भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। समझौता ज्ञापन पर प्रो. एमएलबी. भट्ट, निदेशक, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, रोहित पाण्डेय, निदेशक, आरएवीसी फाउंडेशन तथा अतुल तिवारी, अध्यक्ष,शारदा वेलफेयर सोसायटी, द्वारा हस्ताक्षर किए गए तथा समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। प्रो. एमएलबी. भट्ट ने बताया, यह एक सराहनीय एवं मानवीय पहल है।

शारदा वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से संस्थान परिसर में निर्धारित स्थान पर मरीजों के तीमारदारों को स्वस्थ, पौष्टिक एवं स्वच्छ निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी. भट्ट ने कहा कि मरीजों के साथ रहने वाले तीमारदारों की सुविधा एवं उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी संस्थान की प्राथमिकता है। अपनी थाली जैसी पहल न केवल जरूरतमंद परिजनों को राहत प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें कठिन समय में सम्मानजनक एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर मानव सेवा की भावना को भी सशक्त बनाएगी।

## जनभवन में सम्मानित हुआ एलपीएस का मेधावी छात्र



### आईसीएसई परीक्षा परिणाम के बाद पुनर्मूल्यांकन में 100 फीसद अंक हासिल कर बना इंडिया टॉपर

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेज, ए-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा के छात्र शिवम अवस्थी ने आईसीएसई परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कराए गए पुनर्मूल्यांकन में अपने अंक बढ़ाकर 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और देश में इंडिया टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।

उत्कृष्ट सफलता पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिवम को जनभवन में सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेज के संस्थापक-अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. एसपी सिंह, जनरल मैनेजर हर्षित सिंह और जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह भी उपस्थित रहे। डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि शिवम की यह उपलब्धि एलपीएस की अनुशासित शिक्षा पद्धति, शिक्षकों के समर्पण और छात्र की मेहनत का परिणाम है।

इस वर्ष एलपीएस के 25 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई एडवांसड में हुआ है। एलपीएस ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा को यूनेस्को एक्रेडिटेशन प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत विद्यालय को यूनेस्को का आधिकारिक लोगो उपयोग करने का अधिकार मिला है। इस मान्यता से छात्र यूनेस्को सेंटर फॉर पीस, वर्ल्ड जेनेसिस फाउंडेशन, यूएस फेडरेशन ऑफ यूनेस्को क्लब्स एंड एसोसिएशन्स तथा स्किल भारत एसोसिएशन से जुड़कर संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित वैश्विक परियोजनाओं में भाग ले रहे हैं। इससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

## स्वाद और समृद्धि का प्रतीक आम महोत्सव 3 जुलाई से

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** यहां के प्रसिद्ध आमों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने तथा आम उत्पादको एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए तीन दिवसीय यूपी आम महोत्सव-2026 का आयोजन 3 जुलाई से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। साथ ही 4 जुलाई को जन भवन में अंतर्राष्ट्रीय वायर सेलर मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में आम के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महोत्सव में प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रगतिशील बागवान, निर्यातक, कृषि विशेषज्ञ एवं उद्यमी भाग लेंगे। कार्यक्रम में आम की सैकड़ों विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, रटौल, लखनऊ सफेदा सहित अनेक प्रसिद्ध एवं रंगीन किस्में आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

आम आधारित प्रसंस्कृत उत्पादों, मूल्य संवर्धन तकनीकों तथा निर्यात संभावनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव के अन्तर्गत पांच क्लास में आम की विभिन्न 50 प्रजातियां , आम आधारित संरक्षित 11 उत्पाद प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि यूपी देश का अग्रणी आम उत्पादक राज्य है तथा प्रदेश में उत्पादित आमों की गुणवत्ता विश्व स्तर पर सराही जा रही है। देश में लगभग 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 235 लाख मीट्रिक टन आम उत्पादन होता है। वहीं यूपी 3.27 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 62 लाख मीट्रिक टन आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन कर देश में प्रथम स्थान पर है।

## विधान सभा में छह अधिकारी पदोन्नति

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** विधान सभा सचिवालय ने छह अधिकारियों को पदोन्नति दी है। इसमें प्रधान निजी सचिव देश राज मौर्य के 31 मई 2026 को सेवा निवृत्त होने के फलस्वरूप रिक्त हुए पदों के सापेक्ष की गई है। जानकारी के अनुसार संबंधित अधिकारियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थायी एवं स्थानापन्न रूप से उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है। इन अधिकारियों में जै. किशोर को प्रधान निजी सचिव (निःसंवर्गीय), जय प्रकाश तिवारी को निजी सचिव (श्रेणी-4), राम संहार यादव को निजी सचिव (श्रेणी-3), माता प्रसाद रावत को निजी सचिव (श्रेणी-2), आशीष कुमार तिवारी को विशेष कार्याधिकारी (निःसंवर्गीय) तथा श्याम बहादुर मौर्य को निजी सचिव (श्रेणी-1) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## ऑटो ड्राइवर को बेहोश कर नगदी व अन्य सामान उड़ाया

**गोसाईगंज, लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में गुरुवार रात एक ऑटो चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रदीप सिंह मूल रूप से भिलवल बाराबंकी के रहने वाले हैं और वर्तमान में गोसाईंगंज के शेखनापुर में अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। प्रदीप के अनुसार गुरुवार रात करीब 9 बजे उन्होंने फव्वारा चौराहे से तुलसियानी के लिए तीन पुरुष सवारियां बैठाईं। रास्ते में सवारियों ने उन्हें कुछ सुंघा दिया। जब शुक्रवार सुबह होश आया तो वह तुलसियानी के पीछे पानी की टंकी के पास बेसुध पड़े थे। पीड़ित ने बताया कि 72 हजार 8 सौ रुपये भी थे। बदमाश नकदी के साथ उनका मोबाइल और ऑटो भी ले गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक कुंतल वजनी लोहे का गेट गिरा, तीन साल की बच्ची की मौत



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** पीजीआई इलाके में एक कुंतल का लोहे का गेट गिरने से तीन साल की बच्ची दब गई। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में हुई। गांव निवासी सूरज कुमार के घर का गेट सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक उखड़कर गिर गया। गेट के पास खेल रही उनकी 3 साल की बेटी अन्वी उसके नीचे दब गई। तड़प-तड़पकर मौत हो गई। मोहिद्दीनपुर में सूरज कुमार पत्नी सीमा, 2 बेटियों 4 साल की सृष्टि और 3 साल की अन्वी के साथ रहते हैं। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सीमा बड़ी बेटी सृष्टि को पास में ट्यूशन छोड़ने गई थी। सूरज घर में खाना खा रहे थे। छोटी बेटी अन्वी को वह प्यार-दुलार के साथ खाना खिला रहे थे। इस दौरान अन्वी खेलते-खेलते घर के मेन गेट के पास पहुंच गई। अचानक गेट उखड़कर अन्वी के ऊपर गिर गया। वह उसके नीचे दब गई। उसकी चीख सुनकर सूरज और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। गेट हटाकर उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्वी के चाचा आशीष ने बताया कि करीब 8 साल पहले सूरज ने नया मकान बनवाया था। उस समय एक कुंतल से अधिक वजन का लोहे का गेट लगवाया था। वही गेट कुंडा सहित उखड़कर गिर गया। लगता है कि सालों से खुलने-बंद होने से कुंडा और सीमेंट की पकड़ कमजोर हो गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा किया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया।

## भ्रामक खबरों को लेकर की अपील

**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन ने जैन धर्म प्रवर्धनी सभा को लेकर लगातार फैल रही भ्रामक खबरों को लेकर अपील और खंडन दोनों किया है। उन्होंने जैन समाज एवं संबंधित संस्थाओं से अपील की है की वह ही एक मात्र जैन धर्म प्रवर्धनी सभा लखनऊ निर्वाचित अध्यक्ष हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अरविन्द कुमार जैन ने खुद को जैन धर्म प्रवर्धनी सभा का अध्यक्ष बताकर विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे समाज एवं जनसामान्य में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि अरविन्द कुमार जैन संस्था के सदस्य भी नहीं हैं, इसके बावजूद उनके द्वारा अध्यक्ष पद का दावा किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस विवाद को कोर्ट में विचाराधीन है।

## लेखपाल की मनमानी, सगे भाइयों की जमीन पर बना डाले अलग-अलग नियम!

### आरोप, बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवा दी

◆ **बीकेटी तहसीलदार बोले, दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी और अवैध कब्जा हटाया जाएगा**



**बीकेटी, लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** तहसील क्षेत्र से भ्रष्टाचार और प्रशासनिक मनमानी का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। क्षेत्र के देवरी रुखारा गांव में तैनात क्षेत्रीय लेखपाल रेशमा रानी पर पट्टे की जमीनों की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज में दोहरे मापदंड अपनाने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि, लेखपाल ने एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की जमीन के लिए अपने व्यक्तिगत हितों और मनमुताबिक कायदे-कानून बना डाले। इसके अलावा, गांव में सरकारी चकमार्ग पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को भी मूक सहमति देने का आरोप राजस्व कर्मियों पर लग रहा है। इस मामले के उजागर होने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है और तहसीलदार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

पूरा मामला देवरी रुखारा गांव का है, जहां गाटा संख्या 881 और 882 की भूमि पट्टे के अंतर्गत आती है। यह दोनों जमीनें सगे भाइयों बाबूलाल और सियाराम के नाम पर थीं। नियमों के मुताबिक, पट्टे की जमीन की खरीद-बिक्री या रजिस्ट्री के लिए सक्षम जिला प्रशासन या जिलाधिकारी से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होता है। लेकिन देवरी रुखारा गांव में लेखपाल ने नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया। पहले मामले में, गाटा संख्या 881 के पट्टाधारक बाबूलाल ने बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। हैरान करने वाली बात यह रही कि लेखपाल रेशमा रानी ने इस गैर-कानूनी रजिस्ट्री को न सिर्फ हरी झंडी दी, बल्कि राजस्व अभिलेखों में इसका दाखिल-खारिज भी आसानी से दर्ज करवा दिया।

वहीं दूसरी ओर, जब बाबूलाल के सगे भाई सियाराम ने गाटा संख्या 882 की पट्टे की जमीन को बिना आवश्यक प्रमाणपत्र के बेचा, तो लेखपाल का रुख पूरी तरह बदल गया। सियाराम के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए राजस्व टीम ने कार्यवाही की और उसकी जमीन को निजी हाथों में सौंपने के बजाय सीधे राज्य सरकार में निहित कर दिया। जमीन के इस हेरफेर के बीच, देवरी रुखारा गांव में एक और बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गांव की गाटा संख्या 879 सरकारी राजस्व अभिलेखों में आधिकारिक तौर पर 'रास्ता' के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के ही कुछ रसूखदार और दबंग लोग इस सरकारी चकमार्ग पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस अवैध कब्जे की शिकायत तहसील के उच्चाधिकारियों से की थी। प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए शिकायत निस्तारण के लिए 27 जून की अंतिम समय-सीमा तय की है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया और स्थानीय हल्के के राजस्व कर्मियों की मिलीभगत के कारण ही शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य को रुकवाया नहीं जा सका है। बीकेटी के तहसीलदार शरद सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।

तहसीलदार शरद सिंह ने बताया कि प्रकरण की गहराई से जांच के लिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल की एक संयुक्त टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह टीम तत्काल मौके पर जाकर दोनों पट्टों की रजिस्ट्री की वैधानिकता, दाखिल-खारिज की प्रक्रिया और चकमार्ग संख्या पर हो रहे अवैध निर्माण की भौतिक स्थिति की जांच करेगी। तहसीलदार ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आते ही दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक और विभागीय कार्यवाही की जाएगी और सरकारी रास्ते से अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

## केजीएमयू : मुख रोग के प्रति किया पब्लिक को जागरूक

### स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** मुख रोग आज भी विश्व भर में सबसे सामान्य दीर्घकालिक रोगों में शामिल हैं,जो लगभग 3.5 अरब लोगों को प्रभावित करते हैं। दंत क्षय, मसूड़ों के रोग,मुख कैंसर तथा दांतों का खोना,अधिकांश मुख रोगों की रोकथाम स्वास्थ्य शिक्षा, स्वस्थ जीवनशैली,शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार के माध्यम से की जा सकती है।

ये बातें डॉ. विनय कुमार गुप्ता, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने कही। शुक्रवार को राष्ट्रीय पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री दिवस मनाया गया। डॉ.विनय कुमार ने बताया प्रतिवर्ष 19 जून को मनाया जाता है,जिसका उद्देश्य रोकथाम,स्वास्थ्य संवर्धन,अनुसंधान तथा सामुदायिक पहुंच गतिविधियों के माध्यम से जनसामान्य के मुख स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान देना है।

डॉ. विनय ने बताया, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, द्वारा नेशनल पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डे का आयोजन इंटीग्रेटेड टू एलीवेट ओरल हेल्थ ऐज ए पिलर ऑफ पब्लिक हेल्थ थीम के अंतर्गत किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य मुख स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना, स्वस्थ व्यवहारों को प्रोत्साहित करना तथा समुदाय-आधारित निवारक दंत चिकित्सा के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भावी दंत चिकित्सकों के बीच पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के कार्यक्षेत्र, महत्व एवं समकालीन भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। केजीएमयू रेडियो गूंज पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का प्रसारण किया गया, जिसमें डॉ. गौरव मिश्रा एवं डॉ. सिद्धार्थ जे. डेविड ने निवारक मुख स्वास्थ्य देखभाल, तंबाकू त्याग, सामुदायिक सहभागिता तथा व्यापक जन स्वास्थ्य पहलों में मुख स्वास्थ्य के एकीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## अस्पतालों में टीबी मरीजों को मिला पोषण आहार



**लखनऊ, 19 जून (तरुणमित्र)।** राजधानी के दो प्रमुख अस्पतालों में टीबी मरीजों की मदद करने के साथ-साथ भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए बड़े पैमाने पर राहत शिविर चलाया गया। बीमारों को किटःटीबी मरीजों को बांटी पोषण सामग्री मरीजों की सेवा के संकल्प के तहत ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम की टीम ने शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल पहुंची। यहां पहले से गोद लिए गए टीबी के दस मरीजों का हाल-चाल लिया गया और उन्हें मूंगफली,भुना चना, गुड़,सत्तू,तिल,गजक व अन्य जरूरी सामान के दस पैकेट मुहैया कराए गए। अस्पताल के डायरेक्टर विवेक गुप्ता एवं चेस्ट विभाग के डॉ. ए.के. गुप्ता व उनकी टीम की देखरेख में इन मरीजों का बाकायदा इलाज भी शुरू कराया गया। इसके साथ ही,लोकबंधु अस्पताल में भी फोरम द्वारा टीबी के दस मरीजों को विशेष पोषण सामग्री के दस पैकेट वितरित किए गए। तपती धूप में राहतः नदवा के छात्रों ने बुझाई प्यास आज के दूसरे अभियान में डालीगंज से लेकर कैसरबाग बस अड्डा तक भीषण गर्मी और तपती धूप में सफर कर रहे मुसाफिरों, मजदूरों और राहगीरों के लिए पेयजल वितरण का आयोजन किया गया।